आपकी बात, निर्भीकता के साथ

प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 1, अंक : 130, रांची, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024 (वैशाख कृ. प्रतिपदा, संवत 2080) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

संक्षिप्त

राजद और कांग्रेस ने बिहार को बर्बाद किया : राजनाथ

भागलपुर। भागलपुर के कहलगांव में मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनडीआई गठबंधन पर जमकर हमला बोला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राजद के हुक्म और हुकूमत को आपने लंबे समय तक देखा है। इनकी सारी शक्ति इसी में खर्च हो जाती है। इन्होंने गांव देहात को पिछड़ा बनाकर रखा है। देश और बिहार के जनता को इन लोगों ने मूर्ख बनाकर रखा है। जो सपना बाबा भीमराव अंबेडकर और कपूर्री ठाकुर ने देखा था। अगर उसे सचमुच कोई पूरा कर रहा है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कांग्रेस के लोग हिंदू मुसलमान को धर्म के आधार पर समाज को बांट कर अपनी सरकार बनना चाहते हैं। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करनी चाहिए।

राम नवमी हिंसा पर भड़का कलकत्ता हाईकोर्ट

कोलकाता। मंगलवार को बड़ी खबर आई है। कोलकाता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी के दिन हुई हिंसा को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की।
हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान सख्त निर्देश देते हुए कहा, कोर्ट उन निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव की अनुमति नहीं देगा, जहां रामनवमी के दिन सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। कोर्ट ने चुनाव आयोग से बरहामपुर निर्वाचन क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को देखते हुए वहां चुनाव स्थगित करने को कहा है। साथ ही कोर्ट इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से हलफनामा दाखिल करने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। बता दें कि, मुर्शिदाबाद मामले पर एनआईए जांच की मांग करते हुए कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी।

रांची में छह करोड़ का डोडा जब्त, एक गिरफ्तार

रांची : राजधानी की नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड किया हुआ (नशीला पदार्थ) डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है।
एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा से लदी ट्रक आ रही है।

अर्जुन, कालीचरण व जोबा ने भरा पर्चा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। मंगलवार को खूंटी लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने नामांकन किया। वहीं सिंहभूम लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने भी पर्चा दाखिल किया। पर्चा भरने के बाद कालीचरण मुंडा ने कहा कि भाजपा को जनता ने भाप लिया है। वो अर्जुन मुंडा को बड़े अंतर से मात देंगे। नामांकन दाखिल करते समय अर्जुन मुंडा के साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, पूर्व सांसद व वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा समेत काफी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे।
वहीं कालीचरण मुंडा के साथ तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा और सिमडेगा विधायक भूषण बारा और जोबा मांझी के साथ सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, दीपक बिरुआ सहित कई नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे।
इधर नामांकन से पहले अर्जुन मुंडा ने सोनमेर मंदिर और अमरेश्वर धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के दौरान उनके साथ उनकी पत्नी, मां और बच्चे भी मौजूद रहे। मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि उन्होंने सबके कल्याण के लिए पूजा-अर्चना की। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ने की दिशा में है। बोले कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी काम कर रहे हैं। आगे हम सभी जनता के हित में काम करें और यह जीत जनता की जीत हो, ऐसी प्रार्थना के साथ सबकी प्रगति हो और सबके जीवन में खुशहाली आये, यही भगवान से कामना की। नामांकन के बाद अर्जुन मुंडा ने रोड शो भी किया। वहीं कालीचरण मुंडा ने भी नॉमिनेशन से पहले तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की।

पलामू से कामेश्वर बैठा ने दाखिल किया नामांकन

पलामू लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने नामांकन दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, सामंती नीतियों के साथ उन्होंने हमेशा लड़ाई लड़ी है। यह लड़ाई संविधान बचाने की भी लड़ाई है। इस सीट से बीजेपी के उम्मीदवार बीडी राम हैं। वहीं राजद की उम्मीदवार ममता भुइयां हैं। कामेश्वर बैठा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। यहां बता दें कि, पिछले 10 साल से भाजपा के बीडी राम सांसद हैं। हालांकि, इस बार आरजेडी पलामू की सीट पर जीत का दावा कर रही है। वहीं, भाजपा कह रही है कि काम के आधार पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। 2004 से लेकर 2008 तक इस क्षेत्र में राजद का दबदबा रहा था। वहीं 2009 में जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में ये सीट गई थी। वहीं, 2014 से लगातार बीडी राम चुनाव जीतते आ रहे हैं।

खूंटी में खूब गरजे राजनाथ, अर्जुन मुंडा के लिए मांगा वोट

खूंटी। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद एनडीए गठबंधन की ओर से खूंटी में एक जनसभा का आयोजन हुआ। जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए रसिया यूक्रेन वॉर की कहानी वहां पर मौजूद लोगों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे पीएम मोदी की वजह से वहां पर फंसे 22,500 भारतीयों को बचा लिया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह खूंटी में आयोजित एनडीए गठबंधन की एक जनसभा को संबोधित किया। जहां उन्होंने मौजूद लोगों को बताया कि कैसे पीएम मोदी की वजह से साढ़े 4 घंटे रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध रूक गया। उन्होंने कहा कि दो साल से रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई जारी है। दोनों ओर से जबरदस्त गोलीबारी चल रही है। जब इस लड़ाई की शुरूआत हुई, तो हमें पता चला कि भारत के भी कई छात्र-छात्राएं वहां पर फंसे हुए हैं। यूक्रेन में फंसे छात्र-छात्राओं के माता पिता परेशान थे। इसके बाद मैंने पीएम मोदी से मुलाकात कर वहां पर फंसे बच्चों को वापस लाने के लिए हर संभव कोशिश करने का आग्रह किया।

भाजपा कभी भी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती : चंपाई

खूंटी। आईएनडीआईए गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकताओं ने झंडा-बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली। पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री चमापाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तो 11 लाख लोगों के नाम राशन कार्ड से हटा दिये गये, लेकिन जब यहां महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड दिये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आयी है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुटी है।

देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा : मोदी

एससी-एसटी आरक्षण कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती है कांग्रेस

एजेंसी

टोंक : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के उनियारा में भाजपा उम्मीदवार सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टीकरण की राजनीति की रही है। कांग्रेस एससी-एसटी के आरक्षण को कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती है। मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा।
भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 2004 में सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एसी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को देने की कोशिश की। यह एक पायलट प्रोजेक्ट था, जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की योजना थी लेकिन कांग्रेस के मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। जब कर्नाटक में भाजपा सरकार थी, तो हमने सबसे पहला काम किया, कांग्रेस ने जो एससी-एसटी से आरक्षण छीन कर मुस्लिम कोटा निकाला था, उसे खत्म किया। मोदी संविधान को समझता है, बाबा साहेब अंबेडकर की पूजा करनेवाला व्यक्ति है। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे।
मोदी ने कहा कि यदि 2014 के बाद भी कांग्रेस होती तो सरहद पर सैनिकों के सिर काटे जा रहे होते और बम ब्लास्ट हो रहे होते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में तो हनुमान चालीसा पढ़ना भी गुनाह हो गया है। कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में कुछ दिन पहले दुकानदार को इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वह अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। राजस्थान तो इसका भुगतभोगी रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी, तो यहां रामनवमी पर निकलनेवाली शोभायात्रा पर ही प्रतिबंध लगाया गया था। कांग्रेस के जाने के बाद पहली बार पूरे राजस्थान में रामनवमी पर शांति से शोभायात्रा निकली है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने वोट बैंक पॉलिटिक्स के दलदल में इतनी फंसी हुई है कि उसे बाबा साहेब के संविधान की भी परवाह नहीं है। उन्होंने मेनिफेस्टो में लिखा है आपकी सम्पत्ति का सर्वे करेंगे। हमारी माता-बहनों के मंगलसूत्र का सर्वे करेंगे। उनके नेता ने कहा कि एक्स-रे किया जायेगा। मतलब आपके घर के बाजरे के डिब्बे, दीवार में रखा है, तो वे एक्स-रे कर खोजा जायेगा। ये उनके नेता कह रहे हैं। वे कहते हैं कि जरूरत से ज्यादा हुआ, तो कब्जे में ले लेंगे और लोगों को बांट देंगे। आपके दो घर हैं, तो एक्स-रे करेंगे और कहेंगे एक घर सरकार को दे दें। क्या ये स्त्री धन या मंगलसूत्र पर हाथ लगा सकते हैं, राजस्थान में ऐसा एक भी पंजा नहीं बचना चाहिए।

आरक्षण व संविधान खत्म करने की अफवाह फैला रहा है विपक्षी गठबंधन : प्रधानमंत्री

रायपुर/जांजगीर चांपा : प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा जांजगीर-चांपा के सक्ती के जेठा मैदान में सोमवार को विजय शंखनाद सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन आरक्षण व संविधान खत्म करने कक अफवाह फैलाते हैं। मोदी तो छोड़िए भाजपा तो छोड़िए, खुद बाबा साहेब आकर कहेंगे, तो भी संविधान बदलनेवाला नहीं है। इंडी गठबंधन को दिया गया वोट केन्द्र में सरकार नहीं बना सकता, लेकिन भाजपा को दिया गया वोट विकसित भारत बनायेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 60 साल तक एक ही परिवार ने खुद या रिमोट से सरकार चलायी। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया। आपने मुझे 10 साल देखा है। एक भी छुट्टी लिये बिना काम करता हूं। बाकी नेताओं को अपने बच्चों के लिए कुछ करना होता है, मोदी के लिए आप ही मेरा परिवार हैं। 10 साल में देश बहुत आगे बढ़ा है। 25 करोड़ लोगों को हमने गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई थी।

हेमंत सोरेन के केस में ईडी ने कोर्ट से मांगा समय

अब पूर्व सीएम की जमानत याचिका पर 1 मई को होगी सुनवाई

संवाददाता

रांची। जमीन घोटाला मामले में रांची की होटवार जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में आज मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई एक मई को निर्धारित की है। ईडी ने उन्हेंल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी की रात पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया था।

पूर्व सीएम ने 16 अप्रैल को दायर की थी जमानत

याचिका

बता दें कि, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के बड़गाई अंचल की 8।86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोपी हैं। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद 16 अप्रैल को रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी। यह मामला सुनवाई के लिए ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सूचीबद्ध है।
याचिका में हेमंत सोरेन ने खुद को बताया है निर्दोष
16 अप्रैल को सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। अदालत ने ईडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की थी। हेमंत ने अपनी याचिका में स्वयं को निर्दोष बताते हुए जमानत की सुविधा प्रदान करने की मांग की है।

केजरीवाल व के. कविता को कोर्ट से झटका

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को फिर झटका लगा है। ताजा मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी मामले से संबंधित ईडी केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। बीआरएस नेता के। कविता की भी न्यायिक हिरासत बढ़ी सीएम केजरीवाल के साथ ही राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई केस में बीआरएस नेता के। कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ा दी है।

मुख्तार के बिसरा की जांच रिपोर्ट आई

❑ अब होगा खुलासा कैसे हुई थी माफिया की मौत

एजेंसी

लखनऊ। गैंगस्टर से राजनेता बने माफिया मुख्तार अंसारी को जेल में जहर दिया जा रहा था, या उसकी मौत स्वाभाविक थी, अब इसका खुलासा होगा। मुख्तार अंसारी के पोस्टमार्टम के बाद उसका बिसरा सुरक्षित रखा गया था। इस बिसरा की जांच फोरेंसिक लैब में की गई और जांच रिपोर्ट न्यायिक टीम को दी गई है। पर अभी कोई इस पर बयान देने के लिए तैयार नहीं है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही मुख्तार अंसारी की मौत के कारणों पर पड़ा पर्दा उठ सकेगा।

28 मार्च को हुई थी मौत

बताते चलें कि, बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को तबीयत बिगड़ गई थी। उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। मुख्तार के परिवारीजनों का आरोप था कि उसे जेल में धीमा जहर दिया जा रहा है, उसकी तबीयत बिगड़ रही है।
मौत से दो दिन पहले भी उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां आईसीयू में भर्ती करने के बाद उसे देर शाम डिस्चार्ज करके फिर से जेल भेज दिया गया था।

झारखंड में आज से 4 दिन चलेगी लू, अलर्ट जारी

संवाददाता

रांची। झारखंड में बुधवार से चार दिन लू चलेगी। इसका असर राज्य के कई जिलों में पड़ेगा। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। यह जानकारी एयरपोर्ट स्थित रांची मौसम केंद्र ने 23 अप्रैल को दी।

तापमान में होगी वृद्धि

मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटें के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले चार दिन इसमें धीरे-धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

इन जिलों में चलेगी लू

केंद्र के मुताबिक 24 और 25 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है।
28 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है।
इस इस तरह 27 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं लू चल सकती है।

लू में इसका रखें ख्याल

दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचें।
पर्याप्त पानी पियें। जितनी बार संभव हो पियें। भले ही प्यास नहीं लगी हो।
हल्के, हल्के रंग के डीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी या चप्पल का प्रयोग करें।
जब बाहर का तापमान अधिक हो, तब बाहरी गतिविधियों से बचें।
यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें।
शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं।
उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें। वासी भोजन नहीं करें।
यदि आप बाहर काम करते हैं. तो टोपी या छाते का उपयोग करें। अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक कपड़े का भी उपयोग करें।
पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ें।
यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
ओ.आर.एस., घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है।
जानवरों को छाया में रखें। उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।
अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर या मनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खुली रखें।
पंखें का प्रयोग करें। गीले कपडे.पहनें और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करें।

बंगाल में लगायेंगे घुसपैठ पर लगाम राज्य की 35 लोस सीटें जीतेंगे : शाह

एजेंसी

कोलकाता : केन्द्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यदि 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा के 18 सीटें जीतने से अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, तो इस बार राज्य की 35 लोकसभा सीटें जीतने से निश्चित रूप से अवैध घुसपैठ से मुक्ति की गारंटी मिलेगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत करणदिघी में चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने 2019 में भाजपा उम्मीदवारों के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। इसके बाद, अयोध्या में राममंदिर एक वास्तविकता बन गया। अगर इस बार भाजपा की सीटों की संख्या 35 हो जाती है, तो पश्चिम बंगाल के लोगों को अवैध घुसपैठ के खतरे से मुक्ति मिल जायेगी।



अमित शाह के 20 मिनट के भाषण में घुसपैठ का मुद्दा उन्होंने जोर-शोर से उठाया। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ तीखा हमला करते हुए कहा कि घुसपैठ का विरोध करने के बजाय मुख्यमंत्री वोटबैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही हैं। संदेशखाली में उन्होंने उसी वोटबैंक की राजनीति के कारण महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश की। लेकिन, महिलाओं द्वारा आवाज उठाने के बाद अधिकारियों को कार्रवाई करने और आरोपितों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा।

संक्षिप्त

सैनिक हॉस्पिटल में कार्यशाला आयोजित

रामगढ़ : सैनिक अस्पताल रामगढ़ में कमान अधिकारी कोलोनेल विवेक उपाध्याय एवं प्रिंसिपल लेफ्टिनेंट कर्नल जीना की देखरेख में केंद्रीय विद्यालय एवं आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ के छात्रों के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । इसमें छात्र-छात्राओं को सीपीआर देने में निपुण बनाया जा रहा है जिससे वह किसी की जान बचाने में अपना सहयोग दे सकें । यह कार्यशाला 22 अप्रैल को आरम्भ हुआ है जो 3 मई तक चलेगा । कार्यशाला में शहर के प्रतिष्ठित व्यसवाई एवम समाज सेवी मानिक चंद जैन ,अंकित जैन एवम राहुल जैन की तरफ से बच्चों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। जिसकी सैनिक हॉस्पिटल रामगढ़ द्वारा सराहना की गई ।

भक्तिभाव से मना हनुमान जन्मोत्सव

भुरकुंडा। भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्र में मंगलवार को हनुमंत जयंती भक्तिभाव से मनाई गई। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे और पूजा अर्चना की। अवसर पर कई मंदिरों में भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। वही गुरुद्वारा के समीप सार्वजनिक शिव मंदिर का 25 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। मंगलवार की सुबह भगवान शिव और हनुमान का पूजन कर अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ किया गया। मौके पर जितेन्द्र कुमार सिन्हा, परमेश्वर प्रसाद केशरी, रॉबिन मुखर्जी, बबन राम , राहुल आनंद, सरोज झा, सुरेश प्रसाद केशरी, अभिषेक मिश्रा, आशीष सिन्हा, अजय सिन्हा, रमेश सिंह समेत कई श्रद्धालु शामिल हुए।

दानवीर भामाशाह जयंती समारोह आयोजित

बुढ़मू। पतरातू प्रखंड अंतर्गत टेरपा में दानवीर भामाशाह जयंती समारोह मंगलवार को मनाई गई, इस दौरान हरिदास साव ने उनके जिवनी को बताया। साथ ही उनके मार्ग पर चलने का संकल्प उपस्थित ग्रामीणों ने लिया। और कहा हर वर्ष की भांति अगले वर्ष भी दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। मौके पर समाज सेवी हरिदास साव, जगदीश साव,बालदेव साव,सिता देवी, मानशो देवी, वार्ड सदस्य संध्या देवी, पुर्व मुखिया प्रत्याशी किरण देवी, मीरा देवी, ज्योति देवी, गीता देवी, अर्जुन साव, तिलेश साव, राजेन्द्र साव, प्रेमनाथ साव, मनोज साव, सुमित यादव, मनीष मुंडा, भोला साव,धनिक लाल साव, शान्ती देवी, विकास कुमार, बसंत साहू, सुखदेव कुमार,यादि लोग उपस्थित थे।

कार को बस ने मारी टक्कर, चालक समेत पांच घायल

बेड़ो। रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के हाठु मोड़ के समीप मंगलवार की अपराह्न लगभग ढाई बजे गुमला से आ रही जय बाला यात्री बस ने मारुति वैन को टक्कर मार दी। जिससे कार के समाने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। जिससे कार में सवार चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खलारी निवासी 70 वर्षीय रामावतार केशरी 65 वर्षीय बतिया देवी 45 वर्षीय सरिता देवी 35 वर्षीय मंजू देवी है। वही राय निवासी कार चालक 40 वर्षीय कैलाश साव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा व समाजसेवी तंजीर हुसैन ने पीसीआर के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप घायल रामवतार केशरी व सरिता देवी को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

रामगढ़ में संदिग्ध हालात में मिली वृद्ध की लाश

संवाददाता

रामगढ़। शहर के पारसोतिया मोहल्ले में मंगलवार को संदिग्ध हालात में 77 वर्षीय वृद्ध का शव मिला। उसकी हत्या की गई है या फिर उसने आत्महत्या की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान मेघू महतो के रूप में हुई है। रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि पारसोतिया मोहल्ले में एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। हत्या उसके परिवार के ही सदस्यों ने की है। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि परिजन शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। कुछ लोगों

ने पुलिस को बताया कि वृद्ध व्यक्ति ने खुदकुशी की है जबकि कुछ लोगों का यह कहना था कि पीट-पीट कर उसकी हत्या की गई है। इसके बाद हत्या को आत्महत्या की शक्ल देने की साजिश रची गई।

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि मेघु महतो खेती करता था और सब्जियां बेचकर गुजारा करता था। उसके दो बेटे हैं। पुलिस ने एक से बातचीत की है। दूसरा बेटा घर से गायब था। पुलिस ने उसे भी जल्द हाजिर होने को कहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वस्तुस्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

बैंक ऑफ इंडिया में चोरी का प्रयास करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता

रामगढ़ । पतरातू थाना क्षेत्र में स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा में पिछले 15 अप्रैल की रात चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया था। चोरों ने बैंक के खिड़की को तोड़कर प्रवेश किया था। इसको लेकर पतरातू थाना में प्राथमिकी की दर्ज की गई थी। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक टीम का गठन किया गया । गठित टीम ने बैंक के सीसीटीवी कैमरे को खँगाल अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने छापामारी अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति वीरेंद्र साहू पिता रघुनाथ साहू थाना पतरातू जिला रामगढ़ ने उक्त घटना में अपनी संलिपिता को स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशान देही पर पुलिस ने बैंक में प्रयुक्त किए गए लोहे के सबल को बरामद कर लिया। गिरफ्तार वीरेंद्र साहू को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता,शिव कच्छप, प्रदीप रजक और सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

पाकुड़ ने रामगढ़ को 7 विकेट से किया पराजित

पाकुड़ के सोबर शेख ने शानदार बल्लेबाजी कर 88 रन बनाएं

संवाददाता

रामगढ़। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच मंगलवार को ग्राउंड न 2 सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में रामगढ़ बनाम पाकुड़ के बीच खेला गया। पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया । निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में रामगढ़ ने 35 ओवर में 197 रन बनाया और आउट हो गई। रामगढ़ की ओर से देवेश गोयल ने 53 रन बनाये। अंतरिक्ष कुमार ने 41 रन और हर्षित कुमार ने 40 रन बनाए। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद ने 7 ओवर 27 रन देकर 3 विकेट और चिंटू सिंह 4 ओवर 6 रन देकर 3 विकेट लिया । लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकुड़ ने 34.3 ओवर में 3 विकेट खोकर

198 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया। पाकुड़ की ओर से बल्लेबाज सोबर शेख 88 रन एवम अर्जुन गोशवामी ने 50 रन बनाया। मैच के अंपायर मो उजैर तथा अजमल हुसैन थे। जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव थे।

मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद मुस्तफा आजाद, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी सोबर शेख पाकुड़ को भेंट की ।

शत-प्रतिशत मतदान ही हमारा लक्ष्य : बीडीओ

संवाददाता

बेड़ों। प्रखंड के तुको गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय व ईंटा चिल्द्री गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि बैठक के आयोजन का उद्देश्य यह है कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। समीक्षा के माध्यम से हम इस बात से भली भांति अवगत हो सकते हैं कि हमारी तैयारी में अब तक क्या कमी रह गई है उसे समय रहते पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा आम चुनाव की समस्त प्रक्रिया प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।आम निर्वाचन में सहयोग की भावना देश के प्रत्येक नागरिक का भी है। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत

जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्रखंड में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। बीएलओ सहित सभी कर्मियों और जिम्मेदार लोगों से उन्होंने मतदान शत प्रतिशत सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर उन्होंने इन सेक्टरों में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों की समीक्षा की तथा आवश्यकता के अनुसार कई निर्देश दिए।मौके पर बीपीओ संजय तिर्की,पुरुषोत्तम भाई पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि ग्रामीण, सहित अन्य मौजूद थे।

भामाशाह जयंती पर भामाशाह फाउंडेशन ने बिटिया की शादी में किया सहयोग

संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ के वार्ड नंबर 3 स्थित सौदागर मुहल्ला निवासी विजय रजक की पुत्री की शादी के अवसर पर भामाशाह फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अमित साहू ने बिटिया की शादी में सहयोग करते हुए गोदरेज, ड्रेसिंग टेबल, डाइनिंग टेबल, कुर्सी, साड़ी बर्तन समेत अनेक प्रकार के शादी में लगने वाले सामग्री का सहयोग करते हुए भामाशाह फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष ने बताया कि आज भामाशाह जयंती के पावन अवसर पर बिटिया के शादी में सहयोग कर एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति हो रही है और भामाशाह

फाउंडेशन का यह कारवां निरंतरण सामाजिक कार्यों में लगातार आगे की ओर यूं ही बढ़ता रहेगा। श्री साहू ने कहा कि फाउंडेशन समाज के अंतिम जरूरतमंद लोगों के पास जाकर सामाजिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा। इस अवसर पर विनोद जायसवाल, विजय रजक, रेखा देवी सहित अनेक महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

नदी से शव बरामद हत्या की आशंका

ओरमांझी। ओरमांझी थाना की पुलिस ने मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे थाना क्षेत्र के डहु और ईरबा गांव के बीच सपाही नदी से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है।अधेड़ व्यक्ति की पहचान ओरमांझी थाना क्षेत्र के डहु गांव निवासी 47 वर्षीय अशेशवर महतो पिता सूरजनाथ महतो के रूप में की गई है।शव मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मौके पर पहुंची ओरमांझी थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।चेहरे और सिर पर चोट के निशान थे।आशंका जताई जा रही है कि अशेशवर की हत्या अन्यत्र कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को उक्त स्थान पर लाकर फेंक दिया होगा।

सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में वीर कुंवर सिंह जयंती के अवसर पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

रामगढ़ : कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में वीर कुंवर सिंह जयंती के अवसर पर 23 अप्रैल को समारोह का आयोजन किया गया।

इस दिन को याद करते हुए छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें वीर कुंवर सिंह के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पाजंलि द्वारा किया गया।कार्यक्रम में भैया बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ वीर कुंवर सिंह की जीवनी, 1857 ई. की गौरव कथा, कविता पाठ,

राष्ट्रभक्ति गीत, प्रेरक जीवन प्रसंग प्रस्तुत किया।

प्राचार्य उमेश प्रसाद ने वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा, अतुलनीय पराक्रम एवं शौर्य का प्रतीत एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। साथ ही उन्होंने वीर कुंवर सिंह के जीवन एवं प्रमुख रूप से 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को प्रमुखता से याद किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या गायत्री कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अक्षय कुमार सिंह, शुक्ला चौधरी,सेखर कुमार, इंद्रजीत सिंह, रेखा पाठक,राकेश सहाय आदि की प्रमुख भूमिका रही।

रघुनाथपुर में निकली कलश यात्रा

संवाददाता

चान्हो। चान्हो प्रखंड के रघुनाथपूर गांव में नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई इस मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी सम्मिलित हुए यह कलश यात्रा शीलागाई स्थित कोयल नदी से प्रारम्भ हो कर मंदिर प्रांगण में पहुंच कर संपन्न हुई इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा इस कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और भजन कीर्तन किया ।

प्रशिक्षुओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया गया रवाना

रजरप्पा। सुकरीगढ़ा(लारी) स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के डीएलएड प्रशिक्षुओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतू 23अप्रैल से 01मई तक के लिए दिल्ली, कुल्लू, मनाली, आगरा, मथुरा एवं वृंदावन इत्यादि जगहों के लिए मंगलवार को रवाना किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की मातृ संस्था जन आकांक्षा सोसायटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार एवं प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रशिक्षुओं के मार्गदर्शक के रुप में सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा, व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे, बाबुचंद प्रसाद एवं श्रेया गुप्ता को भ्रमण में शामिल किया गया। मौके पर महाविद्यालय के बी.एड. के प्रभारी प्राचार्य रंजु वंदना होरो, सहायक प्राध्यापक संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम, सुप्रिया बर्मन तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी, नंदलाल कुमार, सावित्री देवी, निर्मल महतो सहित बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षु उपस्थित थे।

विभिन्न गांवों में आजसू पार्टी ने की बैठक आयोजित

संवाददाता

अनगड़ा। मंगलवार को नामकुम प्रखण्ड के हरदाग और डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में आजसू पार्टी का बैठक किया गया। बैठक में 16 चूल्हा प्रमुख बनाया गया। हरदाग पंचायत का बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रभारी श्रीमती दीपा देवी ने कि। वही डूंगरी पंचायत प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य राजू नायक की अध्यक्षता में बैठक संम्पन्न हुवा, मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा पंचायत के हर गाँव में चुल्हा प्रमुख चुनाव से पहले तैयार करना है क्योंकि चुल्हा प्रमुख पार्टी का रीढ़ है आजसू पार्टी राज्य अलग लेने का कूवत रखतीं है। तो झारखण्ड राज्य को चलाने एवं आम अवाम को बेहतर सुशासन देने का भी ताकत रखती है। संचालन रांची जिला के सचिव कुदरत शेख ने किया। केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों से आग्रह है की 28 अप्रैल को वाईबीएन यूनिवर्सिटी राजाउलातु नामकोम रांची में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में आपलोग अवश्य आएं और आजसू पार्टी की निति सिध्दान्त को समझें और पार्टी संगठन को बेहतर मजबूती प्रदान करने में सहयोग करें। धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप जयसवाल ने किया। इस मौके पर जिला सचिव मुकेश नायक, डूंगरी पंचायत ग्राम प्रधान राजू नायक, संजय नायक, मुनचुन सिंह, हरदाग पंचायत प्रभारी मधु सिंह बिंझिया, ग्राम प्रभारी रजाउल हक, संजय नायक, सुमित महतो, शावना मुंडा, मुनियां नाग, सुनीता बाड़ा, डुभन देवी, अनु कुमारी, ईलिसिबा स्वांसी, पाल्हो संगा, कौशलिया देवी, संगीता देवी, मानव देवी, बिलामणी देवी आदि सैकड़ो चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

शहीद जीतराम बेदिया का मना 166वां शहादत दिवस

संवाददाता

अनगड़ा। प्रखंड के बीसा में अमर शहीद जीत राम बेदिया का 166 वां शहादत दिवस मंगलवार को धूमधाम हर्षोल्लास के मनाया साथ गया। बीसा स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज के लोगों ने उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया । सुबह से ही सरदार महावीर बेदिया के द्वारा पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात बेदिया विकास परिषद की केंद्रीय सदस्य बालेश्वर बेदिया, बीसा मुखिया मंजोती देवी गेतलसूद मुखिया शांति मुन्डा, प्रगतिशील किसान श्यामसुंदर बेदिया, पंसस मनेशवर मुन्डा,उप मुखिया संजय भोगता, जय राम बेदिया सहित अन्य ने जीतराम बेदिया को माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।

बेदिया विकास परिषद् केन्द्रीय सदस्य बालेश्वर बेदिया ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता सेनानी महानायक जीतराम बेदिया के आदर्शों पर चलकर ही हम समाज को संगठित कर सकते हैं। बीसा मुखिया मंजोती देवी ने कहा की जीतराम बेदिया देश की स्वतंत्रता के लिए आहुति दी उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता साथ ही? 21 अप्रैल को जयराम स्पोर्ट्स एकेडमी बीसा द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले सफल प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरूस्कृत किया गया। मैराथन दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार हरेलाल महतो रामगढ़ को एक नया रेंजर साईकिल व दुसरा स्थान प्राप्त रसिक चंद्र हेसा को नगद तीन हजार रुपये एवं तीसरे स्थान प्राप्त प्रहलाद उरांव को दो हजार एक सौ रुपये नगद एंव एक एक मेडल एंव ट्रोफी दिया गया साथ ही महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त को दो हजार नगद दुसरा स्थान प्राप्त को एक हजार पांच सौ रुपए एंव तीसरे स्थान प्राप्त को एक एक हजार रुपये नगद राशि देकर सन्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने मे शयाम सुंदर बेदिया, जयराम बेदिया, युकेश्वर बेदिया, छोटू बेदिया, रोहित बेदिया, मनोज बेदिया, महेश बेदिया, बिभीषन बेदिया, सोहन बेदिया शनिचरवा बेदिया, रामचरण बेदिया, सौहरैया बेदिया, सोनाराम बेदिया पीकेश्वर बेदिया बुधराम बेदिया रामदेव बेदिया, आदि की सराहनीय योगदान रहा।

संक्षिप्त

सुश्री हर्षिता चामरिया व अमन अग्रवाल सम्मानित

रांची । समर्पण शाखा द्वारा (सिविल सेवा 2023 की परीक्षा में) सुश्री हर्षिता चामरिया (रांची) एवं अमन अग्रवाल (चाईबासा) की सफलता पर उन्हें सम्मानित किया गया। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा आज संपूर्ण मारवाड़ी समाज को इन्होंने गौरवान्वित किया है। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से अनंत शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गई। और शाखा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में सुश्री हर्षिता चामरिया एवं अमन अग्रवाल को मोमेंटो एवं अंग्वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ऐसे होनहार बच्चों का इतने अच्छे से पालन पोषण करने के लिए उनके माता पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल मौजूद थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन

रांची । सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नयी दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है।

श्याम मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम

रांची । हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर सुबह मंदिर में सतनारायण कथा का पाठ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। हनुमान जयंती के अवसर पर आज बालाजी महाराज के मंड को सुंदर रूप से सजाया गया। विभिन्न प्रकार की फूलों से तीनों मंड को बड़े ही भव्य रूप से सजाया गया । लाल गेंदा पीला गेंदा लाल गुलाब पीला गुलाब गुलबहार मोती बेली तुलसी दल की मोटी मोटी मालाओं से सभी दरबार तैल चित्रों को बड़े ही सुंदर रूप से सजाया गया। आज हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रकार के प्रसाद एवं फल भी बालाजी महाराज को भोग के रूप में लगाया गया।

सालासर मंदिर में भव्य श्रृंगार

रांची । शहर की सुप्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री सालासर हनुमान मण्डल, रांची का श्रीहनुमान जन्मोत्सव महोत्सव पर आज दिनांक 23 अप्रैल 2024, दिन मंगलवार को हनुमान जयंती के पावन अवसर मे श्री सालासर हनुमान मंदिर, मारवाड़ी ब्राह्मण भवन प्रांगण, बंसीधर अड़ूकिया रोड, रांची में धूमधाम से आयोजित किया। ज्ञातव्य हो की मारवाड़ी ब्राह्मण भवन प्रांगण मे श्री सालासर बालाजी का जागृत विग्रह प्रतिमा सन 1995 मे प्राण प्रतिस्थापित है। विगत 28 वर्षो से प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड पाठ एवम शनिवार को खिचड़ी वितरण व शेष दिन भजन कीर्तन होता है। ब्राह्मण समाज द्वारा संचालित इस मंदिर मे श्रधालुओ का तांता लगा रहता है। साक्छात जागृत दरबार है श्रीसालासर बालाजी मन्दिर। मान्यता है की जो भक्त राजस्थान नहीं जा सकते एक बार हाजरी लगाले रांची के दरबार में एव उनकी मनोकामना पूर्ण होती है, हनुमान जी की गद्दी हैं।

कांके में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन आज

शिल्पकार और मजदूरों का होगा सम्मान

संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित 6 दशक प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद आयोजित प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन बुधवार को होगा। मंगलवार को अपराह्न में देव विग्रहों का नगर परिभ्रमण हुआ। सुसज्जित वाहन पर सवार नर्मदेश्वर शिवलिंग, माता पार्वती, विघ्नहर्ता भगवान गणेश, कार्तिकेय एवं दुर्गा माता के विग्रहों को कांके ब्लॉक चौक एवं अरसंडे स्थित विभिन्न मंदिरों का दर्शन कराते हुए बोड़ेया स्थित रांची जिले के सबसे प्राचीन मदन मोहन मंदिर ले जाया गया। वापसी पर यज्ञ मंडप में हवन और आरती हुई।

रात में शिव विवाह के बाद सभी देवों को शय्याधिवास कराया गया। इसके पूर्व जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं अन्नाधिवास का अनुष्ठान संपन्न हुआ। वेदी पूजन और 108 कलश से देव विग्रहों का स्नपन हुआ। मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ हुआ। यह बुधवार को सुबह 9:00 बजे तक चलेगा। प्रतिदिन शाम में विभिन्न कीर्तन एवं संगीत मंडलियों द्वारा भजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक पंकज वत्सल ने बताया कि बुधवार को देवस्थापन, हवन एवं कन्या पूजन के पश्चात भंडारा और श्रुति देशमुख एवं टीम द्वारा भजन का आयोजन होगा। इस अवसर पर मंदिर के विभिन्न चरणों के निर्माण में योगदान देने वाले शिल्पकारों एवं मजदूरों का सम्मान भी किया जाएगा।

अनुष्ठान में यजमान के रूप में पांच जोड़ी भाग ले रही है। इनमें डॉ दयानंद तुरी एवं डॉ नरगिस कुमारी, डॉ सरोज कुमार ठाकुर एवं डॉ नंदनी कुमारी, प्रभात कुमार एवं रेणु देवी, रामप्रीत सिंह एवं शांति सिंह और विजय रामानंदी एवं गीता कुमारी शामिल हैं।

समस्त वैदिक अनुष्ठान पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में सात सदस्य ऋत्विक मंडली द्वारा संपन्न किए जा रहे हैं। ऋत्विकों में आचार्य (डॉ) विमलेश द्विवेदी एवं आचार्य अतुल तिवारी (प्रयागराज), आचार्य अभिषेक पांडेय (वाराणसी), पंडित सुशील पांडेय (आरा), आशीष त्रिपाठी शास्त्री (मोतिहारी) और पंडित मृत्युंजय तिवारी (औरंगाबाद) शामिल हैं। मंदिर में 61 फीट ऊंचे गुंबद के अलावा लगभग 2000 वर्गफीट के सभागार और 1000 वर्गफीट के गर्भ गृह एवं परिक्रमा का निर्माण किया गया है। गुंबद में भी तीन स्तरों पर देवी देवताओं एवं महापुरुषों की 18 मूर्तियां लगाई गई हैं। विशाल मंदिर लोगों के आकर्षण एवं श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।

डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता

संवाददाता

रांची : मंगलवार को श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड कि ओर से आज डी ए वी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल वेस्ट एंड पार्क हेहल रांची में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस गीता पाठ प्रतियोगिता के मुख्य अथिति के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल कि प्राचार्या रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ. अनिल कुमार,श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी शुभम चौधरी जी उपस्थित थे। इस गीता पाठ प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कि संस्कृत शिक्षिका संगीता समादार, शैफाली मल्होत्रा, सुषमा ठाकुर जी का भरपूर सहयोग रहा। इस गीता पाठ प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता का उचित ज्ञान को बढ़ाना था। श्रीमद भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है।गीता वास्तव चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है। इस अवसर पर बच्चों ने गीता के कई स्लोको और अध्यायों को पढ़ कर उसका उचित विश्लेषण भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियो को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। यह जानकारी अमन ने दी।

झारखंड में पहला 4जी बीटीएस चालू, मिली 40 एमबीपीएस स्पीड

संवाददाता

रांची। मोबाइल सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी बीएसएनएल संपूर्ण स्वदेशी तकनीक से निर्मित 4जी के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने के लिए तैयार है। इसी कड़ी में झारखंड परिमंडल में भी पहला 4जी बीटीएस झारखंड की राजधानी रांची के सुदूर गांव कुचू में लगा। मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने 22 अप्रैल, 2024 को टीसीएस एवं तेजस के सर्कल हेड की उपस्थिति में इसे चालू किया। इसमें 40 एमबीपीएस स्पीड पाई गई।

यह 4जी बीटीएस स्वदेसी कंपनी टीसीएस द्वारा निर्मित किया गया है। इस मौके पर अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी पीजीएम सीएफए आशीष कुमार दास, पीजीएम सीएम रामाश्रय प्रसाद, जीएम बीए उमेश प्रसाद साह, जीएम इबी विजय कुमार मौर्य उपस्थित थे। जमशेदपुर के मुसाबनी प्रखंड के कूलमारा ग्राम में 23 अप्रैल को 4जी सेचुरेशन प्रोजेक्ट के तहत एक और बीटीएस चालू किया गया है। इस स्वदेशी 4जी बीटीएस का उद्घाटन महाप्रबंधक (जमशेदपुर) विजय कुमार द्वारा किया गया। बीएसएनएल अभी तक 633 टावरों का निर्माण 4जी सेचुरेशन प्रोजेक्ट के तहत किया है। यह प्रदेश के हर कोने में सुदूवर्ती इलाकों में फैला है। जहां आज भी किसी ऑपरेटर का सिग्नल नहीं है। इन सभी टावरों को क्रमशः शुरू किया जाएगा। इसके अलावे बीएसएनएल अपने 2जी/3जी सर्विस को सभी टावरों पर अपग्रेड कर 4जी करेगा। मई महीने तक 400 बीटीएस में 4जी सेवा के साथ चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। बीएसएनएल झारखंड परिमंडल राज्य की जनता को बेहतर सेवा देने के लिए हमेशा तत्पर रहा है। 4जी बीटीएस के सफलतापूर्वक चालू करने में विदयाभूषण उपमहाप्रबंधक, रामेश्वर प्रसाद महतो उपमहाप्रबंधक, राकेश कुमार सहायक महाप्रबंधक, रमेश कुमार सहायक महाप्रबंधक, उत्तम कुमार उपमंडल अभियंता, निखिल कुमार सिंह उपमंडल अभियंता, रांची एवं जमशेदपुर की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच की गोष्ठी सम्पन्न

संवाददाता

रांची : झारखंड इकाई की अप्रैल माह की गोष्ठी में गजलों गीतों एवं विविध विधाओं में बही काव्य की रसधार। आ. नरेश नाज सर के सानिद्ध्य में एवं संगीता सहाय के अध्यक्षता में दिनांक 22/4//24 को मंच की सचिव अर्पणा सिंह के आवास पर सफलतापूर्ण संपन्न हुई `सभी ने अत्यंत खुशनुमा माहौल में काव्य पाठ किया एवं एक दूसरे की कविताओं का आनंद लिया। माँ शारदे पर माल्यार्पण एवं दीप जला कर गोष्ठी की शुरूआत हुई संगीता सहाय के द्वारा सभी प्रतिभागियों के अभिनन्दन करने के पश्चात काव्यपाठ शुरू हुआ। सुनीता अग्रवाल ने मंत्रोच्चार किया और निर्मला कर्ण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया, फिर सभी ने काव्य पाठ किया। प्रतिभागियों ने कविता, दोहे, गजल से वातावरण गुंजित हुआ। शमा सिन्हा, सुनीता श्रीवास्तव, निर्मला कर्ण, अर्पणा सिंह, रश्मि सिन्हा, कविता रानी सिंह, पूनम वर्मा, सुनीता अग्रवाल, बिंदु प्रसाद रिद्धिमा एवं संगीता सहाय ने काव्य पाठ किया।गोष्ठी में संचालन सुनीता श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अर्पणा सिंह ने किया। अर्पणा जी

अन्नपूर्णा भोजन सेवा ने पूरे किये 14 साल

संवाददाता

रांची । आर्य चैरिटेबल ट्रस्ट, रांची द्वारा संचालित 'अन्नपूर्णा भोजन सेवा', रिम्स परिसर, रांची ने अपनी सेवा के 14 साल पूरे कर लिए हैं। बताते चलें कि 24अप्रैल, 2011को 'आर्य चैरिटेबल ट्रस्ट, रांची' की पहल पर समाज सेविका सुशीला गुप्ता एवं उनके पति एस०एल० गुप्ता ने मरीजों एवं उनके अभिभावकों की परेशानियों को देखकर 'अन्नपूर्णा भोजन सेवा' की शुरूआत रिम्स परिसर में की थी। जहां आज भी शुद्ध एवं गर्म पौष्टिक भोजन मात्र दस रुपए में छह रोटी-सब्जी अचार,मूँगदाल की खिचड़ी व 10 रुपए में ठण्डी पानी की बोतल लागत मूल्य पर एवं मरीजों के लिए गर्म पानी निःशुल्क उपलब्ध होता है।

समाज सेविका सुशीला गुप्ता ने बताया कि जब हम रिम्स परिसर में मरीजों एवं उनके साथ आए अभिभावकों को भोजन के लिए इधर-उधर भटकते,ठगते देखते थे,तो अच्छा नहीं लगता था।सोचते थे कि हम इनकी कैसे मदद करें।क्योंकि इलाज के लिए आए मरीज झारखण्ड राज्य के सुदूर जिलों के होते हैं।तब ख़्याल आया कि क्यों न हम एक ऐसा कार्य प्रारंभ करें जहां लोगों की मदद हो जाए और हमारे द्वारा सेवा का कार्य। तभी हमने रिम्स के तत्कालीन निदेशक से मिल अनुमति ली और कार्य की रूपरेखा बनायी।

राज्य में सौर उर्जा को बढावा देने के लिए नीति में बदलाव हो : महेश पोद्दार

संवाददाता

रांची। झारखंड में सौर उर्जा के प्रोत्साहन के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार ने राज्य की नीति में संशोधन के लिए मुख्य सचिव, उर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और उद्योग सचिव प्रवीण टोप्पो को पत्राचार किया है। इसमें सुझाव दिया है कि गुजरात और छत्तीसगढ़ की नीति उपभोक्ता, विशेषकर एमएसएमई वर्ग के लिए मददगार हो सकती है, जो बिजली की कमी और महंगी बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। पोद्दार ने कहा कि निःसंदेह झारखंड की सौर नीति नेक इरादे वाली और निवेशक अनुकूल है, किंतु राज्यर के अंदर और बाहर उनके संरचनात्मक परिवर्तन के लिए एक कार्ययोजना की आवश्यकता है। अपने निजी अनुभवों को देखते हुए उन्होंने अवगत कराया कि सौर उर्जा को सरकार द्वारा उत्पन्न करने की आवश्यकता नहीं है। औद्योगिक उपयोगकर्ता के रूप में स्वयं कंपनियां भी ऐसा कर सकती हैं, लेकिन इसके लिए राज्य में गुजरात या छत्तीसगढ़ जैसी सहायक नीतियों की जरूरत है।

लोकसभा वार कमेटी शीघ्र होगी घोषित : राणा

संवाददाता

रांची : मंगलवार को प्रदेश राजद कार्यालय धुर्वा में राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने प्रेस कांफ्रेंस को 2024 लोकसभा आम चुनाव में राजद पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों को समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। और साथ ही कहा की जिला स्तर पर लोकसभा वार कमिटी शीघ्र घोषित कर दी जाएगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गौतम सागर राणा ने कहा कि आज देश का संविधान और लोकतंत्र दो विकट परिस्थिति में है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य मुद्दा से अलग होकर लोगो के बीच आपसी भाईचारे बिगाड़ने की बात कह रहे हैं। विदित है कि बीते दिनों पीएम मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजस्थान, छिंदवाड़ा सहित अन्य जगहों में अत्यंत हीं निंदनीय और घिनौनी तथा नफरती ब्यान दिया है, उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का घोषणा पत्र ने कहा गया है कि इंडिया की सरकार बनेगी तब सभी का सर्वे कराकर उनकी भागेदारी तय की जाएगी मतलब मोदी जी का कहना है कि हिंदू महिलाओं के गर्दन से मंगल सूत्र उतारकर मुस्लिम समुदाय के लोगो को लाभ पहुंचाया जायेगा। इस निंदनीय एवं अशोभनीय ब्यान के उपरांत चुनाव आयोग को अविलंब पीएम मोदी के ऊपर आचार संहिता का केस दर्ज करना चाहिए क्योंकि यह ब्यान हिंदू मुस्लिम की एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है, एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाने की खुली चुनौती दे रहे हैं, बेहद ही शर्मनाक बात है।

यशस्विनी सहाय को झामुमो छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय की टीम ने दी बधाई

रांची : झामुमो छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय की टीम इंडिया गठबंधन की रांची प्रत्यासी यशस्विनी सहाय से मिलकर उन्हें प्रत्यासी बनाए जाने पर आदिवासी गमछा ओढ़ाकर तथा बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर मोर्चा के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने रांची से युवा चेहरा को मौका दिया जिससे राजनीति में भविष्य देख रहे युवाओं में काफी उत्साह है, छात्र युवाओं का पुरजोर प्रयास होगा कि भारी से भारी मतों से यशस्विनी जी को जीताकर लोकसभा भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यशस्विनी सहाय पढ़ी लिखी एवम् महिला होने के साथ-साथ राजनीतिक अनुभव भी रखती हैं वे एक परिवार से आती हैं जिन्हे घर से ही समाजसेवा की शिक्षा मिली है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सह तीन बार रांची के सांसद रहे सुबोध कांत सहाय जी की पुत्री होने के कारण राजनैतिक एवम सामाजिक कार्यकुशलता में उनमें दिखाई देती हैं।

झारखंड की आधी आबादी मतदान में आगे, चुनाव लड़ने में पीछे

संवाददाता

रांची । राज्य में मतदान में महिला आगे हैं लेकिन चुनाव लड़ने में पीछे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान महिला मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं लेकिन जब चुनाव मैदान में उतरने की बात होती है तो वो पिछड़ जाती हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 25 महिला प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था, जिसमें से 23 की जमानत जब्त हो गयी थी। मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली आधी आबादी जब चुनाव मैदान में खुद उतरती है तो जीत से काफी दूर हो जाती है। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य गठन के बाद सर्वाधिक महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में किस्मत आजमाने आई थी। झारखंड की सभी 14 सीटों पर 25 महिला खड़ी हुई, जिसमें दो ही जीतने में सफल हुई। शेष 23 की जमानत जब्त हो गई। इस चुनाव में जिन दो महिलाओं ने जीत का स्वाद चखा उनमें अन्नपूर्णा देवी और गीता कोड़ा शामिल हैं। इसी तरह पूर्व के चुनाव में भी महिला प्रत्याशियों की स्थिति इसी तरह बनी रही। 2004 में सिर्फ 01 सफल रही उसके बाद के 2009 और 2014 के चुनाव में कोई सफल नहीं हो पाई। लोकसभा, विधानसभा या अन्य चुनावों में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो राज्य में वर्तमान में 1,25,20,910 महिला मतदाता हैं जो इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। इसके अलावा अन्य लोकसभा चुनाव की अपेक्षा महिला प्रत्याशियों की संख्या भी सर्वाधिक होने की संभावना है।

छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

संवाददाता

रांची : स्वीप के तहत जिले में मंगलवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज रांची, के चुनावी साक्षरता क्लब के छात्र/छात्राओं द्वारा रांची के मोरहाबादी मैदान में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए प्रभात फेरी निकाली गई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, सुमित कुमार अग्रवाल, कार्यपालक दंडाधिकारी, जफर हसनाथ, सेंट जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रभात फेरी निकालने के दौरान छात्र/छात्राओं ने नारा लगाते हुए कहा की कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट.. मेरा वोट, 25 मई देना है, देना है वोट। साथ ही मतदाताओं से छात्राओं ने कहा देश गढ़ने में अपनी सहभागिता निभाते हुए वोट जरूर करें।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी से मतदान करने की अपील करते हुए कहा की मतदान आपको लोकतंत्र को मजबूत करने की शक्ति प्रदान करती है, इसलिए मतदान जरूर करें। आपने वोट की ताकत का प्रयोग करें। अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा विशेष रूप से कहा गया की यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नई सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है, जिससे मतदाता जागरूक एवं जिम्मेवार बने और मतदान के दिन अपने घरों से निकल कर मतदान बूथों में जा कर मतदान करें। देश को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाए।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा लगातार शहरी मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण किया जा रहा है। वह तमाम प्रयास किए जा रहें है, जिससे मतदान का प्रतिशत बढे। उनके द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कैंडल मार्च, प्रभात फेरी, लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण, बीएलओ के साथ बैठक, मिडिया के जरिये मतदान की अपील, पदाधिकारी को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव से जुड़े तमाम पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

रांची : पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को पूरे विश्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आचार्यकुलम रांची में विश्व पृथ्वी दिवस अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें कक्षा प्रत्युष से लेकर प्रथम तक के विद्यार्थियों ने अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें निर्णायक समिति में शिक्षिका अतिप्रिया सिंह एवं शिक्षिका निकिता नीलम भी उपस्थित थीं। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों ने सुमधुर व ज्ञानवर्धक कविता पाठ किया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक परिधान पहने गए जो पृथ्वी दिवस से संबंधित थे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं ने समस्त प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन तालियां बजाकर किया। कार्यक्रम में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्या ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के द्वारा किया गया।

संक्षिप्त

अवैध रुप से बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त

लोहरदगा। अवैध बालू उठाव एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को सेन्हा बरवाटोली से जब्त किया गया। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर के निर्देश पर एसआई मनोज कुमार ने तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर सेन्हा थाने लाया।इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। खनन अधिनियम और परिवहन अधिनियम के तहत मालिक व चालक के विरुद्ध कार्रवाई होगी। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि लगातार कार्रवाई के बावजूद बालू का उठाव थम नहीं रहा है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

बीएड के संशोधित सिलेबस पर कार्यशाला आयोजित

कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 23.04.2024 दिन मंगलवार को विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम 2023 पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सत्रः 2022-24 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। इस दौरान सहायक प्राध्यापक राजेश पाण्डेय ने बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा किये। उन्होंने प्रशिक्षुओं को परीक्षा सम्बंधित नियम-परिनियम को विस्तारपूर्वक बताया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, मो. सेराज, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

विद्यालय परिसर में किया गया पौधरोपण

झुमरीतिलैया। सेक्रेड हार्ट स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया इस मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों को पृथ्वी को बचाने में पेड़ पौधा के महत्व को बताया और कहा के धरती तब तक सुरक्षित रहेगी जब तक पृथ्वी पर पेड़ पौधे और हरियाली रहेंगे उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों से प्लांटेशन करने की अपील की। इस अवसर पर बच्चों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विशाल कुमार, तृषा राही, विराट कुमार, प्रिंसी कुमारी, अवनि सिंह, अद्रिजा बिस्वास, अस्प्रित राज, अर्णव आनंद, आरोही दारुका और नैंसी राज को अपने वर्ग में क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। इस मौके पर शिक्षिकाओं में कामिनी सहाय, स्वाति सिंह, प्रियंका कुमारी गुप्ता, स्वीटी सिन्हा, लवली कुमारी, रूबी कुमारी वर्मा, रेखा राणा, पूजा सलूजा, लता सिन्हा, सपना शर्मा, रंजीता कुमारी, जयप्रकाश सिंह पायल सिंह समिति अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

मॉडल बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

कोडरमा। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल कोडरमा में आयोजित मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इस मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में जिले के 21 हाई स्कूल के 86 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। ग्रिजली विद्यालय के छात्र अमन वर्मा, रीत भदानी, अनुष्का भदानी, आयुष कुमार अपने शिक्षक दीपक पांडेय के साथ इस प्रतियोगिता में शामिल हुए और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई ।

कोडरमा : सो रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता

कोडरमा। जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेशकरी में सोमवार रात सो रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। घटना को लेकर मृतक की मां रबिया खातून ने जयनगर थाने में आवेदन दिया है।

आवेदन में कहा है कि 22 अप्रैल की रात उसका बेटा अंजार खान उर्फ कारा (40) घर के बाहर खटिया पर सोया हुआ था। मध्य रात्रि में कुछ अज्ञात लोगों ने उसके बेटे की धारदार हथियार से माथा, गला और पैर में वार कर हत्या कर दी। मंगलवार सुबह पांच बजे उसने देखा कि उसका बेटा खटिया के नीचे खून से लथपथ हालत में मृत पड़ा है। उसके रोने

की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। फिर घटनास्थल पर पुलिस भी आ गई। घटना को लेकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व मुखिया शहजाद आलम, इरफान खान, एकराम खान सहित अन्य लोग भी पहुंचे और अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में दो गिरफ्तार

गिरिडीह । तिसरी थाना पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर दूसरे समुदाय की नाबालिग को भगा ले जाने के मुख्य आरोपित आफताब अंसारी सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। जबकि नाबालिग को धारा 144 के बयान के लिए गिरिडीह कोर्ट भेजा है। तिसरी थाना पुलिस ने तकनीकी सहारा लेकर अपहरण की गई नाबालिग को गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल के कोलकाता से बरामद किया। कोलकाता पुलिस के सहयोग से नाबालिग के अपहरण के आरोपी आफताब अंसारी को भी कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान आफताब अंसारी का सहयोग करने के आरोप में तिसरी पुलिस ने उसके साथी निशार अंसारी को भी उसके घर से दबोचा है। बताया जाता है कि आफताब का सहयोग उसके दो साथी ने किया था, जिसमें एक तिसरी के पपीलो गांव निवासी निशार अंसारी के साथ गांवा के एक और आरोपी एजाज अंसारी शामिल है, जिसने दूसरे समुदाय की नाबालिग को भगा ले जाने में मदद की थी।

लोहरदगा में हाथियों ने किसान को कुचल कर मार डाला

संवाददाता

लोहरदगा। जिले के कुडू के चंदलासो गांव निवासी किसान महाबीर उरांव को हाथियों के झुंड ने कुचल कर मार डाला। महाबीर उरांव सोमवार रात नौ बजे घर से दो किलोमीटर दूर चंदलासो डैम के समीप फसल की सिंचाई करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान हाथियों ने उसकी जान ले ली।

घटना के बाद रात में कुडू वन विभाग की टीम चंदलासो पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों के झुंड को कुडू थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर चान्हो थाना की सीमा में खदेड़ दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार कुडू मंगलवार सुबह पहुंचे तथा मृतक की पत्नी को मुआवजा राशि में 25 हजार रुपये का भुगतान तत्काल सहायता के रूप में किया।पुलिस को घटना की सूचना मंगलवार सुबह दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक आयोजित

संवाददाता

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर विधि-व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में हुई।बैठक में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण, लाइसेंसी हथियारों की जब्ती की स्थिति, जिला में निर्वाचन को लेकर विधि व्यवस्था की स्थिति का प्रतिवेदन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम व स्टैटिक सर्विलांस टीम के द्वारा की जा रही नियमित जांच व कार्रवाई की स्थिति, उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी व कार्रवाई की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस

बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, प्रशिक्षु आईपीएस, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

कोलियरी मजदूर यूनियन ने किया पौधरोपण

चरही। कोलियरी मजदूर यूनियन ने विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण किया गया। संकल्प लिया गया है कि हम सब पृथ्वी को हरा भरा रखें इस अवसर पर हजारीबाग क्षेत्र के फजाइयल अहमद उप प्रबंधक पर्यावरण सुनील कुमार एवं प्रशिक्षु ललिता देवी नीलम सिंह एवं झारखंड के यूनियन प्रतिनिधि एवं मीडिया प्रभारी राजकुमार वर्मा मौजूद थे। राजकुमार वर्मा ने कहा की पर्यावरण एवं पेड़ पौधा लगाने से ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिलता है। अभी वर्तमान गर्मी के समय में लोग पेड़ पौधा के आराम ठंडा हवा मिलता है। हम लोग संकल्प लेते हैं की सीसीएल के द्वारा कम से कम एक का पेड़ लगाना चाहिए। राजकुमार वर्मा सभी व्यक्ति से अपील भी किए हैं कि पौधा लगाइए लेकिन काटिए नहीं । यह संदेश पूरे झारखंड में जाना चाहिए और लोगों को समझाइए की पेड़ पौधा से क्या-लाभ मिलता है।

ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन का शताब्दी वर्ष समारोह शुरू

कार्यक्रम में भाग लेने धनबाद से प्रतिनिधिमंडल रवाना

संवाददाता

धनबाद। ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन का शताब्दी वर्ष समारोह का नई दिल्ली में मनाया जा रहा है। इसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। यह आयोजन 23 से 26 अप्रैल होगा। एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल, 1924 को हुई थी। भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है और 24 अप्रैल, 2024 को सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है।

एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई। फेडरेशन की वर्किंग कमिटी की बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में 24 अप्रैल को होगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से सभी जोनल यूनियन द्वारा अजमेरी गेट से रैली निकाली जाएगी।

ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष डीके पाण्डेय और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधि रैली में अपनी सहभागिता निभाएंगे। उक्त रैली करनैल सिंह स्टेडियम में पहुंचेगी। वहां विशाल जनसभा को देश विदेश के रेल यातायात और श्रमिक संगठनों के शीर्ष नेतृत्व एवं उच्च अधिकारी संबोधित करेंगे। समारोह की मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन श्रीमती जया वर्मा सिन्हा होंगी। अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। प्रतिनिधि सभा की बैठक 25 अप्रैल को तालकटोरा स्टेडियम में होगी। सेवानिवृत्त रेलकर्मियों की प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर, नई दिल्ली में 26 अप्रैल को होगी।

धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हुए। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि शताब्दी वर्ष आयोजन में रेलकर्मियों द्वारा नयी पेंशन योजना को समाप्त कर सभी के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस अवसर पर एआईआरएफ ने कई केन्द्रीय श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया है।

ईसीआरकेयू के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि धनबाद मंडल से जाने वालों में केन्द्रीय अध्यक्ष डीके पाण्डेय, अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता और नेताजी सुभाष सहित आरके सिंह, अजय सिंह, आईएम सिंह, बीके साव, पीके सिन्हा, रुपेश कुमार, बीबी सिंह, चंदन कुमार शुक्ला, विकास कुमार, आरएन चौधरी, श्वेता कुमारी, दीपा कुमारी एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

चैनपुर में हाथियों से डरे लोग, वन विभाग झाड़ रहा है पल्ला

सुंदरम कुमार

गुमला। झारखंड के गुमला जिले के चैनपुर में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रह है। हाथियों के डर से लोग भय के साए में जीने को विवश हैं। जंगली हाथियों ने एक किसान विजय बड़ा (48) के परिवार के घर को कुछ दिनों पहले तोड़ दिया। इस मामले में वन विभाग की ओर से अभी तक पीड़ित परिवार को कोई सहायता नहीं मिली है। इसके चलते गरीब किसान परिवार के समक्ष मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है।

अगला मामला चैनपुर प्रखंड के सदान बुकमा गांव से जुड़ा है। यहां

भी जंगली हाथियों ने किसान के घर को रात में क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे धान को भी चट कर गए। सामान को भी बर्बाद कर दिया। पीड़ित परिवार ने बताया कि हाथियों ने दो बार उनके घर को तोड़ दिया, किंतु अब तक उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला है। बार बार टूटे घर को बनाने से उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है। अब घर की मरम्मत कराने में असमर्थ हो गए हैं। सूचना देने के बाद भी वन विभाग के कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे ग्रामीणों में काफी रोष है।

बता दें कि चैनपुर प्रखंड का सदान बुकमा गांव चारों ओर से घने जंगलों से घिरा है। ऐसे में यहां जंगली जानवरों का खतरा लगातार बना रहता है। इतनी परेशानी के बावजूद शासन प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को किसी भी तरह की कोई मदद नहीं दी जाती है। वन विभाग को फोन करने के बाद छुट्टी में रहने की बात बोला जाता है। घंटों बीतने के बाद भी वन विभाग की टीम निरीक्षण करने नहीं आती है।

महुदा में इंडिया गठबंधन की बैठक 28 को

संवाददाता

तोपचांची (धनबाद)। आज महुदा स्थित एक होटल मे तैयारी बैठक आयोजित की गई, जिसे रविमहतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा में 28 अप्रैल को होने वाले बाघमारा विधानसभा क्षेत्र इंडिया गठबंधन के नेताओ व कार्यकताओं की संयुक्त बैठक की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।जिसमें मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन से गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी सह टुंडी विधायक

मथुरा प्रसाद महतो के पुत्र दिनेश कुमार महतो शामिल हुए।इस मौके पर दिनेश महतो ने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरे गंभीरता के साथ एवं पूरी तैयारी के साथ लोकसभा चुनाव लडा जारहा है। आप सभी महानुभाव एवं मतदाताओ से इंडिया गठबंधन का समर्थन करने की अपील करता हे । इनडिया गठबंधन को सभी वर्गों का सहयोग मिल रहा है, इसलिए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की गिरिडीह लोकसभा से जीत सुनिश्चित है।अंत में प्रत्याशी के पुत्र ने सभी का आभार प्रकट करते हुए 28 अप्रैल को इंडिया गठबंधन के संयुक्त बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया एवं इंडिया गठबंधन को जीताने का संकल्प लेने का आवाह्न किया। मौके पर चक्रधारी महतो छोटेलाल महतो सुखदेव महतो शमीम शेख मोहम्मद अकबर शेख सफीक मोनू गोप इत्यादि शामिल हुए।

होटल आशीर्वाद में हुई छापेमारी

लातेहार। मनिका प्रखंड मुख्यालय में रेस्टोरेंट के नाम पर चल रहा होटल में अवैध धंधे को लेकर गुप्त सुचना के आधार पर सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने मंगलवार को छापामारी अभियान चलाया । इस दौरान प्रखंड मुख्यालय स्थित आशिर्वाद नामक होटल में छापामारी की गई । छापामारी के दौरान सीओ ने आशिर्वाद होटल सह रेस्ट हाऊस के संचालक कृष्णा गुप्ता से उक्त होटल में ठहरने वालों की विस्तृत जानकारी मांगी। जिसपर होटल मालिक सह रेस्ट हाऊस के संचालक द्वारा मौके पर कोई भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराया गया। संचालक के पास न तो कोई आवश्यक दस्तावेज था और न ही होटल में ठहरने वाले लोगों की विस्तृत जानकारी थी ।

'एक शिक्षा सबों का अधिकार' पदयात्रा संपन्न

पलामू। एक शिक्षा सबो का अधिकार के तहत दो दिवसीय पदयात्रा का मंगलवार को समापन किया गया। यह यात्रा पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक रही और आम नागरिकों की समस्या को देखते हुए पलामू के समाजसेवियों द्वारा 47 किलोमीटर की पदयात्रा कर मेदिनीनगर में उपायुक्त कार्यालय में मांग पत्र रिसीव कराया गया। हालांकि चुनावी व्यस्तता के कारण उपायुक्त से भेंट नहीं हो पाई। मांगों में कक्षा के अनुसार आवश्यक पुस्तकों का चयन एवं मूल्य निर्धारण सीमित एवं सभी दुकानों पर आसानी से उपलब्ध करने, विद्यालय में 95 प्रतिशत एनसीइआरटी की किताबें लागू हो, बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए पुस्तकों का चयन सरकार से चयनित पब्लिशर्स का हो, जिसका मूल्य निर्धारण सरकार की देख रेख में किया जाए, मासिक फीस और बस भाड़ा का माप दंड तय हो, एडमिसन चार्ज, री एडमिसन चार्ज, डिवेलपमेंट चार्ज आदि पूर्णतः बन्द कराया जाए, स्मार्ट क्लास निःशुल्क हो, विद्यालय में साप्ताहिक स्कूल ड्रेस एक ही सुनिश्चित हो, इसे सभी दुकानों में उपलब्ध कराने का मापदंड तय हो, सरकारी विद्यालयों में सरकारी शिक्षक, सरकारी अधिकारी, विधायक एवं सांसद के परिजनों एवं उनके सगे परिवार के बच्चों का शिक्षण अनिवार्य किया जाए।

आजसू के खैरात अली झामुमो में शामिल

तोपचाँची (धनबाद)। आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता कलाली मोड निवासी खैरात अली ने आज गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन के प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की।। ज्ञात हो कि झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला के पूर्व उपाध्यक्ष ,टुंडी के समाजसेवी बाबा मनीर मस्तान के नेतृत्व में आज आजसु के नेता खैरात अली अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल होने के लिए विधायक टुंडी के सिजुआ स्थित आवास जाकर मुलाकात की और झामुमो की सदस्य ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक टुंडी सह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने उन्हें पार्टी में शामिल किया और कहा कि खैरात अली के पार्टी मे आने से निश्चित तौर पर पार्टी मजबूत हुई है। खैरात अली के शामिल होने पर मुखिया मोहम्मद आजाद, मोहम्मद अकबर अंसारी, बसंत महतो, बाबू नाथ महतो, सुमित महतो, दिनेश कुमार महतो, परितोष महतो, राजकुमार महतो सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी और पार्टी के लिए काम करने और लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर काम करने की अपील की।

पलामू में रैली निकालकर नामांकन के लिए पहुंचे उम्मीदवार

संवाददाता

पलामू। पलामू लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए। बहुजन समाज पार्टी से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अभय कुमार भुइयां और पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम ने नामांकन किया। नामांकन दाखिल करने के लिए सभी उम्मीदवार रैली निकालकर गाजे-बाजे के साथ समाहरणालय पहुंचे।

उम्मीदों पर खरा उतरने की रहेगी कोशिशः अभय

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अभय कुमार भुइयां ने कहा कि यदि उन्हें पलामू लोस क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है तो वे लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। पलामू और गढ़वा की मुलभूत समस्याओं का निदान त्वरित गति से किया

सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ेगी बसपा: प्रदेश अध्यक्ष

कामेश्वर बैठा के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए साथ आए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव लड़ रही है। आज पलामू लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार कामेश्वर बैठा ने नामांकन दाखिल किया। कामेश्वर पलामू के दलित के बेटे हैं। सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। एनडीए प्रत्याशी वीडी राम बाहरी हैं। सभी का समर्थन बसपा उम्मीदवार को मिल रहा है। हमारी पार्टी संविधान बचाने के लिए लड़ाई लड़ रही है।

जायेगा। भाकपा जिला सचिव रूचिर तिवारी ने कहा कि नामांकन

पलामू के लिए जारी रहेगा संघर्ष : कामेश्वर

नामांकन दाखिल करने के बाद बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि जिस समाज के लोग उन्हें वोट करते हैं, उनके लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है। यह संघर्ष जारी है। सांसद बनने के बाद तेजी से जरूरी समस्याओं पर फोकस किया जायेगा। बेरोजगारी, महंगाई, सिंचाई, शिक्षा, स्वच्छ शहर के लिए कार्य किया जायेगा। उन्होंने वर्तमान सांसद से पूछा कि पिछले 10 साल के कार्यकाल में पलामू-गढ़वा के विकास के लिए उन्होंने क्या किया। कामेश्वर बैठा ने कहा कि बसपा गरीबों की पार्टी है और दबे-कुचले लोगों की आवाज बनकर हमेशा मुखर रहती है। इस सिलसिले को बरकरार रखना है।

में जिस तरह से समर्थन देकर लोग पहुंचे, उससे अभय भुइयां की स्थिति मजबूत लग रही है। लोग बड़ी उम्मीद भाकपा उम्मीदवार से लगाए हुए हैं। भाकपा के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो ने कहा कि देश में संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है, जिसको बचाने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी का जितना बहुत जरूरी है। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड में तमाम तरह की खनिज संपदा होने के बावजूद भी झारखंड के लोग अभाव का दंश झेल रहे हैं। जिला सचिव ने कहा कि यह लड़ाई गरीबी और अमीरी के बीच बढ़ती खाई को लेकर है। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि इस बार पलामू की जनता बाहरी को हराकर पलामू के युवा प्रत्याशी अभय भुइयां को संसद में भेजेगी।

दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह 43वां वार्षिक उत्सव संपन्न

झुमरी तिलैया। नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान महोत्सव 43 वां वार्षिक उत्सव केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल परिवार और श्रद्धालु भक्तों की ओर से सामूहिक रूप से वीर हनुमान को भव्य गजरा अर्पित किया गया ।दो दिवसीय कार्यक्रम में स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों ने भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। कार्यक्रम में कई श्रद्धालु भक्तों ने वीर हनुमान सहित बाबा श्याम, भोले शंकर ,माता दुर्गा पर आधारित भोजपुरी ,राजस्थानी, क्लासिकल आधारित भजनों को प्रस्तुत किया। धनबाद से आए धनबाद से आए भजन गायक अभिषेक सिंघल, पंकज शर्मा, दीपक अरोड़ा ,जमशेदपुर से अनामिका सिंह, सरिया का धीरज पांडेय ने दुनिया चले न राम के बीना और राम जी चले ना हनुमान के बिना । जहां-जहां कीर्तन होगा श्री राम कि पहरा लगेगा वीर हनुमान का। चप्पा चप्पा लंका जले। हर कदम पर सांवरे जब मेरे साथ है।

संक्षिप्त

वाहन जांच के दौरान 1.28 लाख जब्त

बोकारो । लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सघन वाहन जांच की जा रही है। जांच के दौरान मंगलवार को चंदनकियारी में एफएसटी टीम ने एक लाख 28 हजार रुपए नकद बरामद किया है। टीम ने उक्त रुपए चंदनकियारी झरिया रोड स्थित बाबा होटल के समीप जांच के दौरान बाइक से बंगाल जा रहे दीपक कुमार धीवर नामक व्यक्ति से बरामद किया है। उक्त व्यक्ति ने बताया कि वह व्यापारी है और व्यापार के सिलसिले में उक्त नकदी लेकर जा रहे थे। लेकिन इस संबंध में जब कागजात की मांग की गई तो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। ऐसे में नकदी जब्त कर उसे रिसिविंग देकर नकदी से संबंधित कागजात लाने को कहा गया। नगद बरामदगी के बाद पुलिस जांच में जुटी है, साथ ही इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को भी दिया गया है।

तेज आंधी में उड़ गया पोल्ट्री फार्म

बोकारो : जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत पुरनीबगियारी निवासी रामू घांसी का ग्राम मूंगों बांध स्थित पोल्ट्री फार्म तेज आंधी में पूरी तरह से उड़कर नष्ट हो गया। घटना सोमवार देर शाम की बताई जा रही है। घटना में करीब 500 चूजे, एस्बेस्टस शीट समेत अन्य सामानों की भारी क्षति हुई है। पीड़ित ने बताया कि इससे उन्हें करीब चार लाख रुपए की क्षति हुई है। फार्म में 250 से 300 ग्राम के 500 से अधिक चूजे दबकर मर गए। कहा कि महिला समिति से लोन लेकर उक्त फार्म खोला था, लेकिन अब लोन की चुकता करने की परेशानी शुरू हो गई है। बताया कि आठ माह पूर्व मूंगो निवासी मनोरंजन कुमार झा की जमीन पर लीज लेकर फार्म खोला था। कहा कि मुआवजा के लिए कसमार अंचल में लिखित आवेदन दिया है और पंचायत प्रतिनिधि को जानकारी दी गई है।

हाथियों ने घर तोड़ा, बाल-बाल बचे लोग

बोकारो। जिले में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। गोमिया प्रखंड के ललपनिया तिलैया स्थित हंडिया मोड़ के पास गांगपुर निवासी राजेंद्र साव के मकान को हाथियों के झुंड ने क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में राजेंद्र साव अन्य दिनों की तरह सोए हुए थे। अचानक हुए हाथियों के हमले की भनक लगते ही वे किसी तरह जान बचाकर घर से बाहर भाग गए। लेकिन, हाथियों ने घर पर धावा बोलकर दरवाजा, खिड़की, पलंग को तोड़ दिया। घर में रखे अनाज चावल को चट कर लिया। आसपास के ग्रामीणों ने आग जलाकर वहां से हाथियों को भगाया। हाथी का झुंड लुगू पहाड़ के तलहटी में जमे हुए हैं। झुंड में लगभग एक दर्जन हाथी बताए जा रहे हैं। गांव में हाथी आने से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों ने कहा कि हाथी का झुंड पिछले 15 दिनों से महुआटांड़ थाना क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में विचरण करते हुए घूम रहा है। वहीं वन विभाग हाथी को भगाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है। जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है।

गोलमुरी फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार

जमशेदपुर। जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत केबुल टाउन के पास बीते 16 अप्रैल को संदीप सिंह पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सुमित कुमार यादव उर्फ मूढ़ी और विक्की सिंह शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल और एक जिंदा गोली बरामद किया है। वहीं पुलिस ने घटना स्थल से दो खोखा बरामद किया गया था। वर्चस्व को लेकर चलाई थी गोली मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि 16 अप्रैल को संदीप सिंह पर फायरिंग की गई थी। इस मामले में संदीप के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने सुमित और विक्की को गिरफ्तार किया।

बूथों पर वोटरों की सुविधाओं का रखें पूरा ख्याल : डीडीसी

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का लिया जायजा

संवाददाता

बोकारो । लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, एसडीपीओ बेरमो वीएन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, महादेव महतो, अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। डीडीसी ने क्रमवार विभिन्न

मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/बिल्डिंग का भी जायजा लिया। इस दौरान पूर्व में दिए निदेर्शों के अनुरूप चहारदीवारी, शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा और जरूरी दिशाझनिर्देश दिया।

डीडीसी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र माने जानेवाले सीएपीएफ ठहराव स्थल हरिजन आदिवासी विकास उ.वि. तिसकोपी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 09/10 म.वि. चतरोचट्टी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 33/34 उ.म.वि कुर्कनालो गोमिया,उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलबुल, सीएपीएफ ठहराव स्थल आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल, झुमड़ा, रहावन, पचमो के विभिन्न मतदान केंद्रों आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने केंद्र परिसर की साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति, मूलभूत सुविधाओं को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। सीएपीएफ ठहराव स्थल वाले विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुरूप निमार्णाधीन अतिरिक्त शौचालय निर्माण, चहारदीवारी निर्माण आदि को देखा। संबंधित कार्य एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के सुविधाओं का हरसंभव ख्याल रखा जाय।

बोकारो रोटरी ने यूनियन बैंक में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

संवाददाता

बोकारो । रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की ओर से मंगलवार को मुस्कान अस्पताल एवं यूनियन बैंक, मुख्य शाखा, सेक्टर 4 के सहयोग एवं सौजन्य से यूनियन बैंक परिसर में एक स्वास्थ्य-जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एक चम्मच कम, एक कदम आगे, अपना नंबर जानें नामक कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 78 लोगों के वजन, ऊंचाई, बीपी, शुगर आदि की जांच की गई। सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित भी किया गया। सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष घनश्याम दास ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हम नियमित जांच और स्वच्छ आचरण द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से पहले ही सतर्क हो सकते हैं। शिविर के अंत में यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक सतीश कुमार लाल ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए रोटरी क्लब के सभी सदस्यों का शिविर के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुस्कान अस्पताल के निदेशक डॉ. एससी मुंशी के साथ उनकी पूरी टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टीम में शामिल मुस्कान अस्पताल के डॉक्टर विनोद कुमार, अनुरंजन कुमार, संतोष कुमार और पूजा भंडारी की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ साथ बैंक के कनिष्ठ कर्मचारियों ने भी इस शिविर के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई। रोटरी क्लब से क्लब सचिव रोटेरियन महेश गुप्ता, डा. अनिल त्रेहान, घनश्याम दास, प्रदीप नारायण, अशोक तनेजा, अशोक जैन, संजय जैन, अशोक केडिया, खोनेन लिउ, अलका गुप्ता, ललिता अग्रवाल, सुनीता जैन आदि सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बाइक बेकाबू हो दीवार से टकराई, युवक की मौत

संवाददाता

बोकारो : कथारा सीसीएल फिल्टर प्लांट के समीप मंगलवार को कथारा वाशरी मुख्य मार्ग में तेज रफ्तार से जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सीसीएल कथारा कोलियरी परियोजना कार्यालय के बाउंड्री में टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में घायल बोडिया बस्ती में रहकर दिहाड़ी मजदूरी कर रहे 20 वर्षीय बजरंगी तुरी उर्फ लक्की को राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की मदद से सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्स्कों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बोकारो जेनरल अस्पताल रेफर कर दिया। जहां बीच रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय बोकारो थर्मल की पुलिस परिजनों एवं अन्य लोगों से घटना को लेकर पूछताछ की। यहां पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में परिजनों ने पुलिस से इस घटना में किसी व्यक्ति का दोष नहीं बताते हुए शव का पोस्टमार्टम नहीं करने का अनुरोध किया। पुलिस ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पंचनामा बनाकर शव को परिजनों को सौंप दिया। बजरंगी तुरी कथारा में एक होटल में काम करता था। वह सोमवार को छुट्टी लेकर रात मे तीन दोस्तों के साथ किसी विवाह समारोह में सम्मिलित होने गया था। सुबह लौट कर अपने दोस्तों को उनके घरों में छोड़ने के बाद वह थोड़ी देर में आने की बात कहते हुए कथारा मोड़ कथारा वाशरी मुख्य मार्ग की ओर निकल पड़ा।

बिहार की महिला दारोगा के बेटे का क्षत-विक्षत शव बरामद

बोकारो में जेपीएससी की परीक्षा देने आया था सन्नी, 35 दिनों से था लापता

संवाददाता

बोकारो : मंगलवार को बालीडीह थाना पुलिस ने 35 दिनों से लापता बिहार पुलिस की दारोगा राखी घोषाल के इंजीनियर बेटा सन्नी रंजन घोषाल का क्षत-विक्षत शव बरामद किया है। सन्नी का शव बोकारो रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर स्थित एक यार्ड के नीचे झाड़ियों में ड्रेन से मिला है। रेलवे स्टेशन के पास शव मिलने की जानकारी पाकर रेलवे जीआरपी, आरपीएफ और बालीडीह थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, पुलिस ने मृतक सन्नी रंजन के घरवालों को शव के शिनाख्त के लिए बोकारो बुलाया। बोकारो पहुंचने के बाद परिजनों ने मृतक की पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सन्नी रंजन की मां राखी घोषाल भागलपुर की निवासी है और मधुबनी के कलुआही थाने में दारोगा के पद पर पदस्थापित है। उनका बेटा रंजन 17 मार्च को बोकारो के पेटरवार स्थित हाई स्कूल में बनाए गए सेंटर में जेपीएससी की परीक्षा देने आया था।

मां को कही थी सुबह घर लौटने की बात, पर हो गायब

परीक्षा देने के बाद वह अपने दोस्त के साथ बोकारो रेलवे स्टेशन गया। उसने अपने दोस्त को मौर्य एक्सप्रेस में बैठाया और स्टेशन से निकल गया। इसके बाद वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। मां राखी घोषाल के अनुसार, परीक्षा खत्म होने के बाद जब उसने अपने बेटे से फोन पर बात की थी, तो वह घबराया हुआ था। हालांकि उसने कहा था कि वह सुबह घर पहुंच जाएगा, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही 17 मार्च की रात को उसका फोन बंद हो गया। 18 मार्च को बेटा मधुबनी नहीं पहुंचा, तो उसकी मां ने विभागीय स्तर पर अपने बेटे का लास्ट लोकेशन निकलवाया। उसका लास्ट लोकेशन बालीडीह थाना क्षेत्र में मिला। इसके बाद सन्नी की मां सीधे बालीडीह थाना पहुंची। जब मामला बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश तक पहुंचा तो उन्होंने सन्नी की मां को पूरी मदद करने की बात कही। इसके बाद 24 मार्च को महिला दारोगा ने जीआरपी थाना में पुत्र की गुमशुदगी की सूचना दी। बेटे के गायब होने के बाद कई बार उसकी मां उसकी तलाश में बोकारो पहुंची, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल पाया। अब करीब 35 दिन बाद उसका शव मिला। फिलहाल बालीडीह और जीआरपी पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

घोर कलयुग में भी अमोघ और अमृतमय है हनुमान की साधना : स्वामिनी संयुक्तानंद

संवाददाता

बोकारो । नगर के सेक्टर-5 स्थित चिन्मय मिशन आश्रम में मंगलवार को श्रीराम भक्त शिरोमणि हनुमानजी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा-अर्चना की गई।

भक्तों ने सुरमय संगीत के साथ समवत स्वर में 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया, साथ ही श्री हनुमानजी के 108 नामों का उच्चारण भी किया। उनसे विश्व के कल्याण की प्रार्थना की गई। अपने संबोधन में स्वामिनी संयुक्तानंदा जी ने हनुमान जी के विभिन्न रूपों तथा गुणों का वर्णन किया। उन्होंने हनुमान चालीसा पाठ के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश

डाला। कहा कि हनुमानजी की साधना-आराधना का अर्थ है प्रभु श्रीराम की आराधना। वे प्रभु श्रीराम के दुलारे, प्रिय एवं परमभक्त है। अष्ट सिद्धि और नवनिधि के दाता हैं। श्रद्धापूर्वक नित्य हनुमानजी की आराधना से, हनुमान चालीसा पाठ करने से बल, बुद्धि, विनम्रता एवं दिव्य शक्ति की प्राप्ति होती है। इसलिए, इस घोर कल्किकाल में भी हनुमान चालीसा पाठ, उनकी पूजा-अर्चना, साधना अमोघ है, अमृत के समान है। हनुमानजी सभी कष्टों को हरने वाले हैं। हनुमान चालीसा या हनुमान मंत्र का जाप करने से मानसिक शांति और सांत्वना मिल सकती है। वे आपके मन को स्थिर और प्रसन्न करते हैं।

इसके पूर्व, प्रातःबेला में चिन्मय विद्यालय में भी हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव से पूजा अर्चना एवं पुष्पांजलि के बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

पुलिस ने छह साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

आधार और राशन कार्ड बनाने के नाम पर करते थे साइबर ठगी

संवाददाता

बोकारो । चीराचास थाना क्षेत्र के सोलागीडीह में मंगलवार को पुलिस ने साइबर ठगों के एक गिरोह का खुलासा करने में पुलिस ने अहम कामयाबी पाई। किराए के एक मकान में रहकर लोगों के आधार अपडेट, राशन कार्ड आदि अपडेट करने के नाम पर साइबर ठगी को अंजाम देने वाले छह बदमाशों को पुलिस ने दबोचा।

सभी देवघर जिले के रहनेवाले बताए जा रहे हैं। वे सभी यहां अनिल सिंह के मकान में एक कमरा किराए पर लेकर रहा करते थे। काम की तलाश में आने का बहाना बनाकर लगभग एक पखवाड़ा पहले ही उन्होंने किराए पर कमरा लिया था। थाना प्रभारी चंदन कुमार दुबे के नेतृत्व में पुलिस

ने छापेमारी की, तो 6 साइबर ठगों को उसी कमरे से गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान भी अपराधी विभिन्न मोबाइल से ठगी कर रहे थे। सभी को रंगेहाथ पकड़ा गया। इनमें देवघर जसीडीह थाना क्षेत्र के पर्वतपुर निवासी मो. राजा अंसारी (33), चित्रा थाना क्षेत्र के धाड़ी निवासी रहमान अंसारी (25), सरवां थाना क्षेत्र के जियाखड़ा निवासी मो. जियाउल अंसारी (21), खागा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी सबीर अंसारी (34), इसराइल अंसारी (30) व शमशाद अंसारी (27) शामिल हैं। सभी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

मंगलवार को चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों ने एक व्यक्ति से ठगी का प्रयास किया। इसके बाद उसने पुलिस से शिकायत की। बोकारो साइबर सेल के सहयोग से उस नंबर का लोकेशन खंगाला गया, तो वह सोलागीडीह में निकला। इसके बाद चीराचास थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और लोकेशन के आधार पर सोलागीडीह में छापेमारी की गई। कमरे में घुसते ही अपराधियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान जांच की, तो पुलिस को 12 एंड्रायड मोबाइल, एक लैपटॉप और एक एटीएम कार्ड मिले। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी के अलावा साइबर सेल से आरक्षी पंकज कुमार जायसवाल, मनोज कुमार, कामेश्वर महतो व चीराचास थाना के हवलदार नागेन हांसदा, आरक्षी इरशाद अंसारी, वीर बहादुर सिंह, पिंटू कुमार शाही, जाकिर हुसैन आदि शामिल थे।

बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर मजदूरों ने डीजीएम को चार घंटे तक घेरा

डीवीसी बीटीपीएस में साउथ वेस्ट जोन के सप्लाई श्रमिकों का आक्रोश फूटा

संवाददाता

बोकारो थर्मल । बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सिविल अंतर्गत साउथ वेस्ट जोन के सभी सप्लाई मजदूरों ने मार्च माह के बकाए वेतन भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार को डीजीएम सिविल विश्व मोहन गोस्वामी और प्रबंधक राहुल उरांव का घेराव कर दिया। उन्हें उनके ही कार्यालय में सुबह नौ बजे से लगातार चार घंटे तक घेर डाला। आंदोलनकारी मजदूरों का नेतृत्व डीवीसी ठेका मजदूर संघ के महामंत्री भरत यादव कर रहे थे। मजदूरों में से मिथिलेश सिन्हा, अनिल सिंह, रमेश ठाकुर, लालू साव, लक्ष्मी लाल, शिबू घांसी, बासदेव राम, राजन राम, मंगरा घांसी, किशोरी राम, हरि चरण

घटवार, शिकारी मांझी, मेझला मांझी, सानू मांझी, करमचंद मांझी, जिरवा देवी, नरेश घांसी, प्रदीप घांसी, मोहन मांझी, मानो देवी आदि का कहना था कि डीवीसी सिविल के डीजीएम द्वारा उनका मार्च माह का वेतन भुगतान नहीं किया है। इसके पूर्व, 8 अप्रैल को मजदूरों के द्वारा दो माह का भुगतान की मांग को लेकर जब डीजीएम सिविल का घेराव किया गया था, तो उन्होंने संघ के महामंत्री को आश्वासन दिया था कि एक दो दिनों के अंदर दोनों माह का भुगतान मजदूरों को कर दिया जाएगा, परंतु मजदूरों को सिर्फ फरवरी माह का ही भुगतान किया गया था। वेतन भुगतान के अभाव में मजदूरों को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। संघ के महामंत्री भरत यादव का कहना था कि डीजीएम सिविल ने आश्वासन के बाद भी मजदूरों के मार्च माह के वेतन का भुगतान नहीं किया गया। बाद में डीजीएम सिविल ने संघ के महामंत्री को आश्वस्त किया कि उन्होंने मजदूरों के वेतन भुगतान संबंधी कागजात परियोजना प्रधान के पास भेज दिया है। संघ के महामंत्री ने एचओपी आनंद मोहन प्रसाद से मामले को लेकर बात की तो उनका कहना था कि बुधवार तक सभी मजदूरों का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। मार्च माह का भुगतान बुधवार तक कर देने का आश्वासन के बाद घेराव आंदोलन को चार घंटे बाद समाप्त कर दिया गया।

कुंवर सिंह जयंती पर मरीजों में फल वितरित

बोकारो थर्मल । वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल के इनडोर में भर्ती मरीजों के बीच फलों एवं मिठाई का वितरण डीजीएम हेल्थ डॉ एसके झा सहित संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किया। इसके पूर्व, बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति के द्वारा कुंवर सिंह की 167वीं जयंती मनाई गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के जीएम विद्युत एस भद्रा एवं विशिष्ट अतिथि डीजीएम बीजी होलकर ने कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए जीएम ने स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवरजी के अनुकरणीय अवदानों पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज को संगठित करने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह को बृजकिशोर सिंह, केपी सिंह आदि ने भी संबोधित किया। संचालन सर्व देव सिंह तथा अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के अध्यक्ष केपी सिंह ने किया। समारोह में चित्रांकन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

योगेश कुमार सोनी

देश की तस्वीर बदलने के लिए उपस्थिति दर्ज कराना उतना ही अनिवार्य है जितना सब्जी में नमक डालना। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्ग भी युवाओं व बाकी सदस्यों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें जिससे उनकी वोट के प्रति रुचि बनी रहे। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं तो वह इसलिए वोट नहीं डालते लेकिन उनको समझना होगा कि वोट डालने से वह राजनीतिज्ञ नहीं बन जाते। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज व कर्तव्य होता है वोट डालना जिसका उसे जरूर प्रयोग करना चाहिए।

चुनाव के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए

वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।

राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं।

अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनाव में दर्ज नहीं करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है। चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। इसके अलावा इतिहास व वर्तमान को समझने के लिए तुरंत गूगल भी किया जा सकता है लेकिन इन बातों के लिए राजनीति में रुचि लेना बहुत जरूरी है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तभी आप समझ पाएंगे अन्यथा सब व्यर्थ है। बहरहाल जैसा कि सात चरणों में होने वाले इस लोकसभा चुनाव में अभी 6 चरण बचे हैं, मेरी युवाओं व अन्य से अपील है कि वे अपने मत का गंभीरता समझें और वोट जरूर देने जाएं। देश की तस्वीर बदलने के लिए उपस्थिति दर्ज कराना उतना ही अनिवार्य है जितना सब्जी में नमक डालना। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्ग भी युवाओं व बाकी सदस्यों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें जिससे उनकी वोट के प्रति रुचि बनी रहे। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं तो वह इसलिए वोट नहीं डालते लेकिन उनको समझना होगा कि वोट डालने से वह राजनीतिज्ञ नहीं बन जाते। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज व कर्तव्य होता है वोट डालना जिसका उसे जरूर प्रयोग करना चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

'भवानी' गलत तो 'श्री राम'?

उद्धव ठाकरे की चुनाव आयोग से फिर ठन गई है। उनके नेतृत्व वाले गुट को आवंटित चिह्न 'मशाल' की थीम सांग में 'भवानी' का उल्लेख हुआ है। आयोग इसे हिन्दू धर्म की देवी का पर्याय मानते हुए बदलने को कहा है। चुनाव में धार्मिक संज्ञाओं, प्रतीकों, नारों आदि के उल्लेखों की सिद्धांततः मनाही है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। अतः पार्टियों से अपेक्षा है कि वे किसी एक धर्म और उनके प्रतीकों के आधार पर प्रचार न करें। वोट न मांगें। इससे उस सर्वसाधारणता की भावनाओं की अवज्ञा हो जाती है, जिसका आदर संविधान का मूल अभिप्राय है। उद्धव ठाकरे कहते हैं कि 'भवानी' नाम महाराष्ट्र, जिसमें इसके सभी धर्मों-विासों के नागरिक रहते आए हैं, वह छत्रपति शिवाजी के बलिदानों की पावन कर्मभूमि है, जिन्होंने 'भवानी' का नाम लिया है। शिवाजी माने महाराष्ट्र। इन्हीं शिवाजी के नाम पर उनके पिता बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना, जो पिछले साल बंट गई थी, की बुनियाद रखी थी। वे इस शब्द को नहीं बदलेंगे। उद्धव का यह रवैया आयोग से रार मोल लेने जैसा लगता है। इसलिए भी कि आयोग और न्यायालय ने बाला साहेब के मताधिकार को छह साल तक के लिए निलंबित कर दिया था। तब उन्होंने चुनावी भाषण में हिन्दू वर्चस्व के आधार पर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की वकालत की थी। पर उद्धव का मामला इससे भिन्न है। उन्हें आयोग से शिकायत है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर्नाटक विधानसभा चुनाव एवं गृहमंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश चुनाव में क्रमशः बजरंगबली के नाम पर बटन दबाने एवं चुनाव बाद राम मंदिर के मुफ्त दर्शन के उल्लेखों पर आंखें मूंद लेता है। इस बाबत लिखे गए उनके शिकायती पत्र का जवाब तक नहीं देता है। क्यों? इसका जवाब दिए बगैर उद्धव के विरुद्ध कोई कार्रवाई क्या मुनासिब होगी? आयोग समथरे को दोषी नहीं मानता है तो वह समदर्शी कैसे हो सकता है? फिर चुनाव दर चुनाव में लग रहे ह्यजय.राम' के नारे को क्या कहा जाएगा? दरअसल, 'मशाल' गीत के बोल और उसका संदेश शिकायत की एक बड़ी वजह है। इसमें 'तानाशाही' को खत्म करने की बात कही जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि यह मूल शिवसेना की थीम सांग की तरह लोगों को उद्धव गुट की तरफ खींचेगा। जिन वगरे को यह गीत संबोधित है, उसके आधार की एकमात्र प्रवक्ता आज कोई और पार्टी हो गई है। नोटिस का यह भी एक कारण है-उद्धव को लगता है। इनके बावजूद उन्हें नोटिस का तर्कपूर्ण उत्तर देना चाहिए। आयोग को भी इस पर विचार करना चाहिए।

चिंतन-मनन

अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते।

इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते।

इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो? क्या उनके गुणों के लिए या मित्रता और अपनेपन के कारण? अपनत्व महसूस किए बिना, केवल उनके गुणों के लिए, तुम किसी से प्रेम कर सकते हो!

इस प्रकार का प्रेम प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या पैदा करता है। परन्तु जब प्रेम आत्मीयता के कारण होता है, तब ऐसा नहीं होता। जब तुम किसी को उनके गुणों के लिए चाहते हो और जब उनके गुणों में बदलाव आता है, या जब तुम उनके गुणों के आदी हो जाते हो, तुम्हारा प्रेम भी बदल जाता है। परन्तु प्रेम यदि अपनत्व के भाव से है, क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वह प्रेम जन्म-जन्मान्तरों तक रहता है।

लोग कहते हैं, मैं ईश्वर से प्रेम करता हूं क्योंकि वे महान है। और यदि यह पाया जाए कि ईश्वर साधारण हैं, हमारे जैसे ही एक व्यक्ति, तब तुम्हारा प्रेम समाप्त हो जाएगा। यदि तुम ईश्वर से इसलिए प्रेम करते हो क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वे चाहे जैसे भी हों, चाहे वे रचना करें या विनाश, तुम फिर भी उन्हें प्रेम करते हो। अपनेपन का प्रेम स्वयं के प्रति प्रेम के समान है।

दलबदलू: हमको उनसे वफा की है उम्मीद ?



तनवीर जाफ़री

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई हाँ कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतयः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की गरज से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी , जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही टछअ का फुल फार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मकसद ही धनार्जन, स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो जाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज कोई महत्व रखती। ऐसे जमीर फरोशों और मौका परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके वैचारिक धर्म परिवर्तन या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाकिफ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की गरज से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेते हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर दलबदलू होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौकापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मकसद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई जरुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फिलहाल कोई खास जरुरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को पन्ना प्रमुख बना कर उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाजा करा दिया है।

दलबदलुओं खासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और खेल खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुजारियां, इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं। ऐसा इसलिये है कि इन्हें अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाये रखने के लिये स्वयं को यह प्रमाणित करना है कि वे संघ व भाजपा की सभी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इसी तरह शहजाद पूनेवाला जैसे दलबदलुओं को भाजपा, प्रवक्ता बनाकर कांग्रेस पर उसी के शस्त्र से प्रहार करवाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के ही एकऔर प्रवक्ता गौरव बल्लभ भाजपा में शामिल हुये। कल तक उन्हें देश में कांग्रेस से बड़ी कोई भी धर्मनिरपेक्ष पार्टी नजर नहीं आती थी। परन्तु पार्टी छोड़ते ही उन्होंने भाजपा की भाषा बोलते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी बताना शुरू कर दिया। दरअसल इसमें जमीरफरोश नेताओं की गलती कम जबकि इन्हें समर्थन देने वाली आम जनता की गलती ज्यादा है। विचार परिवर्तन यानी वैचारिक यू टर्न लेने के बावजूद तथा यह समझने के बावजूद कि अमुक नेता ने केवल पार्टी प्रत्याशी न बनाये जाने के लिये दलबदल किया है यानी वह नेता स्वार्थी है फिर भी जनता उसके पीछे लगी रहती है ? लोगों को पता है कि अमुक नेता भ्रष्टाचारी है और केवल अपने आप को सुरक्षित रखने के लिये सत्ता की शरण में जा रहा है, फिर भी ऐसे नेता के समर्थक उसकी जयजयकार करते रहते हैं ? जनता ने खुद सोचना पड़ेगा कि जो नेता उस पार्टी के वफादार न हुये जिसमें रहकर उन्हें मान, नाम, इज्जत, शोहरत, पद रुतबा पहचान आदि वह सब कुछ मिला जिसकी वजह से ही कोई दूसरा दल आज उनकी कीमत लगा रहा है, वह स्वार्थी नेता भला जनता, अपने मतदाताओं व अपने वादों के प्रति कैसे वफादार हो सकता है ? बकौल मिर्जा गालिब - हमको उनसे वफा की है उम्मीद? जो नहीं जानते वफा क्या है।

माइक्रो प्लास्टिक : दिमाग पर घातक हमला

सुशील देव

कई वजहों हमारा पर्यावरण और वातावरण दूषित हो रहा है, जिसके हम किस्तों में शिकार बन रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदाथरे के कारण हम पहले से ही कई बीमारियों की जद में हैं, लगातार प्रदूषण के कारण हमारी सांसें उखड़ रही हैं तो आए दिन जलवायु परिवर्तन की वजहों से हमें अकल्पनीय विपत्तियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उस पर घातक व मारक माइक्रो प्लास्टिक ने हमें चिंता में डाल दिया है। प्लास्टिक के कण जाने-अनजाने में हमारी आंखों से होते हुए शरीर के महत्त्वपूर्ण अंगों तक पहुंच रहे हैं, जो हमारे दिमाग पर भी असर डालने लगा है। दिमाग तक असर डालने का मतलब मानव जाति के लिए प्लास्टिक के छोटे-छोटे कण खतरनाक संदेश दे रहे हैं। इसलिए हमें इस खतरे को देखते हुए पहले ही चेत जाना चाहिए।

द यूनिवर्सटिी ऑफ न्यू मैक्सिको एंड हेल्थ साइंसेज से जुड़े वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में यह दावा किया है कि माइक्रो प्लास्टिक ने हमें गहरे तौर पर अपने शिकंजे में ले लिया है, इससे छुटकारा पाने के लिए गंभीर कदम उठाने होंगे, वरना स्थिति बहुत भयावह होने वाली है। अध्ययन के मुताबिक प्लास्टिक प्रदूषण के महीन कण भोजन, पानी और हवा में घुल चुके हैं जो न केवल हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि हमारे आंतों से होते हुए शरीर के अन्य अहम अंगों जैसे गुर्दा, लीवर और मस्तिष्क तक पहुंच रहे हैं। दूसरा अध्ययन यह भी बताता है कि माइक्रो प्लास्टिक समुद्री जानवर और पौधों में भी पाए गए हैं। इतना ही नहीं, हम जिस बोतल बंद पानी को शान से शुद्धता की दुहाई देकर पीते हैं उनमें भी माइक्रो प्लास्टिक के अंश मिल रहे हैं।

यह बेहद महीन कण होते हैं जिसे हम नंगी आंखों से नहीं देख सकते, जो अत्यंत जहरीले और केमिकल की शक्ल में होते हैं। आज प्लास्टिक किसी न किसी रूप में घर-घर में घुस चुका है जिससे छुटकारा पाना बेहद कठिन प्रतीत होता है। प्लास्टिक कप, थमोकोल, सजावट के समान, प्लास्टिक स्ट्रॉ, पैकेजिंग फिल्म, पीवीसी बैनर, गुब्बारे लगाने वाली प्लास्टिक की डांडिया, प्लास्टिक बैग, झंडा, टॉफी कैंडी के स्टिक, प्लास्टिक के बर्तन, शादी कार्ड, मिठाई के डब्बे, दवा की की बोतलें, बाल्टी आदि से लेकर सैकड़ों घरेलू वस्तुएं जो हमारे दैनिक जीवन व्यवहार में हैं, उनसे छुटकारा पाना बेहद कठिन प्रतीत होता है। हालांकि सरकार और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की पहल से सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प समय-समय पर सुझाए गए हैं। कई योजनाओं पर काम भी चल रहे हैं। मगर इसके खतरनाक परिणाम को लोग अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। मोटा-मोटी जूट बैग, प्लैटिनम, सिलिकॉन, स्टेनलेस स्टील, कांच, मिट्टी के बर्तन या चीनी मिट्टी के उत्पादों का इस्तेमाल करके हम इस खतरे से थोड़ा बच सकते हैं। प्लास्टिक पर्यावरण वन्य जीवन और आमजन के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

यह प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है और इससे निकलने वाले जहरीले रसायन भूजल को प्रदूषित कर रहे हैं, जिससे घातक जानलेवा बीमारियां हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने माइक्रो प्लास्टिक की मात्रा की पहचान करने के लिए चूहों पर अध्ययन किया जिसमें पाया कि चूहे तो सिर्फ चार सप्ताह के लिए माइक्रो प्लास्टिक के संपर्क में आए थे तब उनमें कई तरह की खतरनाक बदलाव देखे गए। शोधकताओं ने इंसानी शरीर में जमा होते माइक्रो प्लास्टिक को लेकर गहरी चिंता जताई है क्योंकि धीरे-धीरे हमारे शरीर के अंगों से होते हुए अब यह इंसानी मस्तिष्क को प्रभावित करने लगा है।

सरकार इस समस्या के निदान के लिए कार्य तो कर रही है, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई जो चिंताजनक है। गौरतलब है कि पूरे देश में एक जुलाई 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक के 20 आइटमों को प्रतिबंधित किया गया था। दिल्ली में इन आइटमों पर प्रतिबंध के बावजूद रोक अब तक प्रभावी नहीं दिखी है। अब दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी यानी डीपीसीसी ने इसके लिए एसओपी तैयार कर ली है। दिल्ली में लंबे वक्त से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगी हुई है। बार-बार अभियान चलाए जाने के बावजूद ये रोक असरदार साबित नहीं हुई है। बड़ी बात यह है कि इनका उत्पादन और बिक्री बंद नहीं हुई है। दिन-ब-दिन प्लास्टिक हमारे ईको-सिस्टम को बर्बाद कर रहा है। इसका संयुक्त भार प्रतिवर्ष करीब 300 मिलियन टन है जो जलमागरे और समुद्रों को अवरुद्ध कर रहा है, सड़कों को जाम कर रहा है, वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रहा है और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है।

भविष्य की भयावह स्थिति से निपटने के लिए राज्य और केंद्र सरकार को और चुस्त होने की आवश्यकता है। उन्हें जागरूकता के लिए कई स्तरों पर काम करना चाहिए। यदि स्कूली पाठ्यक्रम में बच्चों को शुरू से ही प्लास्टिक के दुगुणों के बारे में बताया जाए तो कुछ हद तक प्लास्टिक पर नियंत्रण की कोशिश सफल हो सकती है। स्कूलों के करिकुलर एक्टिविटीज में प्लास्टिक के दुष्परिणाम के बारे में बताया जाना चाहिए। हफ्ते या महीने में प्लास्टिक पर परिचर्चा जागरूकता अभियान और कार्यशाला आयोजित किया जाना चाहिए। कुल मिलाकर इस संकट को हल्के में न लेते हुए सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए।

फैशन के जलवे पूरी दुनिया में हैं और इसकी जो चमक-दमक दिखाई देती है, उसके पीछे कड़ी मेहनत होती है. फैशन डिजाइनर, फैशन जर्नलिस्ट से लेकर फैशन कोरियोग्राफर की भूमिका पर्दे के पीछे होती है, जो किसी को दिखाई नहीं देती. इस चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं हैं.

ग्लैमर से जुड़ा फैशन कोरियोग्राफर

अगर आपको फैशन और ग्लैमर वर्ल्ड पसंद है, साथ ही आप क्रिएटिव भी हैं तो फैशन कोरियोग्राफी आपके लिए उपयुक्त करियर ऑप्शन हो सकता है. फैशन कोरियोग्राफी को कैटवाक कोरियोग्राफी के नाम से भी जाना जाता है. इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के लिए ढेरों अवसर मौजूद हैं. फैशन में करियर का मतलब यह नहीं कि आप केवल कपड़ों के डिजाइन और उससे संबंधित अन्य चीजों से डील करें बल्कि इसमें डिजाइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग और एक्सेसरीज उत्पाद जैसे जूलरी, बैग्स, फुटवियर भी शामिल होते हैं. यह फैशन जगत का ठीक वैसा ही करियर ऑप्शन है जैसे कि फैशन फोटोग्राफी, फैशन जर्नलिज्म आदि. फैशन कोरियोग्राफर किसी भी डिजाइनर के सपने को सर्वश्रेष्ठ रूप में स्टेज पर उतारने का प्रयास करता है.

फैशन कोरियोग्राफी

ये मॉडल्स द्वारा पहने गये कपड़ों को आकर्षक और पेशेवर रूप से दुनिया के सामने लाते हैं. फैशन कोरियोग्राफी में कई तरह के मूवमेंट पैटर्न होते हैं जिन्हें रैम्प पर चलते वक्त मॉडल्स संगीत की धुन के साथ फॉलो करती हैं. फैशन कोरियोग्राफर धुन, थीम और फैशन रनवे शोज को डिजाइन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. फैशन कोरियोग्राफर सामान्य तौर से शो का डायरेक्टर होता है. प्रोफेशनल और कमर्शियल रैम्प शोज, प्रोडक्ट लॉन्च जहां क्लाइंट स्टेज शोज करवाना चाहता है, फैशन वीक्स, जिनमें गारमेंन्ट का डिस्प्ले मुख्य फोकस होता है, के लिए फैशन कोरियोग्राफर्स की जरूरत पड़ती है.

फीमेल्स के लिए उपयुक्त करियर

हालांकि यह लॉन्ग लर्निंग प्रोसेस है और एक बार इस क्षेत्र में प्रवेश के बाद हर पहलू पर बारीकी से रिसर्च करने के बाद अगले शो को ज्यादा बेहतर बनाने की तैयारी करनी पड़ती है. मुख्यत- यह फीमेल्स के लिए उपयुक्त करियर ऑप्शन है. योग्यता फैशन कोरियोग्राफर बनने के लिए न्यूनतम योग्यता किसी भी विषय के साथ बारहवीं है.

इस क्षेत्र की आधारभूत आवश्यकता क्रिएटिव टैलेंट है. हालांकि इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए कोई खास कोर्स नहीं है. इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले कैंडीडेट चाहें तो अनुभवी फैशन कोरियोग्राफर को असिस्ट करके खुद को स्थापित कर सकते हैं. कौशल चूंकि यह क्रिएटिव करियर ऑप्शन है, इसलिए फैशन कोरियोग्राफर को क्रिएटिव होने के साथ ही रंगों और स्टाइल की बखूबी समझ भी जरूरी है. कोरियोग्राफर को व्यवहार कुशल, शांत और आत्मविश्वासी होना चाहिए. शो के दौरान किसी भी तरह की कठिन परिस्थिति से निपटने की क्षमता के साथ ही दबाव में और लंबे समय तक काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए.

कॉरपोरेट इवेंट में भी फैशन शो

कार्य फैशन विस्तृत क्षेत्र है जिसमें अवसरों की भरमार है. डिजाइनर्स से लेकर फैशन ब्रांड्स तक अपने शो को हिट करवाने के लिए कैटवाक कोरियोग्राफर को हायर करते हैं. आज फैशन शो लगातार चलने वाला इवेंट बन गया है. यही वजह है कि इस क्षेत्र में फैशन कोरियोग्राफर के लिए संभावनाएं भी बढ़ी हैं.

कोई भी कॉलेज डे फैशन शो के बिना पूरा नहीं होता, यहां तक कि आजकल कॉरपोरेट इवेंट में भी फैशन शो का आयोजन होने लगा है. जब डिजाइनर अपने कलेक्शन और प्रेजेंटेशन के बारे में कोरियोग्राफर को बताता है तो यह कोरियोग्राफर का काम होता है कि वह शो की सफलता के लिए प्रत्येक चरण का प्लान बनाए. फैशन कोरियोग्राफर को शो के हर डीटेल जैसे एंबीयंस डेकोर, स्टेज और रैम्प डिजाइन, लाइटिंग इफेक्ट्स, ऑडियो विजुअल, म्यूजिक, मॉडल्स, मेकअप और हेयरस्टाइलिंग से लेकर सभी मॉडल्स द्वारा पहने जाने वाले आउटफिट्स तक पर ध्यान देना होता है. चाहे तो प्रतिष्ठित कोरियोग्राफर को असिस्ट भी कर सकता है. इंडस्ट्री में एक्सपीरियंस और रेपुटेशन के साथ ही वह स्वतंत्र रूप से फ्रीलांसर के रूप में भी कार्य कर सकता है.

तकनीक की शिक्षा

इसके अलावा, फैशन कोरियोग्राफर के पास स्कूल शुरू करने का भी ऑप्शन होता है जहां वह इस क्षेत्र से जुड़ी तकनीक की शिक्षा दे सकता है. डिजाइनर्स के साथ- साथ ब्रांड आइटम्स के डीलर्स भी अपने प्रोडक्ट के प्रदर्शन के लिए फैशन कोरियोग्राफर को हायर करते हैं. मॉडलिंग कंपनी भी ज्वाइन कर सकते हैं जहां पर मॉडल्स को कैट वाकिंग सिखा सकते हैं. कमाई इस क्षेत्र में आय कौशल और अनुभव के आधार पर अलग-अलग है.

जिन कोरियोग्राफर के पास नियमित कस्टमर्स होते हैं उनकी आमदनी बढ़िया होती है. अच्छी रेपुटेशन वाले कोरियोग्राफर की आय भी ज्यादा होती है. हालांकि प्रतिष्ठित कोरियोग्राफर पैसों की डिमांड करते हैं जबकि बिगिनर्स को जो मिलता है, उससे ही संतुष्ट होना पड़ता है.

संस्थान - नेशनल इंस्टीट् यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), दिल्ली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन (निफड), ओडिसा नॉर्दर्न इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, मोहाली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद

परिपक्वता से ही मिलती है कामयाबी

कामयाब होना है तो उसके सपने देखने ही होंगे और उन्हें सच करने के लिए आपको धर्य रखना होगा. याद रहे कि सपने देखने के लिए सोना पड़ता है और उससे भी पहले भोजन करना पड़ता है. क्या किसी ऐसे व्यक्ति को देखा है जो बिना खाये-पिये ही आराम से सो गया हो यानी उसे सहजता से नींद आ गयी हो? कामयाबी के सपने देखना और उसे पा लेने के बीच जो गैप है, उसे भरना आसान नहीं है. उसे भरते हैं आपके उद्देश्यपूर्ण तरीके और समय पर हथौड़ा मारने की कुशलता. आप जान लीजिए कि इन्हीं दो तरकीबों या साधनों को जरिया बनाकर आप चलते और चढ़ते हुए मंजिल तक पहुंचते हैं. दरअसल, सफलता और नाकामी के बीच का फासला 'सही' और 'एकदम सही' के बीच का फासला है. आपने सबकुछ अच्छा किया और समय पर किया लेकिन करते रहने की निरंतरता और उसके माध्यम से उपजने वाली परिपक्वता ही कामयाबी की रेशमी डोर है. ये डोर काफी मजबूत होती है, लेकिन शर्तों से बंधी भी होती है. आप देख सकते हैं कि जो डोर आपके जीवन के समूचे परिदृश्य को बदल डालने का दमखम रखती हो, वह हल्की या कमजोर तो हो नहीं सकती? सबसे पहले तो खुद को समझना होगा, इसके बाद खुद के सम्मान को समझना होगा. आप किसी भी बेहद कामयाब शख्स में ये दो चीज जरूर पाएंगे. कामयाबी स्मार्ट लोगों को खोजती है. ऐसे लोगों को, जो स्मार्ट ढंग से काम करते हैं, समय पर सही फैसले लेते हैं. अपनी कृति के लिए ग्राहक तलाशते समय कलाकार के दिमाग में ग्राहक की संतुष्टि सबसे पहले होती है. तभी आज एक और कल एक हजार ग्राहक बनते हैं. ऐसे स्मार्ट लोग अनेक तरह के लोगों के पास रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें ठीक से पता होता है कि क्वालिटी खोजने वाले स्मार्ट लोग है और यही उनकी तकदीर का निर्माण करेंगे, उसे उपलब्धि के शिखर की ओर ले जाएंगे. लेकिन ये सब खुद को सम्मान देने और खुद के दमखम को ईमानदारी से टटोले बिना हो पाना मुश्किल है. उत्साह के साथ कामयाबी तभी मिलती है जब रास्ते में ठोकरें खाकर भी आपके उत्साह में कोई कमी नहीं रहती. कामयाबी के जज्बे से भरे इंसान के लिए आंखों के सामने कोई रास्ता ना भी हो तो भी चिंता नहीं रहती. वे धीरे-धीरे ही सही, आगे बढ़ते जाते हैं. उन्हें कोई जल्दी भी नहीं रहती. ऐसे लोग कुछ भी पाना चाहें, तो वह उनकी जद के भीतर दिखता है. बस वे यही ध्यान रखते हैं कि खुद का धैर्य न खोयें. जब तक मंजिल हाथ ना लगे, वे धैर्य धारण किये रहते हैं और चैन से नहीं बैठते. इसलिए चाहे जो हो जाए, सपने देखना जारी रखिए. आपके सिवाय कोई दूसरा यह अहसास नहीं करने वाला है. बस याद रखिए और हमेशा गांठ बांधे रहिए कि अपनी जिंदगी का फैसला किसी और के हाथों में कतई मत पड़ने दीजिए.

पढ़ाई के साथ कमाई में बुराई नहीं!

पढ़ाई के दौरान युवाओं को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ता है. यदि वह पढ़ाई के साथ कमाना सीखें तो कई समस्याएं हल हो जाती हैं. बदलते वक्त के साथ पढ़ाई करते-करते काम करना और पैसे कमाना युवाओं की जिंदगी में शुमार हो चुका है. आज का युवा आर्थिक तौर से अपने पैरों पर खड़ा होना चाहता है क्योंकि यह बात उन्हें समझ में आने लगी है कि जब तक वे अपने पैरों पर खड़े नहीं होंगे तब तक आगे बढ़ने की सीमाएं उनके लिए सीमित हैं. विदेश में पढ़ाई करने वाले अधिकतर छात्र पार्ट टाइम जॉब जरूर करते हैं. इससे एक फायदा तो आर्थिक स्तर पर होता है, वहीं दूसरा फायदा यह होता है कि वे उस देश की संस्कृति-संस्कार और मार्केट को समझने के साथ संबंधित कार्य का अनुभव भी प्राप्त कर लेते हैं. युवाओं को स्वावलंबी होना खुद उनके लिए महत्वपूर्ण है. यदि वे काफी कम उम्र में आर्थिक तौर पर अपनी जिम्मेदारी उठाना सीख लेते हैं तो भविष्य में इसके फल मिलते हैं. पढ़ाई के साथ-साथ कमाई करने से पॉकेट मनी और रोजमर्रा की जरूरतों की तमाम खर्च पूरा करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता. अधिकतर छात्र पार्ट टाइम जॉब कर अपने करियर या कोर्स में वेल्यू एड करा लेते हैं क्योंकि प्रोफेशनल दौर में डिग्री और अनुभव दोनों मायने रखता है. पढ़ाई के साथ-साथ जॉब करने से कई फायदे हैं-

आर्थिक स्वावलंबन

आर्थिक तौर से अपने पैरों पर खड़ा होने की प्रवृत्ति युवाओं को पार्ट टाइम जॉब करने के लिए आकर्षित करती है. पार्ट टाइम जॉब करना हर किसी की जिंदगी में अलग मायने रखता है क्योंकि जब आप अपने फ्रेंड्स के साथ पार्टी में जाते हैं, घूमने जाते हैं, फिल्में देखने जाते हैं, तो वहां खर्च करने के लिए किसी के सामने आपको हाथ पसारना नहीं पड़ता है. परिवार के सदस्यों और दोस्तों को गिफ्ट भी दे सकते हैं और छोटे-मोटे खर्च के लिए आपको परिवार पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है. यदि आपका कोई साथी आर्थिक संकट से गुजर रहा है तो आप उसकी मदद भी कर सकते हैं.

वर्क एक्सपीरियेंस - पार्ट टाइम जॉब करने से जहां वर्क एक्सपीरियेंस होता है, वहीं युवा अपने मनोनुकूल या पढ़ाई के अनुरूप काम करने में सफल होते हैं. किसी भी कोर्स के दौरान यदि आप काम करते हैं तो रेज्यूमे में आपका अनुभव जुड़ता है और बाद में फेश ग्रेजुएट की तुलना में आपको प्राथमिकता दी जाती है. वर्क एक्सपीरियेंस के जरिए फील्ड के अनुभव भी होते हैं. इससे जिम्मेदारी की भावना आती है और यही कारण है कि अधिकतर फर्म उन लोगों को ज्यादा तवज्जो दे रही हैं जिनके पास डिग्री के साथ-साथ अनुभव है. किसी भी संस्था में काम करने का अनुभव जहां आपकी सोच को विस्तृत करता है, वहीं प्रैक्टिकल अनुभव के दौर से भी गुजरते हैं. करियर की अधिकता अधिकतर फुल टाइम प्रोफेशनल्स उच्च डिग्री लेने की चाह रखते हैं और सीखने के साथ-साथ कमाना भी उनका लक्ष्य होनी चाहिए. पार्ट टाइम जॉब करने के पीछे जो भी इरादा हो लेकिन यह आपको आगे बढ़ने में मदद करता है. किसी भी संस्था के वर्क कल्चर को जानना और आप जब पूरी तरह प्रोफेशनल मार्केट में आते हैं, तो आपसे क्या उम्मीद की जाती है, इसकी जानकारी पहले से रहना मायने रखता है. भविष्य में अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अपने टीम मेंबर से बातें करना, बॉस या फिर कस्टमर से घुलना-मिलना भी महत्वपूर्ण चीजें हैं. हालांकि लोग मानते हैं कि पढ़ाई के दौरान जॉब करना ठीक नहीं है क्योंकि कई बार ऐसे मौके आते हैं जब छात्र पढ़ाई में कम, काम के प्रति ज्यादा गंभीर हो जाते हैं. पढ़ाई हमेशा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए लेकिन जॉब कर आप जान पाते हैं कि एक-साथ दो चीजों को कैसे हैंडल किया जाता है. यही कारण है कि अधिकतर छात्र ऐसे कदम उठाने से पहले कई बार सोचने के लिए मजबूर होते हैं. इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि भारत का वर्तमान एजुकेशन सिस्टम वैसे स्किल्स को सामने लाने में अक्षम है जिससे बेरोजगारी खत्म हो. ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि उन्हें इस बात का ज्ञान हो कि किसी भी परिस्थिति में वे अपना आपा न खोएं और कोर्स और कार्य को बेहतर तरीके से निबटाएं.

ध्यान रखें - किसी भी कोर्स के दौरान यदि आप काम करते हैं तो रेज्यूमे में आपका अनुभव जुड़ता है और बाद में फेश ग्रेजुएट की तुलना में आपको प्राथमिकता दी जाती है. पढ़ाई के साथ कमाएं जरूर लेकिन पढ़ाई को प्रभावित किये बिना. इतनी देर ही नौकरी करें जिससे आप बिना थके पढ़ाई कर सकें. वही कार्य करें जो आपके कोर्स या प्रोफेशन से जुड़ा हो, जिससे कोर्स खत्म होने पर इस कार्यानुभव का फायदा आप उठा सकें.

पढ़ाई के दौरान अधिकतर युवाओं को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ता है. जहां कोर्स की फीस बहुत अधिक हो गई है, वहीं एक्स्ट्रा कैलिकुलर एक्टिविटीज में भी पैसे खर्च होने लगे हैं. छोटे-छोटे अतिरिक्त खर्च से परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है.

2 करोड़ की रेंज रोवर से पवन का रोड शो

काराकाट में बुल्डोजर से बरसे फूल, 51KG की माला पहनाई; कई जगह बेकाबू दिखी भीड़

सासाराम। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह चुनावी मैदान में हैं। काराकाट लोकसभा सीट से वो निर्दलीय लड़ रहे हैं। काराकाट में आज उनका रोड शो हो रहा है। 2 करोड़ से ज्यादा की रेंज रोवर गाड़ी से पवन सिंह रोड शो के लिए निकले। इस दौरान बुलडोजर से उनपर फूलों की बारिश की गई। पवन सिंह के काफिले में 150 गाड़ियां है। कई जगह भीड़ उन्हें देखने के लिए बेकाबू हो गई। 100 किमी के रोड शो के लिए पवन सिंह का काफिला आरा से काराकाट के लिए निकला। काफिला जैसी ही काराकाट क्षेत्र में पहुंचा। पवन सिंह को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। उन्हें 51 किलो फूल से बनी माला भी पहनाई गई। पवन सिंह काराकाट लोकसभा क्षेत्र के कछवा, नासरीगंज, गोरारी होते हुए काराकाट पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह उनका लोगों ने स्वागत किया। आगे वो बिक्रमगंज, नोखा, राजपुर, अकोढ़ीगोला, डेहरी औन सोन पहुंचेंगे। शाम में यात्रा औरंगाबाद जिले में एंट्री करेंगे और बारूण नवीनगर पहुंचेंगे। पहले तस्वीरों में देखिए पवन सिंह के रोड शो के दौरान भीड़ कैसे बेकाबू हुई...कल पवन सिंह का रोड शो औरंगाबाद में होगा। 24 अप्रैल को वो औरंगाबाद के ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा होते हुए गोह क्षेत्र में पहुंचेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पवन सिंह पहली बार काराकाट पहुंचे हैं। जेसीबी से फूल गिराकर उनका समर्थक स्वागत कर रहे हैं। मौके पर सेल्फी लेने की होड़ मच गई। इलेक्शन सॉन्ग भी लॉन्च किया हैपवन सिंह काराकाट से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद अब पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में है। इसी क्रम में पवन ने अपना इलेक्शन सॉन्ग लॉन्च किया है, जिसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर किया है। इलेक्शन सॉन्ग भोजपुरी में हैं, जिसे पवन सिंह ने खुद गाया है। जिसके बोल हैं- सुन बड़की माई, सुन आ बड़का भाई, चाची, काकी, दादी, बात रखीह याद, आइल काराकाट तोहर पवनवा, मंगे ला धूमी–धूमी आशीर्वाद। सुन आ मम्मी–मौसी, संगी साथी, आइल बा वोट मंगे ताहर पवनवा, मांगे ला धूमी–धूमी आशीर्वाद। एनडीए के उपेंद्र कुशवाहा से मुकाबला एनडीए में ये सीट रालोजद के खाते में गई है और उपेंद्र कुशवाहा खुद यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं महागठबंधन की ओर से ये सीट माले के खाते में गई है। काराकाट सीट से माले ने राजाराम कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने आसनसोल से दिया था टिकट पवन सिंह को भाजपा ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से लोकसभा प्रत्याशी बनाया था। भाजपा की16 राज्यों के 195 प्रत्याशियों के नाम की लिस्ट में उनका भी नाम था, लेकिन पवन सिंह आसनसोल से लड़ने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद भाजपा ने यहां से एसएस आहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। माना जा रहा था कि पवन सिंह आरा से लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।खेसारी बोले- पवन सिंह को मेरी शुभकामनाएं, जल्द संसद भवन पहुंचे भोजपुरी सुपर स्टार खेसारी लाल यादव ने पवन सिंह को शुभकामनाएं दी है।

भाई से भाई को मिलने का सहारा चचरी पुल

बेगूसराय। का एक ऐसा गांव, जहां एक भाई अगर नदी पार दूसरे भाई के घर जाता है तो वो डरते-संभलते चचरी पुल को पार करता है। बच्चों को अगर स्कूल जाना है तो बांस के बने इस चचरी पुल पर फूंक-फूंक कर कदम रख सफर तय करते हैं। यह मजबूरी की कहानी है वीरपुर प्रखंड के मखवा गांव की। गांव के बीच में बना यह चचरी पुल ही दोनों ओर के लोगों का एक मात्र सहारा है। अगर लोग इस चचरी पुल का सहारा ना लें तो उन्हें करीब 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। दरअसल, बैती नदी ने मखवा गांव को दो हिस्सों में बांट दिया है। सालों से इस नदी पर कोई पुल नहीं बना तो लोगों ने खुद ही चंदा कर बांस का चचरी पुल तैयार कर लिया। पर समस्या तब बड़ी हो जाती है जब बरसात का वक्त आता है। पुल के ऊपर से नदी का पानी बहता है। बच्चों को अगर स्कूल जाना हो तो नाव का सहारा लेना पड़ता है। कई तो डर से स्कूल ही नहीं जाते हैं।बेगूसराय का एक ऐसा गांव, जहां एक भाई अगर नदी पार दूसरे भाई के घर जाता है तो वो डरते-संभलते चचरी पुल को पार करता है। बच्चों को अगर स्कूल जाना है तो बांस के बने इस चचरी पुल पर फूंक-फूंक कर कदम रख सफर तय करते हैं। यह मजबूरी की कहानी है वीरपुर प्रखंड के मखवा गांव की। गांव के बीच में बना यह चचरी पुल ही दोनों ओर के लोगों का एक मात्र सहारा है। अगर लोग इस चचरी पुल का सहारा ना लें तो उन्हें करीब 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। दरअसल, बैती नदी ने मखवा गांव को दो हिस्सों में बांट दिया है। सालों से इस नदी पर कोई पुल नहीं बना तो लोगों ने खुद ही चंदा कर बांस का चचरी पुल तैयार कर लिया। पर समस्या तब बड़ी हो जाती है जब बरसात का वक्त आता है। पुल के ऊपर से नदी का पानी बहता है। बच्चों को अगर स्कूल जाना हो तो नाव का सहारा लेना पड़ता है। कई तो डर से स्कूल ही नहीं जाते हैं।पिछले दिनों स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा में पुल निर्माण के मुद्दा को उठाया गया था।

किशनगंज में सीएम नीतीश ने की चुनावी सभा

किशनगंज। किशनगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनावी प्रचार के लिए आए। बेलवा स्थित मैदान में उनकी चुनावी सभा हुई। उन्होंने जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम के पक्ष में लोगों को संबोधित किया। मंच पर सीएम के साथ अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान, भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, एमएलसी संजय झा सहित दर्जनों पार्टी के नेता रहे। सीएम नीतीश की सभा में एनडीए के अन्य घटक दल का पोस्टर बैनर नहीं रहा। हालांकि भाजपा नेता मौजूद रहे। सभा में नीतीश ने आरजेडी पर परिवारवाद को लेकर कहा है। सीएम ने कहा है कि पहले बेटा, अब बेटी। आगे कौन आएगा पता नहीं। इसके साथ ही सीएम ने कांग्रेस पर भी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस पर परिवारवाद को लेकर तंज कसा। सुरक्षा के लिए पुलिस सोमवार से ही कैंप कर रही है मुख्यमंत्री के आगमन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। सभा स्थल के पास बैरिकेडिंग थी। सोमवार के शाम से ही पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती कर दी गई थी। एसडीएम लतीफुर रहमान अंसारी और एसडीपीओ गौतम कुमार लगातार सभा स्थल, सभा स्थल में पड़ने वाले रूटों का जायजा ले रहे थे। सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार भी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। एसडीपीओ गौतम कुमार ने बताया कि सीएम के आगमन को लेकर सभा स्थल के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा को लेकर पुलिस की टीम सोमवार से ही कैम्प कर रही थी।

CPI बताए कि क्या उन्हें चाहिए देशद्रोही का वोट

बेगूसराय। CPI द्वारा गिरिराज सिंह के बयान को लेकर चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र पर गिरिराज सिंह ने आज जोरदार पलटवार किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि सीपीआई एवं इंडी महागठबंधन वाले बताएं कि उन्हें देशद्रोही और पाकिस्तान परस्त का वोट चाहिए क्या। गिरिराज सिंह ने कहा कि मेरे बयान को लेकर शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। इंडी गठबंधन बताए, कम्युनिस्ट पार्टी बताए कि जो आरोप उन्होंने हम पर लगाया है, क्या वह देशद्रोहियों का वोट लेंगे। महागठबंधन और कम्युनिस्ट पार्टी यह बात बताएं कि क्या पाकिस्तान परस्त और दुश्मन देश का वोट लेंगे। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी और महागठबंधन को देशद्रोही और पाकिस्तान का वोट चाहिए तो पहले कह दें, तब बेगूसराय, बिहार और देश की जनता सोचेगी कि कौन सी पार्टी आ गई है। हम यह बात डंके की चोट पर कह रहे हैं हमें दुश्मन देश पाकिस्तान परस्त और देशद्रोही का वोट नहीं चाहिए। 'तेजस्वी यादव हार स्वीकार कर चुके हैं' तेजस्वी यादव द्वारा पूर्णिया के मंच से आरजेडी को वोट नहीं देने वाले से एनडीए को वोट देने की अपील किए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि महागठबंधन और तेजस्वी यादव हार स्वीकार कर चुके हैं। इसलिए यह उस तरह की बात कह रहे हैं। मुझे खुशी है कि अब वह मेरे लिए वोट मांग रहे हैं, यह बहुत अच्छा कर रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी और उनके भाई द्वारा हिंदू पर अधिक बच्चा पैदा करने संबंधी बयान दिए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि ओवैसी ब्रदर्स और वैसे सभी लोगों को मैं चुनौती के साथ करता हूं कि इस चुनाव में घोषणा करें कि जनसंख्या नियंत्रण कानून हम लाएंगे।

गोपालगंज में दुल्हन के दादा-मामा-भाई की सड़क हादसे में मौत

गोपालगंज। में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। होनेवाली दुल्हन का तिलक चढ़ाकर लौट रहे दादा, मामा और भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी छपरा से लौट रहे थे। इसी दौरान कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। मरनेवालों में एक बच्चा भी है। परिवार के 10 लोग एक कार से तिलक चढ़ाने गए थे। लौटने के दौरान हादसा हुआ, जख्मी लोगों में 2 की स्थिति नाजुक है। जिन्हें गोरखपुर रेफर किया गया है। मृतकों में सिधवलिया थाना क्षेत्र के बुचिया कली टोला गांव निवासी परमेश्वर राम का 3 साल का बेटा रेयांस कुमार (दुल्हन का भाई), सूरज राम (65) (दादा) और छपरा के गोरिया कोठी निवासी शंकर कुमार (25) (मामा) शामिल हैं। घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खैरा आजम गांव के पास की है। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात लोग जख्मी हो गए। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को और जख्मी लोगों को कार से बाहर निकाला। सिवालिया थाना क्षेत्र के बुचिया गांव निवासी रामकांत राम की बेटी की शादी छपरा के सिसवा गांव में तय हुई। सोमवार को तिलक चढ़ाने के लिए कार से करीब 10 लोग छपरा के सिसवा गए थे। तिलक चढ़ाकर सभी लोग वापस लौट रहे थे। तभी मंगलवार की अहले सुबह 3 बजे कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। घायलों में ड्राइवर के साथ-साथ दुल्हन के परिवार के लोग शामिल हैं। जख्मी लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने परमेश्वर राम की 12 साल की बेटी प्रीति, मजिस्टर राम के बेटे गोविंदा कुमार को गोरखपुर रेफर कर दिया। वही, रमाकांत राम का बेटा सचिन कुमार, स्व. जगदीश राम के बेटा राजा कुमार राम, परमेश्वर राम की 7 साल की बेटी सिमरन, 6 साल का बेटा ऋषभ और 8 साल की बेटी प्रिंसी बुरी तरह से जख्मी हो गए।
जिनका इलाज डॉक्टर की देखरेख में सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल चल रहा है।

कटिहार में सीएम नीतीश का चुनाव प्रचार

कटिहार। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत कटिहार में 26 अप्रैल को मतदान होना है। आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीसरी बार कटिहार लोकसभा क्षेत्र के समेली प्रखंड अंतर्गत धर्मपुर गांधी उच्च विद्यालय कृष्णा नगर खेल मैदान नरहिया में आएंगे। जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री एनडीए प्रत्याशी जदयू के दुलालचंद गोस्वामी के समर्थन में मतदान करने के लिए जनता से अपील करेंगे। एनडीए कार्यकर्ता समर्थक साथ रहेंगे सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा की व्यवस्था सख्त है। मंच के आसपास बैरिकेडिंग की गई। पुलिस कैंप कर रही है। जवानों के साथ पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। जनसभा स्थल पर सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में प्रशासनिक सुरक्षा के साथ-साथ एनडीए कार्यकर्ता समर्थक साथ रहेंगे।

रिटायर्ड टीचर ने रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भाई को मारी गोलीमौत

आरा। भोजपुर में खेत के विवाद में बड़े भाई (रिटायर्ड टीचर) मो. अब्दुल अजीज ने मंगलवार सुबह लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर छोटे भाई (रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव इंजीनियर) मो. लियाकत अली (62) की हत्या कर दी। मो. अब्दुल ने भाई के सीने और पेट में तीन गोली मारी है। हत्या करने के बाद आरोपी भाई 1 घंटे तक घटनास्थल पर ही बैठा रहा। घटना जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव की है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु ऊढ कन्हैया कुमार, चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा उन्होंने जिस राइफल से छोटे भाई की गोली मारकर हत्या की उस लाइसेंसी राइफल को भी जब्त कर लिया है। दरअसल, मृतक मूल रूप से गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव निवास स्व.जुमराती मियां के बेटे मो.लियाकत अली (62) है। वह पथ निर्माण विभाग में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर झारखंड के चतरा में पोस्टेड थे और दो साल पहले ही रिटायर्ड हुए थे। फिलहाल वह पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के फुलवारी शरीफ अलबाद कॉलोनी में पिछले कई सालों से अपना मकान बनाकर रह रहे थे।

कांग्रेस की 8 सीट पर कहां-किसकी किससे टक्कर

पटना। कांग्रेस ने पहले तीन सीटों भागलपुर से अजीत शर्मा, कटिहार से तारिक अनवर और किशनगंज से मो. जावेद को टिकट दिया। अब सोमवार को पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। महागठबंधन में कांग्रेस को नौ सीटें मिली हैं और अब तक कांग्रेस ने आठ सीटों पर उम्मीदवार फाइनल कर नाम सामने ला दिया। पटना साहिब की सीट पर अब तक कांग्रेस उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं कर सकी है। यहां से मीरा कुमार के बेटे अंशुल अभिजीत के नाम की चर्चा है। वहीं बीजेपी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद रविशंकर प्रसाद को मैदान में उतारा है।पहले कांग्रेस को मिली नौ सीटों में से 8 का चुनावी गणित जानिए

1. कटिहार- कटिहार से पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता तारिक अनवर मैदान में हैं। उन्होंने शरद पवार के साथ मिलकर अलग पार्टी एनसीपी भी बनाई थी लेकिन फिर एनसीपी छोड़ वापस कांग्रेस में आ गए थे। पिछली बार उन्हें कटिहार में जेडीयू के दुलाल चंद गोस्वामी ने हरा दिया था। इस बार जेडीयू ने फिर से दुलाल चंद गोस्वामी को टिकट दिया है। तारिक अनवर पांच बार सांसद रह चुके हैं। वे फिर से जीतते हैं तो राजनीति को क्रिकेट में उनका छक्का होगा। उनकी भिड़ंत जेडीयू के दुलालचंद गोस्वामी से है।

2. किशनगंज- किशनगंज से जेडीयू के प्रत्याशी मुजाहिद आलम हैं। यहां एआइएमआइएम के प्रत्याशी अख्तरुल ईमान भी मैदान में हैं। कांग्रेस ने यहां फिर से मो. जावेद को टिकट दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में मो. जावेद ने ही महागठबंधन की प्रतिष्ठा बचाई थी। उन्होंने जेडीयू के सैयद महमूद अशरफ को हराया था।

3. भागलपुर-भागलपुर में कांग्रेस के अजीत शर्मा के सामने जेडीयू से अजय मंडल मैदान में हैं। अजय मंडल ने पिछले लोकसभा चुनाव में आरजेडी के शैलेश कुमार को हराया था। कांग्रेस ओबीसी के इलाके में भूमिहार जाति के अजीत शर्मा को उतारकर सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा प्रयोग कर रही है। शर्मा भागलपुर से विधायक हैं।

4. महाराजगंज- महाराजगंज में कांग्रेस आकाश प्रसाद सिंह के सामने बीजेपी के जर्नार्दन सिंह सिग्रीवाल हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह पहले को खुद को दूसरी बार राज्य सभा भेजने में सफल हुए और उसके बाद अपने पुत्र आकाश को महाराजगंज से टिकट दिलाने में सफल हुए। यहां से प्रभुनाथसिंह के पुत्र रेस में थे लेकिन आकाश ने पिता की बदौलत टिकट की रेस जीत ली। पिछली बार यहां से सिग्रीवाल ने आरजेडी के रणधीर कुमार सिंह को हराया था। तब लालू प्रसाद के साला साधु यादव बीएसपी के टिकट पर मैदान में थे। 2014 में यहां सिग्रीवाल ने बाहबुली प्रभुनाथ सिंह को हराया था। में भी आकाश लोकसभा का चुनाव लड़े थे। उन्हें उपेन्द्र कुशवाहा ने पूर्वी चंपारण से आरएलएसपी का टिकट दिया था। बीजेपी नेता राधामोहन सिंह से आकाश बुरी तरह हारे थे।

5. सासाराम- सासाराम में कांग्रेस के मनोज कुमार के सामने बीजेपी के शिवेश राम हैं। यहां बीजेपी ने सीटिंग एमपी छेदी पासवान का टिकट काट लिया। उसके बाद लगातार चर्चा रही की छेदी कांग्रेस की सदस्यता ले सकते हैं। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें पार्टी में शामिल नहीं किया और मनोज कुमार को टिकट दे दिया। मनोज कुमार वीआईपी से भी जुड़े रहे थे। उनकी मां यशोदा देवी जीवन भर कांग्रेस के साथ रही। मनोज पिछली बार लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर सासाराम से लड़ चुके हैं। रुलर डेवलपमेंट की पढ़ाई इग्नू से की है।

6. समस्तीपुर- यहां का मुकाबला दिलचस्प हो गया है। जेडीयू नेता महेश्वर हजारी के पुत्र सनी हजारी को कांग्रेस ने टिकट दिया है और उनका मुकाबला जेडीयू नेता अशोक चौधरी की बेटी शांभवी लोजपा(रा) से होगा। यानी एक ही पार्टी के दो नेताओं की संतानों के बीच राजनीतिक दुश्मनी गजब दिख रही है। यहां से पिछली बार लोजपा के रामचंद्र पासवान चुनाव जीते थे और कांग्रेस के अशोक कुमार को हराया था।

संक्षिप्त डायरी

दो ट्रकों की टक्कर में दो लोग हुए घायल

किशनगंज। किशनगंज से सटे सीमा क्षेत्र से एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें 2 ट्रकों के बीच टक्कर में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जहां सीमा में तैनात जवानों ने दोनों घायलों बचाया। धनतोला-रसखोवा मुख्य मार्ग सोलपाड़ा के समीप दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई है। टक्कर इतना जबरदस्त था कि दोनों वाहनों के पड़खच्चे उड़ गए। साथ ही हादसे में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही सीमा में तैनात 72वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवान घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।मौके पर पहुंचे जवानों ने दोनों घायलों को बीएसएफ के वाहन से लौधान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया है। जहां अस्पताल में तैनात डॉक्टरों की मौजूदगी में दोनों घायलों का इलाज जारी है। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस अग्रेसर कार्रवाई में जुट गई है।

दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

सुपौल। सुपौल जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे में दो बुजुर्ग व्यक्तियो की मौत हो गई। इसके अलावा एक चालक समेत 9 साल का किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना सुपौल सरायगढ़ एनएच-327 ई मुख्य मार्ग की है। कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 50 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। ड्राइवर समेत एक 9 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से जख़्मी हो गया। जो इलाजरत है।बता दें कि मृतक 50 वर्षीय बड़ेलाल ठाकुर मधुबनी जिला अंतर्गत झोहरी पंचायत के पिपराही गांव वार्ड-13 निवासी हैं। घायलों में 9 वर्षीय आशीष ठाकुर और 30 वर्षीय गोविंद शाह मधुबनी जिले के पिपराही गांव निवासी हैं। इनका इलाज दरभंगा के डीएमसीएच में चल रहा है। मृतक बढ़ई का काम करते थे मृतक बढ़ई का कार्य गांव में किया करते थे। मृतक के बेटे सतेंद्र ठाकुर ने कहा कि सुपौल में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सुबह कार से घर लौट रहे थे। कार की रफ्तार ज्यादा थी। सुपौल सरायगढ़ मुख्य मार्ग एनएच 327 ए पर महीपट्टी के समीप कार पलट गई। हादसे में पिता की मौत हो गई। जबकि चालक और भतीजा जख्मी हो गया।किशनपुर थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार राय ने कहा कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। दूसरी घटना सहरसा बीरपुर-106 मुख्य मार्ग पर हुई दूसरी घटना राघोपुर थाना अंतर्गत सहरसा बीरपुर-106 मुख्य मार्ग पर हुई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय छुतहरू यादव पिपरा थाना इलाके के देवी पट्टी वार्ड नंबर 10 निवासी के रूप में हुई है। मृतक के भतीजा रामचंद्र यादव ने बताया कि मेरे चाचा छूतहरू यादव अपने बेटी के सुसराल राघोपुर थाना इलाके के तीन तोलिया में रविवार को गए थे। जहां से वो सोमवार की दोपहर पैदल बस पकड़ने एनएच 106 पर जा रहे थे। इसी दौरान पिपरा की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में वे जख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने राघोपुर रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए एडमिट कराया। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मधेपुरा के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। राघोपुर थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हुई है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

नतनी की शादी से लौट रहे नाना की मौत

वैशाली। में नतनी की शादी समारोह से घर लौट रहे नाना की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची महुआ थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। घटना महुआ थाना क्षेत्र के फुरार चौक हनुमान मंदिर के पास सोमवार देर रात की है। मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत निवासी स्व. राम बरन सहनी के 65 वर्षीय पुत्र विजय सहनी के रूप में हुई है। जो अपने नतनी की शादी 21 अप्रैल को बेटी के घर करपूर्वा गए हुए थे। शादी समारोह समाप्त होने पर वे अपने घर लौट रहे थे। तभी बालू लदे ट्रक ने कुचल दिया।मृतक के दो बेटे और दो बेटियों हैं। सभी की शादी कर चुके हैं। फिलहाल वे कोलकाता में रहकर चाय-नाश्ता की दुकानें चलाते थे। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बालू लदे ट्रक को पकड़ लिया। हालांकि ट्रक चालक मौके से भागने में कामयाब हो गया। ट्रक को महुआ थाने की पुलिस ने जब्त कर लिया है और प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई में जुट गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने फिर की बाबा की खिंचाई... प्रकाशित माफीनामे के साइज पर उठाए सवाल

नई दिल्ली । पतंजलि आयुर्वेद की ओर से अपनी दवा कोरोनिल को कोरोना से निपटने वाली औषधि बताने के प्रचार पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फिर लताड़ लगा दी। अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद और बाबा रामदेव से कहा था कि वे इस मामले में सार्वजनिक माफी मांगें। इसके पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अदालत में हाथ जोड़कर माफी मांगी थी। लेकिन कोर्ट ने उन दोनों की माफी को खारिज कर दिया था। इसके बाद बाबा ने कहा था कि हम सार्वजनिक माफी के लिए तैयार हैं। इसके बाद अदालत ने एक सप्ताह का वक्त दिया था। अब अदालत ने अखबारों में छपे माफीनामे पर ही सवाल उठा दिया। बेंच ने सवाल किया कि आखिर माफीनाम कल ही क्यों प्रकाशित किया गया। इसके अलावा बेंच ने सवाल उठाया कि क्या आपका माफीनाम उतना बड़ा ही छपा है, जितना बड़ा विज्ञापन होता है। इस पर पतंजलि आयुर्वेद के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस माफीनामे में सुप्रीम कोर्ट में वकीलों की पेशी के बाद भी प्रेसवार्ता करने और विज्ञापन में गलत दावा करने पर माफी मांगी गई है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट की ओर से विज्ञापन और माफीनामे के साइज को लेकर जब सवाल उठाया गया, तब उन्होंने कहा कि इसके प्रकाशन में 10 लाख रुपये का खर्च आया है। बाबा के वकील ने बताया कि हमने कल कई अखबारों में माफीनामा छपवाया है। पतंजलि आयुर्वेद की ओर से छपे माफीनामे में कहा गया है, पतंजलि आयुर्वेद सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का बेहद सम्मान करता है। हम विज्ञापन छपवाने और सुप्रीम कोर्ट में वकीलों के बयान के बाद भी प्रेसवार्ता करने के लिए माफी मांगते हैं। हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि भविष्य में ऐसी कोई गलती न हो।

रिपोर्ट में हुआ खुलासा- जहर से नहीं हुई मुख्तार अंसारी की मौत

बांदा। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 (गुरुवार) को देर रात मौत हो गई थी। इसको लेकर आरोप लग रहे थे कि मुख्तार अंसारी को जहर दिया गया है। अब विसरा की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, जिसमें जहर से मरने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल विसरा रिपोर्ट को न्यायिक टीम को सौंप दी गई है। इससे पहले बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर उनके भाई, बेटे और परिजनों ने मुख्तार को जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। जिसके लिए प्रशासनिक व न्यायिक जांच बैठी थी। जानकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद भी जहर देने के शक में विसरा लखनऊ जांच के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्तार अंसारी की विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद इसे न्यायिक जांच टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट में जहर देने की पुष्टि नहीं की गई है ।बता दें कि बांदा जेल की बैरक में मुख्तार अंसारी की तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आए थे जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। सूचना मिली कि मुख्तार को आईसीयू से सीसीयू में भर्ती करना पड़ा। यहां मुख्तार के इलाज में 9 डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी। हालांकि, मुख्तार की जान नहीं बच सकी। इससे पहले मंगलवार को उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने कब्ज की समस्या बताई थी और इलाज के बाद उसी दिन कारागार भेज दिया था।

कर्नाटक, गुजरात स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में सबसे आगे : रिपोर्ट

नई दिल्ली। देश में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में कर्नाटक और गुजरात सबसे आगे हैं, जबकि झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। शोध संगठन इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) और स्वच्छ ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर की संयुक्त रिपोर्ट में मंगलवार को यह बात कही गई। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा कि कर्नाटक और गुजरात ने सभी आयामों में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। इन राज्यों ने अपने बिजली क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रभावी ढंग से जोड़ा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम करने में मजबूत प्रगति हुई है। दूसरी ओर झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को सुधार की जरूरत है। यह रिपोर्ट ऐसे वक्त में जारी हुई है जब भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की लहर चल रही है। इसके कारण बिजली मंत्रालय 260 गीगावाट की अनुमानित अधिकतम बिजली मांग की तैयारी कर रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में सौर ऊर्जा जैसी अधिक स्वच्छ ऊर्जा के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा होती हैं। आईईईएफए के निदेशक (दक्षिण एशिया) और रिपोर्ट में योगदान करने वाले लेखक विभूति गर्ग ने कहा कि चक्रीय मौसमी परिस्थितियों के साथ ही तेज आर्थिक गतिविधियों के कारण भारत में हर साल अधिकतम बिजली की मांग बढ़ रही है। केंद्र सरकार ग्रिड में अधिक नवीकरणीय ऊर्जा को जोड़ने के लिए कदम उठा रही है, हालांकि राज्यों को भी ऐसा करने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अब राज्य स्तर पर कई मापदंडों की लगातार निगरानी करने की जरूरत है। एम्बर के एशिया कार्यक्रम निदेशक और रिपोर्ट में योगदान करने वाले लेखक आदित्य लोला ने कहा कि कुछ राज्यों ने विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा नियोजन को बढ़ावा देने, कृषि जरूरतों के लिए सौर पंपों को बढ़ावा देने और अपनी बिजली प्रणालियों में अधिक नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ने के लिए भंडारण समाधान बढ़ाने जैसे प्रगतिशील कदम उठाए हैं।

मुंबई हवाई अड्डे पर साढ़े छह करोड़ का सोना-हीरा जब्त, चार गिरफ्तार

मुंबई। पिछले कुछ महीनों से देशभर में सोने की तस्करी की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई है। उधर, कस्टम विभाग के अधिकारी भी बढ़ रहे मामलों को देखते हुए सतर्क हैं और सोने की तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कर रहे हैं. इस बीच कस्टम विभाग ने सोमवार को मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नूडल्स और अंडरवियर के पैकेट के जरिए तस्करी कर लाए जा रहे करोड़ों रूपये मूल्य के सोना और हीरा जब्त किया है. मिली जानकारी के अनुसार कस्टम विभाग को इसकी जानकारी मिली थी. सूचना मिलते ही अधिकारियों ने संदिग्धों की तलाश की. इस दौरान आरोपियों के पास 254.71 कैरेट के प्राकृतिक हीरे और 977.98 कैरेट के प्रयोगशाला में विकसित हीरे कुल 2 करोड़ रुपये के हीरे पाए गए। इसके अलावा आरोपियों के पास 4.4 करोड़ रुपये मूल्य का 6.8 किलो सोना भी मिला. इन हीरों के साथ-साथ सोने की तस्करी नूडल्स के पैकेट और अंडरगारमेंट्स में की गई थी। इस मामले में कस्टम विभाग के अधिकारियों ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त हीरे और सोने की कुल कीमत करीब 6 करोड़ 46 लाख रुपये है. बताया गया है कि कोलंबो से मुंबई आये एक विदेशी नागरिक को हवाई अड्डे पर रोका गया और उसके अंडरगारमेंट्स के अंदर छुपाकर 24 कैरेट सोने की छड़ें और एक कटा हुआ टुकड़ा, जिसका कुल वजन 321 ग्राम था, ले जाते हुए पाया गया। वहीं मुंबई से बैंकॉक जा रहे एक भारतीय नागरिक को रोका गया और उसे अपने ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाकर हीरे की तस्करी करते हुए पाया गया। प्राकृतिक हीरे 254.71 कैरेट और प्रयोगशाला में विकसित हीरे 977.98 कैरेट जिनकी कीमत 2.02 करोड़ रुपये है, बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक इतनी बड़ी मात्रा में जब्त किया गया सोना विमान के जरिए विदेश से तस्करी कर लाया जा रहा था. मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारी ने चारों आरोपियों से गहन पूछताछ कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आपको बता दें कि पिछले महीने कस्टम विभाग की टीम ने तस्करी के दो बड़े मामलों में दुबई से लाया गया करोड़ों रुपये का सोना जब्त किया था.

सलमान खान के बाद अब विधायक जितेंद्र आह्वाड बिश्नोई गैंग के रडार पर

मुंबई। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सलामन खान के घर पर गोली चलाई गई। वहीं इस फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी सोशल मीडिया के जरिए बिश्नोई गैंग ने ली. इसके बाद मुंबई पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दिया और दो लोगों को गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया. इसके बावजूद बिश्नोई गैंग शांत नहीं है. अब उसने शरद पवार गुट के एनसीपी नेता व विधायक जितेंद्र आह्वाड को अपने रडार पर लिया है. खबर है कि इस गैंग ने उन्हें धमकी देते हुए लाखों रुपये की फिरौती मांगी है.

लॉरेंस बिश्नोई गैंग महाराष्ट्र में सक्रिय- लॉरेंस बिश्नोई पंजाब का एक गैंगस्टर है। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं. इसी गैंग ने पंजाबी गायक सिद्धू मूसवाला की हत्या की थी. जिसके बाद हर तरफ इसकी चर्चा हो रही है. गैंग के दो लोगों ने पिछले हफ्ते सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट पर पांच राउंड फायरिंग की थी। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए कई टीमें बनाईं.

वोटरों को बूथ तक लाने के लिए भाजपा ने बनाई विशेष रणनीति

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के बचे हुए छह चरणों में मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए भाजपा ने विशेष रणनीति तैयार कर ली है। पार्टी की कोशिश है कि अपने कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा उत्साहित कर मतदाताओं को वोटिंग वाले दिन मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़े और पार्टी की जीत का अंतर भी।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिन में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं से लोगों के घर-घर जाकर वोटरों से सीधा संपर्क स्थापित करने और मतदान के दिन टोलियां बनाकर उत्सव मनाते हुए पोलिंग बूथ पर जाने का आह्वान किया था। उन्होंने देशभर के पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित करने की नसीहत देते हुए कहा था, ÷मेरा आपसे अनुरोध है कि आप घर-घर जाइए, सभी मतदाताओं के पास जाकर इन सारे विषयों के बारे में घर में बैठकर उन्हें बताइए और उनसे वादा लीजिए कि घर में शादी हो या छुट्टी हो लेकिन वे वोट करने जाएंगे। उनसे पक्का वादा लीजिए और और दूसरा काम, जब मतदान हो तो अपने पोलिंग बूथ पर उत्सव मनाइए। यह लोकतंत्र का उत्सव है, आनंद उत्सव होना चाहिए। छोटी-छोटी 15-20 लोगों की टोलियां बनाकर गीत गाते-गाते मतदान करने के लिए जाएं और हमारे गांव वाले तो तुरंत गीत बना भी लेते हैं। लोकतंत्र का जय-जयकार करते हुए जाए,उत्सव मनाएं और फिर मतदान कर वापस लौटें। तीसरा काम, हमें पोलिंग बूथ जीतना है। हमें एक भी पोलिंग बूथ हारना नहीं है। घर-घर जाना है। मतदाताओं को मिलकर सारी बातें बतानी है, सिर्फ दरवाजे पर पर्चा देकर नहीं आना है, बल्कि उनके घर में जाकर बैठना है, उनका पानी पीना है और उनसे 5-10 मिनट बात करनी है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद सोमवार को ही देर रात भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिस बैठक में नड्डा के अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, विनोद तावड़े, तरुण चुग, अरुण सिंह और दुष्यंत गौतम सहित अन्य कई नेता शामिल हुए।

सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को देर रात तक चली बैठक में शाह और नड्डा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देशभर में चलाए रहे चुनाव प्रचार अभियान, प्रथम चरण के तहत देश के 21 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे तमाम चुनावी अभियानों की समीक्षा की। सूत्रों की मानें तो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक बैठक में बूथ स्तर तक जाकर चुनाव के बचे हुए 6 चरणों मे मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए घर-घर जाकर उन्हें अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर और कांग्रेस के घोषणापत्र सहित उन तमाम मुद्दों के बारे में जानकारी देने की रणनीति भी तैयार की गई, जिन मुद्दों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपनी चुनावी जनसभाओं में लगातार उठा रहे हैं।

भारत तोड़ो की राजनीति तुरंत बंद करे कांग्रेस : प्रमोद सावंत

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता विरियाटो फर्नांडीस के गोवा पर भारतीय संविधान थोपने संबंधी बयान पर राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भयावह करार देकर निशाना साधा है। सीएम सांवत ने कहा मैं इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान से स्तब्ध हूं। कांग्रेस को भारत तोड़ो राजनीति को तुरंत बंद करना चाहिए। गोवा के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक प्रमोद सावंत ने एक्स पर कांग्रेस नेता फर्नांडीस के चुनावी सभा में भारतीय संविधान को लेकर टिप्पणी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के दक्षिण गोवा उम्मीदवार की टिप्पणियों से स्तब्ध हूं, जिसमें दावा किया है, कि भारतीय संविधान को गोवावासियों पर जबरदस्ती थोपा गया है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का पूरे दिल से मानना था कि गोवा भारत का अभिन्न अंग है। कांग्रेस ने गोवा की मुक्ति में 14 वर्ष की देरी की। अब, उनके उम्मीदवार ने भारतीय संविधान को कमजोर करने की हिम्मत की। सीएम सांवत ने कहा कि कांग्रेस को इस लापरवाह भारत तोड़ो राजनीति को तुरंत बंद करना चाहिए। कांग्रेस हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा है। गौरतलब है कि फर्नांडीस दक्षिण गोवा से कांग्रेस के लोक सभा उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा था कि वर्ष 1961 में पुर्तगाली शासन से आजादी के बाद गोवा पर भारतीय संविधान थोपा गया था। इस दौरान फर्नांडीस ने पिछले लोकसभा के दौरान राहुल गांधी के साथ अपनी बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैंने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान उनके सामने भी इस मुद्दे को उठाया था।

योगी आदित्यनाथ की हुंकार, बोले- भारत अंबेडकर के बनाए संविधान से चलेगा देश, किसी शरिया कानून से नहीं

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पार्टी की आलोचना की और कहा कि भारत 'भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, किसी शरिया कानून से नहीं'। उत्तर प्रदेश में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर परोक्ष हमला किया और कहा कि 1970 में, पार्टी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया, और, 'ग़रीबी तो ख़त्म नहीं हुई लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आज़ादी मिल गई।'

योगी ने आगे कहा, 'तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है...तो हमारे दलित, पिछड़े, गरीब, किसान आदि कहां जाएंगे?' उन्होंने कहा कि आजादी के 70 साल बाद भी कांग्रेस और उसके सहयोगियों का शासन रहा, फिर भी 50 करोड़ लोगों के पास बैंक खाता नहीं था...अगर इतने सारे लोग इन बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं तो इसके लिए कांग्रेस और उसके सहयोगी जिम्मेदार हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वे (कांग्रेस) गरीबी दूर नहीं कर पाए लेकिन अब उनकी नजर लोगों की मेहनत की कमाई, संपत्ति और आभूषणों पर है। वे

महिलाओं की मेहनत की कमाई और उनकी मेहनत से बनाए गए आभूषणों को लूटने की कोशिश कर रहे हैं... वे केवल देश को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं... अब भारत के लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे।' बागपत में योगी आदित्यनाथ ने कहा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में दो बाते नजर आती हैं पहला- कांग्रेस कहती है कि शरिया कानून लागू कर देंगे इसका मतलब वे बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के लिए खतरा पैदा करना चाहते हैं। तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं। उनका घोषणा पत्र कहता है कि गरीबी हटा देंगे। वो बेटी, बहनों और माताओं के गहनों को जब्त करने की साजिश रच रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि आज जो INDI गठबंधन के रूप में आपके सामने आए हैं उन्होंने देश के साथ गद्दारी की है और फिर से गद्दारी करने के लिए ये अपने घोषणापत्र के साथ आपके सामने आए हैं... कांग्रेस कहती है कि हमारी सरकार बनी तो हम शरिया कानून लागू करेंगे...भारत बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा न कि किसी शरिया कानून से।

आवैसी का हमला, मोदी, शाह और योगी सभी के 6-7 भाई बहन

हैदराबाद । ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और दिवंगत अटल बिहारी वाजेपेयी के परिवार पर सवाल उठा दिया। पीएम मोदी के बयान को लेकर उन्होंने कहा, क्या हम (मुसलमान) घुसपैठिए और कई बच्चों वाले लोग हैं? क्या आप जानते हैं, कि अटल बिहारी वाजपेयी के कितने भाई-बहन थे। वाजपेयी को लेकर भाई-बहनों की संख्या 7 थी। क्या वह परिवार ज्यादा बच्चा पैदा करने वाला नहीं हुआ? क्या मुसलमान बहुत सारे बच्चे रखने वाले लोग हैं?

पीएम मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अगले माह पंजाब में रैलियों व बैठकों में हिस्सा लेंगे

-पुलिस सुरक्षा के लिये तैयार

चंडीगढ़ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अगले महीने पंजाब आएंगे। वे रैलियों व बैठकों में हिस्सा लेंगे। इसके लिये मान सरकार की आम राज्य प्रबंध विभाग की प्रोटोकॉल शाखा ने सभी विभाग के प्रमुख, डीसी, पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा इंतजाम को लेकर एक पत्र जारी किया है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि पीएम की सुरक्षा के इंतजाम को लेकर नियमों का पालन किया जाए। पत्र के अनुसार राज्य स्तर पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर जो भी इंतजाम किए जाते हैं वह पूरे होने चाहिए। इसमें सुरक्षा बैरिकेड्स, पार्किंग सुविधा व हेलीपैड समेत अन्य प्रबंध शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा जल्द ही अपने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी करने की तैयारी कर रही है। इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भी अगले माह से पंजाब में दस्तक देना शुरू कर देंगे। भाजपा ने अभी तक 9 और कांग्रेस ने 6 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। दोनों पार्टियों के अनुसार सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही वह प्रदेश में अपना प्रचार भी तेज कर देंगे। बता दें कि भाजपा ने चुनाव आयोग से अपील की थी कि पीएम सुरक्षा के लिए अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियां शामिल होती हैं। अनुभव न होने के चलते राजनीतिक दलों के प्रबंधकों को सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के लिए राज्य व जिला अथॉरिटी को प्रधानमंत्री की बैठकों, रोड शो व रैली के लिए कार्यक्रम के स्थान पर सभी इंतजाम की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए जिसमें वह सभी सुरक्षा एजेंसियों व तय राजनीतिक नेताओं से संपर्क कर सकते हैं। इस सब के बाद ही चुनाव आयोग ने इस संबंध में पंजाब सरकार को निर्देश जारी किए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2022 जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला भी सामने आया था। वह हुसैनीवाला में जनसभा को संबोधित करने आए थे तब कुछ प्रदर्शनकारियों ने उनका रास्ता रोक लिया था। इस दौरान वह करीब 15-20 मिनट तक वहीं फंसे रहे थे और बाद उनका काफिला वापस लौट गया था।

भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास इंडिया गठबंधन कर सकता : जयराम रमेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास इंडिया गठबंधन की सरकार ही कर सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप भी लगाया कि पिछले 10 वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन एक या दो कंपनियों के हाथों बेच दिए गए। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट किया, पीएम मोदी आपको ये सब कभी नहीं बताएंगे कि 2012 से 2021 तक देश में बनी संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सिर्फ एक प्रतिशत आबादी के पास गया है।

उन्होंने दावा किया कि देश में कुल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का लगभग 64 प्रतिशत गरीबों, निम्न मध्य वर्ग और मध्य वर्ग से आता है। रमेश ने कहा, पिछले दस वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन

एक या दो कंपनियों के हाथों बिके हैं। अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार के कारण महंगाई बढ़ी है। उनके मुताबिक, आज 21 अरबपतियों के पास कुल मिलाकर 70 करोड़ भारतीयों से अधिक संपत्ति है। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, भारत को तेज आर्थिक विकास की जरूरत है। भारत को बहुत अधिक समावेशी आर्थिक विकास की आवश्यकता है। भारत को अधिक टिकाऊ पर्यावरणीय विकास की आवश्यकता है। केवल इंडिया गठबंधन ही यह तीनों कर सकता है और करेगा।

आप नेता का आरोप... पीएम मोदी 24 घंटे सीसीटीवी से केजरीवाल की निगरानी कर रहे

-जेल में रोज झाड़ू लगा रहे केजरीवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने मोदी सरकार पर अटैक कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीसों घंटे सीसीटीवी से अरविंद केजरीवाल की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एलजी का ऑफिस भी इसी काम में लगा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री रोज तिहाड़ जेल में झाड़ू लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज मैं जो सच बताने जा रहा हूं, यह बात सुनकर सब हैरान हो जाएंगे...तिहाड़ जेल केजरीवाल के लिए यातना गृह बन गया है। आप को याद होगा कि हिटलर भी अपने विरोधियों के लिए यातना गृह बनाता था। आज वहीं हो रहा है।

आप नेता सिंह ने कहा, तिहाड़ में बंद केजरीवाल पर पीएमओ और एलजी ऑफिस 24 घंटे निगरानी रख रहा है। पीएम मोदी लिंक मंगा कर देखते हैं, कि

केजरीवाल क्या कर रहे हैं। आखिर इतनी निगरानी क्यों है? क्या देख रहे हैं, क्या देखना चाहते हैं? केजरीवाल को दवा मिली कि नहीं? खाना मिला कि नहीं? कितना पढ़ रहे हैं? कितना लिख रहे हैं? आप देखना क्या चाहते हैं? आप ये देखना चाहते हैं कि केजरीवाल कितना बीमार हुए, उनका स्वास्थ्य बिगड़ा की नहीं? यह देखना चाहते है कि वह कितना टूटे, कितना मनोबल टूटा। एलजी भी इसी काम में लगे हुए है।

आप के राज्यसभा सांसद ने कहा, केजरीवाल से प्रतियोगिता करना है, तब काम की राजनीति करिए। बनाइए स्कूल और अस्पताल। सड़कें बनाइए... महंगाई कम कीजिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करे। आप को किसानों, महिलाओं और युवाओं की चिंता करनी चाहिए। लेकिन आप केजरीवाल का मनोबल गिराने की चिंता कर रहे हैं। 24 घंटे उनकी निगरानी कर रहे हैं। आप के इस अत्याचार को पूरा देश देख रहा है। केजरीवाल जेल में रोज झाड़ू लगा रहे हैं। केजरीवाल जितना जेल में झाड़ू लगाएंगे, उतना भाजपा बाहर साफ होगी। पूरे देश से सफाया होगा।

संजय सिंह ने कहा, सारे नियम-कानून तोड़कर जेल में केजरीवाल के सीसीटीवी कैमरे का लिंक मंगाकर देख रहे हैं। इसलिए बार-बार दोहराना पड़ता है कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश चल रही है। उनके खिलाफ कोई भी अनहोनी हो सकती है।

कांग्रेस के लिए झटका.... एनडीए गठबंधन को मिला मेगास्टार चिरंजीवी का साथ

अमरावती (एजेंसी)। लोकप्रिय टॉलीवुड हीरो और पूर्व केंद्रीय मंत्री कोनिडेला चिरंजीवी द्वारा एक वीडियो बयान में आंध्र प्रदेश में आगामी चुनावों के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), जनसेना पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच गठबंधन का स्वागत किया, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल मच गई है। पेंडुरथी विधानसभा क्षेत्र से जनसेना पार्टी के प्रत्याशी पंचकरला रमेश बाबू और अनकापल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सीएम रमेश के साथ मेगास्टार के रूप में मशहूर चिरंजीवी ने लोगों से समग्र विकास के लिए सही और ईमानदार उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की।

अपने संदेश में चिरंजीवी ने कहा कि मुझे राजनीति के बारे में बात करते हुए कई साल हो गए हैं। इतने वर्षों के अंतराल के बाद अब राज्य की राजनीति पर बोलने का मुख्य कारण मेरे छोटे भाई और जनसेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं। चिरंजीवी ने कहा कि यह एक अच्छा विकास है कि पवन, टीडीपी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और भाजपा नेतृत्व गठबंधन बनाने के लिए एक साथ आए हैं। मेरे लिए अब आपके सामने आने का एक और कारण यह है कि मेरे करीबी दोस्त सीएम रमेश और मेरे करीबी एक अन्य नेता पंचकरला रमेश चुनाव लड़ रहे हैं। वे अच्छे और कुशल हैं और मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे अनाकापल्ली के विकास के लिए काम करना जारी रखने वाले है।

उन्होंने स्वीकार किया है कि आंध्र की राजनीति में हाथ आजमाने का उनका अनुभव सुखद नहीं रहा। उन्होंने 2009 के चुनावों में एनटी रामाराव जैसी तत्काल सफलता का स्वाद चखने की उम्मीद में, 2008 में बड़ी धूमधाम से प्रजा राज्यम की शुरुआत की। हालांकि, उनकी पार्टी को सिर्फ 18 सीटें ही मिलीं। मेगास्टार जैसे अहंकार बढ़ाने वाले ऊंचे नाम की सुंदरता के आदी चिरंजीवी के लिए, संयुक्त आंध्र प्रदेश में 294 विधायकों में से केवल एक होना एक बड़ी गिरावट थी।

बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया और बदले में उन्हें राज्यसभा सीट और केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय मिला। 2014 में कांग्रेस के सत्ता खोने के बाद, चिरंजीवी पूरे समय के लिए ग्रीसपेंट और स्टूडियो आर्क लाइट की परिचित दुनिया में लौट आए। चिरंजीवी के समर्थन ने आंध्र प्रदेश में कांग्रेस को भी आश्चर्यचकित कर दिया, जिसने पिछले दिन ही लोगों को याद दिलाया था कि अभिनेता अभी भी पार्टी के रिकॉर्ड के सदस्य हैं। वहीं इसके नेताओं ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तब वे कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार भी कर सकते हैं। इस बात पर ध्यान न दें कि अभिनेता को कई वर्षों से कभी भी किसी पार्टी मंच पर नहीं देखा गया था।

पिछले हफ्ते, चिरंजीवी ने पार्टी के चुनाव खर्च में मदद के लिए अपने छोटे भाई और जन सेना के प्रमुख पवन कल्याण को 5 करोड़ रुपये का चेक भी दिया था। पवन ने खुद आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि वह 2014 से ही चिरंजीवी के आशीर्वाद का इंतजार कर रहे थे जब उन्होंने जन सेना लांच की थी।

सूत्रों का कहना है कि चिरंजीवी को काफी समय से सूक्ष्म तरीके से लुभाया जा रहा है। पिछले साल ऑस्कर में फिल्म आरआरआर की सफलता के बाद चिरंजीवी और अभिनेता-बेटे राम चरण को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में सम्मानित किया था। सीएम रमेश का

दावा है कि उन्होंने उस बैठक में मदद की। रमेश का कहना है कि चिरंजीवी के प्रशंसक होने के अलावा, वह अभिनेता को उस दिन से व्यक्तिगत रूप से जानते हैं, जब उन्होंने 2012 में राज्यसभा के सदस्यों के रूप में एक साथ शपथ ली थी।

आईपीएल में आज होगा दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला

-प्लेऑफ के लिए दावेदारी बनाये रखने जीत के इरादे से उतरेंगी दोनो टीमें

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल के 40 वें मुकाबले में बुधवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। कैपिटल्स ने इस सत्र में खराब शुरुआत के बाद लगातार दो मैच जीतकर लय हासिल की थी पर पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे सबक लेते हुए दिल्ली अब इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। पिछले मैच में दिल्ली की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में असफल रही थी। इसलिए इस मैच में उसका लक्ष्य शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना होगा। इस मैच में कप्तान ऋषभ पंत को भी जीत के लिए आक्रामक अंदाज में खेलना होगा। हैदराबाद के खिलाफ मैच में वह उस तेजी से नहीं खेल पाये थे जिसकी जरुरत थी। इसके अलावा उनकी कप्तानी भी ठीक नहीं रही थी। सनराइजर्स के खिलाफ उनके फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह ओस के पहलू को सही तरह से नहीं समझ पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके अलावा पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का उनका फैसला भी गलत रहा जिससे सनराइजर्स के बल्लेबाजों को आक्रामक शुरुआत का अवसर मिल गया। टीम ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर फिसल गयी है। ऐसे में उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने अब हर मैच जीतना होगा।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ संघर्ष करते दिखे। वह 35 गेंद में 44 रन ही बनाकर आउट हो गये।

टीम के बल्लेबाजों से सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की अपेक्षा थी पर उसके सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और डेविड वार्नर इसमें सफल नहीं रहे। युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने तेजी से खेलते हुए 18 गेंद में 65 रन बनाए पर उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली पर ये जीत के लिए पर्याप्त नहीं थी। वहीं गेंदबाजी में भी दिल्ली के गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे और सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद के अलावा दिल्ली के प्रमख गेंदबाज एनरिक नोर्किया भी विफल रहे। टीम के

अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा जकड़ने के पिछले मैच से बाहर रहे थे अगर उनकी वापसी होती है तो टीम को लाभ होगा। स्पिन कुलदीप यादव ही अब तक दिल्ली के सबसे सफल रहे हैं। उन्होंने इस सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट लिए हैं पर सनराइजर्स पर वह भी अंकुश नहीं लगा पाये।

वहीं दूसरी ओर शुभमन गिल की कप्तानी में उतर रही गुजरात के लिए भी ये सत्र अधिक सफल नहीं रहा है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। इससे टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी नजर आती है हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में मिली जीत से टीम के हौंसला बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा। टीम अब तक आठ मैच में चार जीत और चार हार से आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। ऐसे में अब उनका लक्ष्य भी इस मैच में जीत दर्ज कर प्ले ऑफ के लिए अपनी दावेदारी बनाये रखना रहेगा। टीम की बल्लेबाजी शुभमन के अलावा साई सुदर्शन, डेविड मिलर, आदि बल्लेबाजों पर रहेगी। वहीं निचले क्रम में टीम को तेजी से आगे बढ़ाना आक्रामक बल्लेबाज राहुल तेवतिया के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। गेंदबाजी की कमान मोहित शर्मा, नूर अहमद के अलावा स्पिनर राशिद खान संभालेंगे। वहीं दिल्ली की बल्लेबाजी ऋषभ के

टीम

दिल्ली कैपिटल्स- ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क।

गुजरात टाइटंस- शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार।

रहेगी। गेंदबाजी की जिम्मेदारी एनरिक नोर्किया, खलील अहमद, कुलदीप यादव के अलावा अक्षर पटेल के पास रहेगी। ये मैच कुल मिलाकर रोमांचक रहेगा।

नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार



मैड्रिड (एजेंसी)। विश्व के नंबर-एक सार्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पांचवी बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सोमवार को मैड्रिड के गैलेरिया डी क्रिस्टल में आयोजित एक शानदार समारोह में जोकोविच को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि साथी टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया।

पुरस्कार के बाद जोकोविच ने कहा, 'मैं अपना पांचवां लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉड जीतकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। मैं 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं, यह दर्शाता है एक ऐसा साल जो मेरे और मेरे प्रशंसकों के लिए ढेर सारा उत्साह और सफलता लेकर आया। उन्होंने कहा, 'मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना इतनी सफलता हासिल नहीं कर पाता, जिन्होंने हमेशा मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने के लिए प्रेरित किया है।'

अन्य सम्मानों में स्पेन की फुटबॉल स्टार एताना बोनमती को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्सवुमेन और विश्व कप जीतने वाली उनकी टीम को लॉरियस टीम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि अमेरिकी जिम्नास्टिक स्टार सिमोन बाइल्स को कमबैक ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला।

दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर मिचेल मार्श आईपीएल से बाहर हुए

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुम्बई (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श चोटिल होने के कारण आईपीएल टूर्नामेंट से हट गये हैं। ऑलराउंडर मार्श का बाहर होना दिल्ली टीम के लिए करारा झटका है। कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्श हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण अब आईपीएल सत्र के बचे हुए मैचों में नहीं खेल पायेंगे। पोंटिंग के अनुसार इस चोट से उबरने में समय लगाता है। इस कारण वह अब भारत नहीं लौटेंगे। मार्श क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चिकित्सीय दल से परामर्श करने के लिए 12 अप्रैल को पर्थ वापस चले गए थे। वहां जांच के बाद पता चला है कि मार्श के लिए अब ये सत्र खेलना संभव नहीं है। उसी के बाद इस मामले में कैपिटल्स ने अंतिम फैसला लिया। पोंटिंग ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब वह वापस आएंगे क्योंकि सीए चाहता है कि मार्श की चोट की रिकवरी ऑस्ट्रेलिया में ही हो। इसी कारण से हमने भी उन्हें स्वदेश भेज दिया था। सीए के मेडिकल स्टाफ के सदस्य कुछ सप्ताह से उनके रिहैब पर काम कर रहे हैं। मैंने मार्श से हाल ही में बात की थी और ऐसा लगता है कि उस चोट से उबरने में उन्हें अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है पर मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

बांग्लादेश के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया रवाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम बांग्लादेश के खिलाफ 28 अप्रैल से शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को रवाना हो गई। भारत इस साल 28 अप्रैल से 9 मई तक पांच मैचों की टी20 सीरीज में बांग्लादेश से खेलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बांग्लादेश के लिए प्रस्थान करने वाली टीम की एक तस्वीर साझा की। बीसीसीआई ने ट्वीट किया- यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का समय है। सटीमइंडिया बांग्लादेश के लिए रवाना हो गई है।

सीरीज की शुरुआत रविवार, 28 अप्रैल को सिलहट में पहले ञ20ढ्ढ से होगी। 30 अप्रैल, 2 मई, 6 मई और 9 मई को अन्य खेल उसी स्थान पर आयोजित होंगे। इस सीरीज से भारत को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारी में मदद मिलेगी, जो

इस साल सितंबर से अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में आयोजित अंतिम संस्करण के दौरान, भारत सेमीफाइनल में पहुंचा और अंततः चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से 5 रन से हार गया था।

बांग्लादेश के खिलाफ 5 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दयालन हेमलता, सजना सजीवन, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), राधा यादव, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सायका इशाक, आशा शोभना, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु।

भारत टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम- निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर (उप कप्तान), मुर्शिदा खातून, सोभना मोस्टोरी, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, राबेया खान, सुल्ताना खातून, फाहिमा खातून, मारुफा अख्तर, फरिहा इस्लाम त्रिस्ना, शोरिफा खातून, दिलारा अख्तर, रूबिया हैदर झेलिक, हबीबा इस्लाम पिंकी।

पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया : आकाश चोपड़ा

जयपुर । आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान हार्दिक पंड्या अब तक असफल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी वह केवल 10 रन ही बना पाये। वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि उन्हें इस मैच में पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया। उन्हें जल्दी बल्लेबाजी के लिए उतरकर मोर्चे से आगुवाई करने की जरुरत थी पर हैरानी की बात ये रही कि मैच में मुम्बई के विकेट गिरते रहे और पंड्या कभी डगआउट में तो कभी सीट पर बैठते, फिर कभी पुशअप्स मारते और कभी टहलते। फिर जब वह मैदान पर उतरे भी कोई कमाल नहीं कर पाये। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस प्रकार पंड्या एक बार फिर बल्लेबाजी में विफल रहे। इससे पहले उन्होंने 7 पारियों में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 11, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 24, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 34, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 39, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 21, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 2 और पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 रन बनाये थे। इसके बाद पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने एक बार फिर पंड्या पर निशाना साधा है। पठान ने कहा कि आईपीएल में पंड्या की कप्तानी, बल्लेबाजी और गेंदबाजी सभी बेकार रही हैं। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हार्दिक पंड्या की हिटिंग क्षमता कम होती जा रही है। यह एक बड़ी चिंताजनक बात है।

टी20 विश्वकप के लिए यशस्वी की दावेदारी कमजोर हुई

मुम्बई । आईपीएल के ठीक बाद जून में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए कई युवा खिलाड़ी भी दावेदारी में हैं। विश्वकप के लिए एक जून को भारतीय टीम की घोषणा होगी। इसी को देखते हुए चयनकर्ता आईपीएल में भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रख रहे हैं। युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल अब इस आईपीएल सत्र में प्रभवित नहीं कर पाये हैं, ऐसे में उनकी दावेदारी कमजोर हुई और उनकी जगह किसी नये खिलाड़ी को भी जगह मिल सकती है। यशस्वी ने 7 मैच में 17.28 की औसत से 121 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 39 रन रहा है। वहीं शुभमन गिल भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। शुभमन ने 7 मैच में 42.57 की औसत से 298 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 89 रन रहा है। ऐसे में उन्हें भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा। वहीं इस सत्र में धमाके दार प्रदर्शन कर रहे सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा ने अबतक 7 मैच में 36.71 की औसत और 215.96 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाकर प्रभावित किया है। इस दौरान अभिषेक ने तीन अर्धशतक लगाये हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 24 छक्के भी लगाये हैं और वह इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं।। वहीं इस टूर्नामेंट में उनसे ज्यादा 26 छक्के हेनरिक क्लासेन ने लगाये हैं। ऐसे में अगर आगे भी यशस्वी रन नहीं बना पाते हैं तो विश्वक कप के लिए उनकी दावेदारी और कमजोर पड़ जाएगी। ऐसे में अभिषेक को भी अवसर मिल सकता है।

नरेन टी20 विश्वकप के लिए संन्यास से वापसी नहीं करेंगे

-युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया जाना चाहिये

मुम्बई (एजेंसी)। आईपीएल में अपने प्रदर्शन से धूम मचा रहे वेस्टइंडीज के स्पिन ऑलराउंडर सुनील नरेन ने कहा है कि उनकी आगामी टी20 विश्वकप खेलने के लिए संन्यास से वापसी की कोई योजना नहीं है। नरेन ने ये बात वेस्टइंडीज टी20 टीम के कप्तान रोवमैन पॉवेल के उस बयान को लेकर कही है, जिसमें पॉवेल ने नरेन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उनसे टी20 विश्वकप को देखते हुए वापसी का अनुरोध किया था। पॉवेल ने बात इस आईपीएल सत्र में उनके प्रदर्शन को देखते हुए कही थी। इस पर जवाब देते हुए नरेन का कहना है कि अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के अवसर अब उनके लिए हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। साथ ही कहा कि वह उन युवा खिलाड़ियों की इस विश्वकप के लिए दावेदारी का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं।

आम तौर पर देखने में आया है कि आईसीसी टूर्नामेंट आते ही अनुभवी खिलाड़ियों की टीम में वापसी होने लगती है जबकि जो युवा खिलाड़ी लगातार उस फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं उन्हें टीम से बाहर होना पड़ता है। मगर अब सुनील नरेन ने संन्यास से वापसी नहीं करने का फैसला कर युवा खिलाड़ियों का अवसर दिया है। नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मुझे उम्मीद है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से बाहर आने और आगामी टी20 विश्वकप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने आगे लिखा, मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है और हालांकि मैं कभी निराश नहीं होना चाहता पर वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन युवा खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे।

नरेन आईपीएल 2024 में केकेआर की ओर से खेल रहे नरेन जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने टी20 करियर का पहला शतक भी लगाया था। उन्होंने इस सत्र में 40.86 के औसत और 176.54 के स्ट्राइक रेट के साथ 286 रन बनाये हैं जबकि ती गेंदबाजी के दौरान 7 मैचों में 7.11 की इकॉनमी के साथ 9 विकेट भी लिए हैं।

विश्व कुश्ती क्वालीफायर के लिये ट्रायल इसी माह के अंत में होंगे

नई दिल्ली । भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अब अगले माह होने वाले विश्व क्वालीफायर के लिये नये ट्रायल इस माह के अंत या मई के पहले सप्ताह में करायेगा। डब्ल्यूएफआई ने ये कदम एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए ही लिया है। बिश्केक में हुए एशियाई चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उसे 18 में से चार ही कोटा स्थान मिले। ये कोटा स्थान भी सभी महिला पहलवानों को ही मिले हैं जबकि पुरुष पहलवान विफल रहे। विश्व क्वालीफायर मुकाबले नौ मई से तुर्की में होंगे और ये एशियाई क्वालीफायर से अधिक मुश्किल हैं। इसी कारण कठिन डब्ल्यूएफआई ने नये ट्रॉयल का फैसला लिया है। डब्ल्यूएफआई विश्व क्वालीफायर के लिए सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह भी भारतीय पहलवानों के खराब प्रदर्शन से निराश हैं। इसी कारण उन्होंने इस मामले में चयन पैनल से भी बात की है। यह पहली बार हुआ है कि फीस्टाइल में भी भारत को कोटा नहीं मिल पा रहा है।

कोहली के पास 40 गेंदों में शतक बनाने की क्षमता, टी20 विश्व कप में ओपनिंग करें : गांगुली

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को यहां कहा कि दिग्गज विराट कोहली के पास ट्रेविस हेड की तरह 40 गेंदों में 100 रन बनाने की क्षमता हैं और वेस्टइंडीज तथा अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में उन्हें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। कोहली ने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों में 100 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा था। गांगुली ने कहा, 'विराट कोहली में 40 गेंदों में 100 रन बनाने की भी क्षमता है। जैसा कि मैंने शुरुआत में कहा था कि भारत के पास जैसी क्षमता है उसके मुताबिक उन्हें बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरते ही बड़े शॉट लगाने की जरूरत है। फिर देखना चाहिये कि पांच -छह ओवर के बाद क्या होगा।' गांगुली चाहते कि चयन समिति, कोच राहुल द्रविड़ और रोहित टी20 विश्व कप के लिए टीम के

सर्वोत्तम हित में निर्णय लें। वह हालांकि आदर्श रूप से कोहली-रोहित को पारी का आगाज करते देखना चाहते है। भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगर आप मुझसे पूछें और यह सिर्फ मेरी निजी राय है और मैं यह नहीं कह रहा हूं कि चयनकर्ताओं को ऐसा करना चाहिए, क्योंकि टीम संयोजन को लेकर आखिरी फैसला उनका ही होता है।' इंग्लैंड के खिलाफ शानदार घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद क्या यशस्वी जयसवाल के मौजूदा फॉर्म को देखते हुए टी20 विश्व कप में चयन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यशस्वी का दावा कमजोर हुआ है। वह एक विशेष खिलाड़ी हैं।' गांगुली ने कहा कि टी20 विश्व कप का चयन आईपीएल के सिर्फ एक चरण पर आधारित नहीं होना चाहिए। उन्होंने ने कहा, 'आपको हर प्रदर्शन को देखना होगा। एक अच्छी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का संतुलन होता है । भारत के पास कमाल के अनुभवी खिलाड़ी हैं और वे समय के साथ बेहतर हुए है।' उन्होंने कहा, 'इस दृष्टिकोण से टीम में युवाओं का मिश्रण होना चाहिए। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता इतने परिपक्व हैं कि सिर्फ एक आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा, 'शिवम दुबे ने पिछले साल भी अच्छा प्रदर्शन किया था और इस बार भी बेहतरीन खेल दिखा रहे है।

भारतीय टीम मालिक पर लगा श्रीलंकाई लीग में मैच फिक्सिंग का आरोप

अनधिकृत लीजेंड्स क्रिकेट लीग में एक टीम के मालिक और भारतीय नागरिक योनी पटेल पर उनके हमवतन पी आकाश के साथ मैच फिक्सिंग के लिए आरोप तय किए जा रहे हैं। कोलंबो मजिस्ट्रेट अदालत के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को अदालत ने पटेल की जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी और दोनों पर लगाया गया यात्रा प्रतिबंध एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया। इन भारतीयों पर लीजेंड्स क्रिकेट लीग में मैच फिक्स करने की कोशिश करने का आरोप है जिसका आयोजन आठ से 19 मार्च तक मध्य कैंडी जिले के पाल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया गया। फाइनल में राजस्थान किंग्स ने न्यूयॉर्क सुपर स्ट्राइकर्स को हराया। पटेल इस टूर्नामेंट में कैंडी स्वैम्प आर्मी टीम के मालिक हैं। अधिकारियों ने कहा कि मामले के आगे बढ़ने के साथ पंजाब रॉयल्स के मैनेजर आकाश पर भी आरोप तय किए जाएंगे। श्रीलंका के पूर्व एकदिवसीय कप्तान और वर्तमान में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के अध्यक्ष उपुल थरंगा तथा न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी नील बूम ने खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई से पटेल और आकाश द्वारा मैचों को फिक्स करने के लिए लीग में क्षमता से कम प्रदर्शन करने के लिए संपर्क करने की शिकायत की थी। इसके बाद अदालत ने पटेल और आकाश के जांच पूरी होने तक देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया। लीग को ना तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से मान्यता मिली है और ना ही श्रीलंका क्रिकेट से। श्रीलंका खेल में मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार को अपराध की सूची में डालने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश था जब उसने 2019 में इस खतरे के खिलाफ कानून पारित किया था। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। इस कानून के तहत भ्रष्टाचार के लिए संपर्क के बारे में जानकारी देने में विफल रहने पर भी सजा का प्रावधान है।

संजू सैमसन को भारत के अगले टी20 कप्तान के रूप में तैयार किया जाना चाहिए : हरभजन सिंह

मुम्बई (एजेंसी)। जयपुर = संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुंबई इंडियंस (एमआई) पर 9 विकेट से जीत दर्ज की। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा कि राजस्थान के कप्तान को रोहित शर्मा के बाद भारत के अगले टी20 कप्तान के रूप में तैयार किया जाना चाहिए। सैमसन ने 28 गेंदों में 135.71 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 38 रन की पारी खेली।

हरभजन ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ यशस्वी जयसवाल की नाबाद 104 रन की पारी की सराहना की और कहा कि यह युवा इस बात का सबूत है कि 'क्लास स्थायी है'। पूर्व स्पिनर ने कहा कि मेन इन ब्लू टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज को लेकर कोई और बहस नहीं होनी चाहिए और सैमसन को भारत की टी20 विश्व कप 2024 टीम में शामिल किया जाना चाहिए। हरभजन ने कहा, 'यशस्वी जयसवाल की पारी इस बात का प्रमाण है कि क्लास स्थायी है, यशस्वी जायसवाल की फॉर्म अस्थायी है। और कीपर बल्लेबाज के बारे में कोई बहस नहीं होनी चाहिए। संजू सैमसन को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में आना चाहिए और रोहित के बाद भारत के लिए अगले टी20 कप्तान के रूप में भी तैयार होना चाहिए।%

मैच की बात करें तो यशस्वी जायसवाल ने फॉर्म में लौटते ही शतक जड़ा और जयपुर के सवाईं मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में अपनी टीम को आसान जीत दिला दी। जायसवाल जोकि सीजन में अर्धशतक बनाने के लिए तरस रहे थे, ने मुंबई के खिलाफ लय हासिल कर ली और अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक जड़ा। मुंबई ने मुकाबले में पहले खेलते हुए तिलक वर्मा के 65 और नेहल वडेहरा के 49 रनों की बदौलत 179 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान को जायसवाल और बटलर ने मजबूत शुरूआत दी। बटलर जिन्होंने पिछले मुकाबले में शतक जड़ा था, ने इस बार चावला की गेंद पर बोल्ड होने से पहले 35 रन बनाए। इसके बाद जायसवल ने 104 तो राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने 38 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

स्कूल और कॉलेज गैजेट्स पर अमेजन सेल में 80 फीसद डिस्काउंट

-यह सेल चलेगी 27 अप्रैल तक

नईदिल्ली ।

अमेजन पर चल रही बेक टू स्कूल सेल में स्कूल और कॉलेज गैजेट्स पर 80 फीसद तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। यहां से आप प्रिंटर, स्कूल गैजेट्स, असेंशियल्स और टैबलेट्स समेत कई प्रोडक्ट्स खरीद सकते हैं। यहां से आपको कई ब्रांड के टैबलेट्स मिल जाएंगे जो आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं। इन सभी पर एक से बढ़कर एक डिस्काउंट ऑफर किया जा रहा है जिसके बाद इन्हें कम कीमत में घर लाया जा सकता है। इन पर विंज वॉच तो किया जा सकता है और साथ ही स्कूल की क्लासेज भी ली जा सकती हैं। अमेजन सेल में आपको कई बेस्ट टेबलेटस अच्छे फीचर्स के साथ मिल जाएंगे। इनमें वनप्लस , शाओमी, हानर, सेमसंग आदि के ऑप्शन्स मौजूद हैं। यहां हम आपके लिए कुछ अच्छे ऑप्शन्स लाए हैं जो आपको पसंद आ सकते हैं। इसमें 11.35 इंच का बड़ा डिस्प्ले दिया गया है जिसके चलते इसका वीडियो एक्सपीरियंस बढ़िया रहेगा। इसमें डॉल्बी एटमस क्वाड स्पीकर्स दिए गए हैं जो साउंड क्वालिटी को जबरदस्त बनाते हैं। यह वाई-फाई के साथ 4जी एलटीई पर काम करते हैं। इसकी प्रोसेसिंग पावर अच्छी है। 8000 एमएएच की दमदार बैटरी दी गई है।

यह देखने में भी काफी स्टाइलिश है और फीचर्स के मामले में सभी को पीछे छोड़ता है। इसके साथ 1 साल की वारंटी दी गई है। इसे 4.5 यूजर रेटिंग दी गई है। साथ ही 1 साल की वारंटी दी गई है। 33 फीसद डिस्काउंट के साथ इस टैबलेट में स्नैपड्रैगन 870 प्रोसेसर दिया गया है। 11 इंच के डिस्प्ले के साथ इसकी वीडियो क्वालिटी काफी जबरदस्त है। यह 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है। इसकी साउंड क्वालिटी काफी जबरदस्त है।

रिलायंस का टर्नओवर 10 लाख करोड़ आमदनी एक लाख करोड़

- अनंत की आयल टू केमिकल कंपनी का मुनाफा घटा

मुंबई ।

मुकेश अंबानी के समूह वाली कंपनियों का टर्नओवर बढ़कर 10 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। कंपनी की आय भी बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का टर्नओवर 2023-24 में 10 लाख करोड रुपए पर पहुंच गया है। यह देश की पहली सबसे ज्यादा टर्नओवर और सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कंपनी बन गई है। कंपनी की प्री टैक्स आय 1। 79 करोड रुपए रही। रिलायंस ने अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर 10 रूपये लाभांश देने की घोषणा की है। नतीजे के बाद कंपनी के शेयर में इजाफा हुआ। मार्केट कैप 20 लाख करोड़ के ऊपर पहुंच गया है।

2024 में कंपनी के शेयर में अभी तक 14.32 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। रिलायंस कारोबार में सबसे ज्यादा आमदनी आयल तथा गैस के कारोबार से बढ़ी है। इसमें

48 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं रिलायंस रिटेल में 18 फ़ीसदी आय में वृद्धि हुई है। रिलायंस जिओ मे 10.3 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। अनंत अंबानी के समूह वाले आयल टू केमिकल के कारोबार में पिछले वर्ष की तुलना में आय कम हुई है।

कुछ कंपनियों ने ग्राहकों के लिए पेश किए सस्ते मोबाइल फोन

-कुछ मोबाइल फोन पर दिया जाता है तगड़ा ऑफर

नई दिल्ली ।

स्मार्टफोन ग्राहकों के लिए कंपनियां कुछ सस्ते मोबाइल भी पेश करती हैं, और कुछ पर तो ऐसा तगड़ा ऑफर दिया जाता है, जिसे देखकर आप न नहीं कह सकते हैं।

यहां हम जिस फोन पर ऑफर मिलने की बात कर रहे हैं उसे 7,000 रुपये से भी कम दाम पर घर लाया जा सकता है। दरअसल अमेज़न पर मोबाइल ऑफर की भरमार है, और इसी में टेक्नो स्पार्क 20सी को काफी कम दाम पर उपलब्ध कराया जा रहा है।लाइव हुए ऑफर से मालूम हुआ है कि टेक्नो स्पार्क 20सी को 11,999 रुपये के बजाए 6,999 रुपये में खरीदा जा सकता है। बता दें कि ये कीमत बैंक ऑफर को जोड़ने के बाद की है। इस फोन की खास बात इसकी 16जीबी रैम, 50 मेगापिक्सल है। इस स्मार्टफोन में 90 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ 6.6-इंच एचडी+ (720 गुणा 1,612 पिक्सल) एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। यहां डिस्प्ले में सेंटर होल-पंच स्लॉट भी दिया गया है।

इस स्लॉट में डायनामिक पोर्ट भी दिया गया है। जोकि एप्पल के डायनामिक इस्लैंड की तरह है। इसमें नोटिफिकेशन्स देखें जा सकेंगे। साथ ही इसमें 8जीबी वर्चुअल रैम का भी सपोर्ट दिया गया है।

इसकी इंटरनल मेमोरी 128जीबी की है। मेमोरी को कार्ड की मदद से 1टीबी तक बढ़ाया जा सकता है। ये फोन एंड्रॉयड 13 बेस्ड हियोस 13 पर चलता है। कैमरे के तौर पर फोन के रियर में डुअल कैमरा सेटअप दिया गया है। फोन के रियर में 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और एक एआई कैमरा मौजूद है। वहीं फोन के फ्रंट में 8 मेगापिक्सल कैमरा दिया गया है। पावर के लिए इसमें 5,000 एमएएच की बैटरी दी गई है और ये 18वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।कंपनी के मुताबिक इस स्मार्टफोन में डारविन इंजिन दिया गया है। जो यूजर के गेमिंग एक्सपीरिएंस को इंप्रूव करेगा।

इस फोन में 8जबी रैम के साथ मीडियाटेक हेलियो जी36 प्रोसेसर दिया गया है।

ऑल्टो के10 कार के बेस मॉडल की कीमत 4.50 लाख रुपये

-बुलेट की कीमत पर उठा ले आओ ये गाड़ी

नई दिल्ली ।

बेहतरीन कारें बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी ने कम बजट वालों के लिए पिछले साल ही नई ऑल्टो के10 को लॉन्च किया था। कम बजट वालों के लिए इसका बेस मॉडल सबसे किफायती पड़ता है। इस कार के बेस मॉडल की ऑन रोड कीमत करीब 4.50 लाख रुपये तक जाती है। इस कार से आप गर्मी, सर्दी या बरसात तिनों मौसम में बिना रुके आसानी से सफर कर सकते हैं। अगर आप हर मौसम में सुरक्षित रहकर सफर करना चाहते हैं तो एक महंगी बाइक से बढ़िया एक सस्ती कार होगी। ऑल्टो के 10 की ऑन-रोड कीमत तकरीबन 4.50 लाख रुपये है और लगभग इतनी ही कीमत पर रॉयल एनफील्ड सुपर मिटिओर 650 के टॉप मॉडल की ऑन रोड कीमत है। मारुति ऑल्टो के10 का बेस मॉडल खरीदने के लिए अगर आप 1.35 लाख रुपये डाउन पेमेंट करेंगे तो 9 प्रतिशत की ब्याज दर से 7 साल के लिए कार की किस्त 5,000 रुपये महीने के आसपास होगी। इतनी आसान किस्त आप आसानी से भर सकते हैं। नई मारुति सुजुकी ऑल्टो के10 चार वेरिएंट्स में उपलब्ध है, जिनमें एसटीडी, एलएक्सआई, वीएक्सआई और वीएक्सआई प्लास शामिल हैं। सीएनजी वर्जन वीएक्सआई मॉडल के साथ खरीद सकते हैं। टॉप मॉडल की कीमत करीब 6.61 लाख रुपये तक जाती है। इसमें कार में मिलने वाले तमाम फीचर्स हैं। मारुति ऑल्टो के10 में 1.0-लीटर का 3-सिलेंडर के सीरीज पेट्रोल इंजन लगाया गया है, जो अपने माइलेज के लिए जाना जाता है। यह इंजन अधिकतम 66 बीएचपी का पावर आउटपुट और 89 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। इंजन के साथ 5-स्पीड मैनुअल यूनिट और 5-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का ऑप्शन मिल जाता है। यह कार ऑल्टो 800 से ज्यादा पावरफुल भी है। माइलेज की बात करें तो एक लीटर पेट्रोल में यह कार 24 किलोमीटर तक की माइलेज निकाल देती है। वहीं एक किलो सीएनजी में इसकी माइलेज 33 किलोमीटर तक है।

गूगल पिक्सल फोन का नया मॉडल को लाने के लिए तैयार



-लीक हो गई फोटोज़, फीचर्स का खुलासा

नई दिल्ली ।

जानी-मानी गूगल पिक्सल फोन कंपनी अपने नए मॉडल को लाने के लिए तैयार है। गूगल पिक्सल 9 प्रो की कुछ फोटोज़ ऑनलाइन लीक हो गई हैं, जिससे पिक्सल फैंस को हिंट मिल जाएगा कि कंपनी के अगले पिक्सल फोन से क्या उम्मीद की जाए। मालूम हुआ है कि इस साल, कंपनी तीसरा मॉडल - पिक्सल 9 प्रो एक्सएल लॉन्च कर सकती है, जिसका मतलब साफ है कि इस बात गूगल पिक्सल 9, पिक्सल 9 प्रो के साथ एक और फोन जुड़ जाएगा, और इस सीरीज़ पिक्सल 9 प्रो सबसे बड़ा मॉडल नहीं होगा।गूगल पिक्सल 9 प्रो को दोबारा डिज़ाइन किए गए कैमरा लेआउट के साथ दिखाया गया है। फोन में एक पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा होने की भी उम्मीद की जा रही है, जो लीक हुई फोटो में भी देखा गया है। फोटो में देखा जाए तो इसमें से एक फोन के रियर पैनल को ओवल साइज़ के कैमरा के साथ पेश किया गया है।

बता दें कि गूगल पक्सल 8 और पिक्सल 8 प्रो के साइज़ आईफोन 15 जितने छोटे थे। वहीं अब पिक्सल 9 प्रो एक्सएल को लेकर ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि ये ऐपल के टॉप मॉडल आईफोन 15 प्रो मैक्स मॉडल की तरह बड़े साइज़ के साथ आएगा। फोटो के मुताबिक गूगल पिक्सल 9 प्रो माइक्रोन की 16जीबी एलपीडीडीआर रैम और 128जीबी इनबिल्ट स्टोरेज से लैस होगा। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक गूगल पिक्सेल 9 सीरीज़ और आने वाले पिक्सल प्रो फोल्ड सैमसंग मॉडम के सपोर्ट के साथ आ सकते हैं।

पिछली रिपोर्ट में ये भी मालूम कि पिक्सल 9 सीरीज़ सिंपल सा कैमरा मॉड्यूल होगा। रिपोर्ट में आईफोन 15 प्रो मैक्स के बगल में पिक्सल 9 प्रो की एक फोटो भी शेयर की गई है।

जोमैटो से खाना मंगाना हुआ महंगा

नई दिल्ली ।

ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो से खाना मंगाना अब थोड़ा और महंगा पड़ेगा। क्योंकि, कंपनी ने प्लेटफॉर्म चार्ज में 25 प्रतिशत का इजाफा किया है, जिससे यह 1 रुपए बढ़ाकर अब 5 रुपए हो गया है। यह चार्ज हर ऑर्डर पर लगेगा। जोमैटो सालाना करीब 85-90 करोड़ ऑर्डर कैटर करता है। यह उसके टोटल में 5 प्रतिशत की बढ़त करेगा। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में दो रुपए प्लेटफॉर्म चार्ज लेना शुरू किया था। बाद में इसे बढ़ाकर 3 रुपए और जनवरी 1 जनवरी 2024 से 4 रुपए कर दिया था। कंपनी ने 31 दिसंबर 2023 को 9 रुपए प्लेटफॉर्म फीस के रूप में ग्राहकों से चार्ज किया था।



21 अप्रैल को 4,71,751 यात्रियों ने हवाई सफर किया

नई दिल्ली । घरेलू हवाई यातायात 21 अप्रैल को नए मुकाम पर पहुंच गया। उस दिन रिकॉर्ड 4,71,751 यात्रियों ने हवाई सफर किया। आधिकारिक आंकड़ों से यह बात सामने आई है। रविवार को हवाई यातायात कोविड-पूर्व की औसत संख्या 3,98,579 यात्रियों से 14 प्रतिशत अधिक रहा। नागर विमानन मंत्रालय से जारी आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू हवाई यात्रियों की कुल संख्या 21 अप्रैल (रविवार) को 4,71,751 रही जबकि इस दौरान कुल 6,128 उड़ानें संचालित की गईं। यह संख्या 21 अप्रैल, 2023 को दर्ज किए गए 4,28,389 यात्रियों और 5,899 उड़ानों के घरेलू हवाई यातायात से अधिक है। मंत्रालय ने पोस्ट में कहा कि भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र 'हर दिन एक नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। मंत्रालय ने कहा, भारत में घरेलू विमानन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। यह ठोस नीतियों, आर्थिक वृद्धि और कम लागत वाली एयरलाइंस के विस्तार जैसे कारकों से प्रेरित है। जैसे-जैसे हवाई यात्रा तक अधिक लोगों की पहुंच होगी, इस क्षेत्र के आगे बढ़ने की उम्मीद बनी हुई है। पिछले हफ्ते विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने कहा था कि जनवरी-मार्च तिमाही में घरेलू एयरलाइंस से 391.46 लाख यात्रियों ने सफर किया जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह संख्या 375.04 लाख थी।

जेएनके इंडिया का आईपीओ खुला

मुंबई । साउथ कोरियाई कंपनी जेएनके ग्लोबल की सहायक कंपनी जेएनके इंडिया का आईपीओ मंगलवार को आम निवेशकों के लिए खुल गया है। कंपनी की ओर से इश्यू के जरिए 649.47 करोड़ रुपये जुटाए जा रहे हैं। इसमें 300 करोड़ रुपये का फ्रैश इश्यू है। वहीं, 349.47 करोड़ रुपये का ओएफएस शामिल है। आईपीओ 23 से लेकर 25 अप्रैल तक आम निवेशकों के लिए खुला रहेगा। जेएनके इंडिया आईपीओ का लॉट साइज 36 शेयरों का निर्धारित है। जेएनके इंडिया आईपीओ में निवेशकों को ऑलटमेंट 26 अप्रैल को मिलेगा। जेएनके इंडिया आईपीओ में जिन निवेशकों को अलॉटमेंट नहीं मिलेगा। 29 अप्रैल तक उनके खाते में रिफंड क्रेडिट हो जाएगा। शेयर की लिस्टिंग एनएसई और बीएसई पर 30 अप्रैल को होगी। वित्त वर्ष में कंपनी की आय 253.39 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी ने 46.21 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। वहीं, कंपनी की वित्तीय स्थिति भी काफी अच्छी है। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। कंपनी की ऑर्डर बुक 845 करोड़ की है जो दिखाता है कि कंपनी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेगी। 43 की पीई के साथ आईपीओ फेयर वैल्यू पर मिल रहा है। निवेश लंबी अवधि का नजरिया रखते हुए इसमें निवेश कर सकते हैं।

टेस्ला कार यूजर्स को मिलेगा इंटीग्रेटेड एक्सपीरियंस

-कार कंपनी मालिक एलन मस्क का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली । इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने कहा कि टेस्ला कार यूजर्स को जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के साथ एक इंटीग्रेटेड एक्सपीरियंस मिलेगा। एलन मस्क से एक फॉलोअर ने पूछा था कि क्या हम एक्स ऐप को टेस्ला कारों में इंटीग्रेट कर सकते हैं, तो अरबपति मस्क ने कहा- ÷जल्द ही आ रहा है। इसका मतलब है कि इलेक्ट्रिक कार मालिक टेस्ला यूजर इंटरफेस में एक सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए एक्स का उपयोग कर सकेंगे। एक मस्क फॉलोअर ने पूछा, यह सचमुच अच्छी खबर है। फिलहाल, मैं फुल-सेल्फ ड्राइविंग पर बिना किसी परेशानी के अपने आईफोन पर एक्स नोटिफिकेशन नहीं पढ़ सकता। देशी इकोसिस्टम इंटीग्रेशन कहीं बेहतर होगा। एक्स के लिए टेस्ला यूआई कैसा दिखेगा? हालांकि, कुछ लोगों को यह विचार पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी मांग की कि मस्क ग्रोक एआई को टेस्ला कारों में भी इंटीग्रेट करें। एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, इंजीनियरिंग टाइम की बर्बादी है। ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे कोई भी गाड़ी चलाते समय एक्टिव रूप से एप्लिकेशन का उपयोग कर सके और टाइपिंग के मामले में इसका उपयोग करना मुश्किल है क्योंकि पीठ को बहुत अजीब तरीके से मोड़ना पड़ता है। मस्क के एक फॉलोअर ने टिप्पणी की, टेस्ला फ्लीट के अंदर ग्रोक को भी मत भूलना।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदादारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी जमकर खरीदारी हुई। इसके अलावा रियल्टी, एफएमसीजी और आईटी इंडेक्स बढ़त में भी बढ़त रही। इसके साथ ही वाहन और इंफ्रा शेयरों में भी खरीदारी दर्ज की गयी जबकि दवा, धातु और उर्जा शेयरों पर दबाव आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 89.83 अंक करीब 0.12 फीसदी बढ़कर 73,738.45 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 31.60 अंक तकरीबन 0.14 फीसदी ऊपर आकर 22,368 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान ग्रेसिम इंडस्ट्रीज , भारतीय एयरटेल , नेस्टले इंडिया, मारुति सूजुकी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं सन फार्मा, बीपीसीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एमएंडएम और हिंडाल्को के शेयरों को नुकसान हुआ। इससे पहले गत कारोबारी दिन भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 411.27 अंक चढ़कर 74, 059.89 पर और निफ्टी 111.15 अंक बढ़कर 22,447.55 पर पहुंच गए। आज लगातार तीसरे सत्र में बाजार बढ़त पर रहा। शेयर बाजार में बीते दो दिन से तेजी का सिलसिला रहने से निवेशकों की संपत्ति 4.97 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी है। . वैश्विक बाजारों में तेजी से ये बढ़त आई है। वहीं शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) गत दिवस 2,915.23 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे। वहीं अंतराष्ट्रीय बाजारों की बात करें तो एशियाई और युरोपीय बाजार में भी तेजी रही।

एयरटेल का नया इंटरनेशनल रोमिंग पैक लॉन्च

-133 रुपये में इंटरनेट रोमिंग मिलेगी, सिम मिलेगी फ्री

नईदिल्ली ।

दूरसंचार क्षेत्र की कंपनी एयरटेल ने नए इंटरनेशनल रोमिंग पैक को लॉन्च किया गया है। यह प्लान विदेश घूमने वाले यूजर्स के लिए है। इनका टैरिफ प्लान 133 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से शुरू होता है। इस प्लान में विदेशी सिम बेहद कम कीमत में खरीदा जा सकता है।

इसके अलावा इन पैक्स में बेहतर डेटा बेनिफिट्स मिलते हैं। इसमें इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी मिलती है। किन देशों में लाइव हुए पैक एयरटेल के नए पैक को कुल 184 देशों में रोलआउट कर दिया गया है। यह प्लान रोजाना के 133 रुपये प्रतिदिन चार्ज से लागू होता है। इस प्लान में यूजर्स को फ्री लोकल सिम मिलता है। अगर आप दुनिया में कहीं भी यात्रा करने के प्लान बना रहे हैं तो यह एक शानदार प्लान साबित हो सकता है, जो एक ही पैक में दुनियाभर में शानदार कनेक्टिविटी ऑफर करता है। इसमें बार-बार सफर करने के लिए एक ऑटो रिन्यूअल सुविधा मिलती है, जिसमें पैक को कई बार खरीदने की जरुरत नहीं होती है। यूजर्स एयरटेल थैंक्स ऐप से इस सर्विस का लुत्फ उठा सकते हैं। एयरटेल के 195 रुपये वाले पोस्टपेट प्लान 24 घंटे की वैधता के साथ आता है। प्लान में 250एमबी डेटा के साथ 100

मिनट आउटगोइंग कॉल की सुविधा मिलती है। साथ ही 100 आउटगोइंग एसएमएस की सुविधा मिलेगी। प्लान में 1 जीबी डेटा के साथ 100 मिनट आउटगोइंग कॉलिंग की सुविधा मिलती है। इसके अलावा 100 एसएमएस आउटगोइंग एसएमएस दिए जाएंगे।एयरटेल के 295 रुपये वाले प्लान में 24 घंटे की वैधता मिलती है। प्लान में 500एमबी डेटा के साथ 100 मिनट आउटगोइंग एसएमएस की सुविधा मिलती है। इसके अलावा 100 एसएमएस आउटोगोइंग एसएमएस की सुविधा मिलेगी।एयरटेल के 595 रुपये वाले प्लान में 24 घंटे की वैधता मिलेगी।

आ गया मुकेश अंबानी के बच्चों का रिपोर्टकार्ड

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने अपने चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया। कंपनी के मुनाफे में 13.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ग्राहकों की संख्या में लगातार वृद्धि के कारण यह मुमकिन हुआ। जनवरी-मार्च तिमाही के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 53.37 अरब रुपये हो गया। पिछले साल की समान अवधि में यह 47.16 अरब रुपये था।पैरेंट कंपनी रिलायंस के परिणामों के साथ जियो के प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व और ग्राहक बढ़ोतरी के आंकड़ों का खुलासा होगा। पांच विश्लेषकों का अनुमान है कि जियो ने जनवरी-मार्च की अवधि में 70 लाख से 1.4 करोड़ ग्राहकों को आकर्षित किया। यह पिछले साल के अंत में 47.09 करोड़ के अपने ग्राहक आधार का विस्तार करता है। तिमाही के दौरान जियो के ऑपरेशन से होने वाले रेवेन्यू में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़कर 259.59 अरब रुपये तक पहुंच गया। जबकि इसके कुल खर्च में थोड़ी धीमी गति से 10.2 फीसदी की वृद्धि हुई। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, तीन विश्लेषकों ने राजस्व के 258 अरब रुपये और 261.29 अरब रुपये के बीच रहने का अनुमान लगाया था।

महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड में 150 करोड़ रुपये फ्रॉड

मुंबई । महिंद्रा ग्रुप की फाइनेंस कंपनी महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड में 150 करोड़ रुपये फ्रॉड पकड़ा गया है। ये फ्रॉड कंपनी की नॉर्थ ईस्ट रीजन की शाखा में हुआ है। फ्रॉड सामने आने के बाद कंपनी ने अपने चौथी तिमाही के नतीजे टाल दिए हैं। इसके साथ ही कंपनी ने मंगलवार को होने वाली बोर्ड बैठक को भी टाल दिया है। महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विसेज की ओर से जानकारी में कहा गया कि मार्च 2024 की तिमाही के नतीजे जो कि 23 अप्रैल को घोषित होने थे। उन्हें टाला जा रहा है। साथ ही मंगलवार को होने वाली बोर्ड बैठक भी फिलहाल नहीं होगी। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी में बताया कि कंपनी की नॉर्थ ईस्ट शाखा में रिटेल वाहन लोन से जुड़ा एक मामला पकड़ा गया है। कंपनी द्वारा वितरित रिटेल वाहन लोन के संबंध में धोखाधड़ी में केवाईसी दस्तावेजों की जालसाजी शामिल थी, जिससे कंपनी के धन का गबन हुआ। फिलहाल कंपनी इस मामले की जांच कर रही है। इस फ्रॉड का अनुमानित आकार 150 करोड़ रुपये तक हो सकता है। कंपनी की ओर से कहा गया कि मामले सामने के कारण कंपनी द्वारा 23 अप्रैल को घोषित किए जाने वाले चौथी तिमाही के नतीजे टाले जा रहे हैं। साथ ही इस दिन होने वाली बोर्ड बैठक को भी फिलहाल के लिए टाला जा रहा है।

सुतियाम्बे गढ़ में मनाल गेलक महाराजा मदरा मुंडा कर जयंती

रांची। महाराजा मदरा कर एतिहासिक गढ़ सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ कर आसपास सउब धार्मिक चिन्हा में भेड़ा, बकरा आउर मुर्गा कर बलि देइ के गोटे बिधि बिधान, ढोल नगड़ा कर संगे चैत पूर्णिमा जयंती धूमधाम से मनाल गेलक। महाराजा मदरा मुंडा कर जयंती भी मनाल गेलक। इकर में, हेसातू, रातू, हेसालुंग, मैकलुस्कीगंज, चुड़ी टोला, उपर कोनकी, चुड़ी बस्ती, बुढ़मू सोसई टोला, नगड़ा, चिलदाग सोसो, हेसल गोन्दली पोखर, ओखरगढ़ा, पुसू, बुकरू, कोकदोरो, कांके रोड, मुरूम, होचर, बालू आदि गांवमन से महिलामन आउर पुरुस भारी संख्या में सामिल होलयं।

महाराजा मदरा मुंडा चैत पुर्णिमा पूजा समिति कर अध्यछ अरविंद पहान कहलयं कि? आदिवासी समाज आदिकाल से बलि प्रथा कर परंम्परा के निभाते आय हयं। आइज भी महाराजा मदरा मुंडा कर जयन्ती में सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ कर आसपास सउब धार्मिक अस्थलमन में गोटे बिधि बिधान, ढोल नगड़ा कर संगे पूजा पाठ करल जायेला। भेड़ा, बकरा आउर मुर्गा कर बलि देइ के पूजा संम्पन्न कराल गेलक।

मुध संरछक लक्ष्मीनारायण मुंडा कहलयं कि महाराजा मदरा मुंडा कर जयन्ती गोटे आदिवासी समाज में रिझ-रंग, ढोल-नगड़ा कर संगे मनाल गेलक। ऊ कहलयं कि आवेक वाला बछर में इकर से भी भव्य रूप मनाल जाई।

संरछक शहदेव मुंडा कहलयं की आइज कर युवामन के हमिन कर बीर महापुरूसमन कर इतिहास के जानेक कर जरूरत हेके। महाराजा मदरा मुंडा आपन सासन काल में पड़हा बेवस्था के बनाय रहयं, ताकि आदिवासी समाज एक संगे संगठित होए के रइह सकयं।

ई कार्जक्रम में पड़हा राजा उज्ज्वल पहान, मुखिया लाला महली, साधु मुंडा, रंजन पहान, राजेश पहान, शिवधन मुंडा, श्यामलाल पहान, रामेश्वर पहान, सोनू मुंडा, जगदीश पहान, सधन उरांव, डब्ल्यू मुंडा, दरिद्र चन्द्र मुंडा, मनीष मुंडा, अनिल कच्छप, शिवरतन मुंडा, सुनील होरो संजू देवी अन्य मौजूद रहयं।

धूमधाम से मनाल गेलक प्राकृतिक परब सरहुल

बैगा करलयं सरई फूल कर बितरन

गुमला। चैनपुर परखंड में मंगलवार के धूमधाम कर संगे प्रकृति परब सरहुल मनाल गेलक। ई अवसर में सरना स्थल में रवि बैग बिधिवत पूजा अर्चना करलयं। पूजा कर बाद सउब सरना धर्मावलंबीमन में बैगा सरई फूल कर बितरन करलयं।

रवि बैगा कहलयं कि सरहुल झारखंड कर परमुख परब हेके, जेके आदिवासी कर संगे सउब वर्ग कर अदमीमन मिइल जुइल के धूमधाम से मनायंना। सरहुल प्रकृति से प्रेम कर प्रतीक हेके। जनजातीय आउर समान समुदाय कर अदमी सरहुल से पहिले खेतमन में बीज नई बोयना। सरहुल में गांव कर बैगइपाहन-पुजारी गांव कर भलाई आउर सुख समृद्धि ले बिभिन्न अनुष्ठान करयंना। बढ़िया फसल ले बेस बारिस कर प्रार्थना करयंना।

ई दौरान भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल कर अध्यछ मनोहर बड़ाईक, महामंत्री बुधराम नायक, युवा मोर्चा अध्यछ भूषण बैगा, उपाध्यछ शिवम केशरी, राजन पाण्डे, रविरंजन, निखिल सिंह, सुरेंद्र कुमार, चैनपुर मुखिया सोभा देवी, संदीप कुमार, कोमल बैगा, त्रिलोकी कुमार, विनय बैगा, संतोष केशरी, निरंजन साहू, भरत कुमार, खुशवंत बैगा, सूबेदार उरॉव, सूरज कुमार, सुंदरम कुमार संगे ढेइरे गनमान्य बेक्ति उपस्थित रहयं।

सरहुल परब पंचांग कर अनुसार चैत्र माह कर पूर्णिमा कर दिन मनाल जायेला। ई दौरान खानपान कर भी खास धेयान राखल जायेला। ई दौरान प्रसाद में जो ब्यंजन देवल जायेला, उनके हड़िया आउर डिआंग कहल जायेला। ई प्रसाद चउर, पानी आउर गछ कर पत्तई से तैयार होवेला। एहे लखे 'बैगा' भी परोसल जायेला। इकर बाद खड्डी कर सेवन करल जायेला, मकिल ई ब्यंजन राइत में खाल जायेला। सरहुल में पत्तई वाला सब्जी, कंद, दाइल, चउर, बीज, फल, फूल, पत्तई आउर खुखड़ी कर ब्यंजन बनेला।

सिभिल सेवा में सफल हर्षिता चामरिया आउर अमन अग्रवाल होलयं सम्मानित

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा देलयं सम्मान

रांची। सिविल सेवा-2023 कर परीछा में सुश्री हर्षिता चामरिया (रांची) आउर अमन अग्रवाल (चाईबासा) सफलता हासिल करलयं। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा उनके 23 अप्रैल के सम्मानित करलयं। अध्यछ विनीता सिंघानिया कहलयं कि गोटा मारवाड़ी समाज के ईमन गौरवान्वित कइर हयं।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा कर दन से सुभकामना आउर बधाई देल गेलक। महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित कार्जक्रम में सुश्री हर्षिता चामरिया आउर अमन अग्रवाल के मोमेंटो आउर अंगवस्त्र देइ के सम्मानित करल गेलक। उनकर आयो-आबा के भी सम्मानित करल गेलक।

कार्जक्रम में अध्यछ विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल मौजूद रहयं। ई जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल देलयं।

डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक इस्कूल में गीता पाठ प्रतिजोगिता आयोजित

रांची। डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक इस्कूल, वेस्ट एंड पार्क हेहल में गीता पाठ प्रतिजोगिता कर आयोजन 23 अप्रैल के करल गेलक। कार्जक्रम कर आयोजन श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोस्ठ झारखंड कर दन से करल जाय रहे। प्रतिजोगिता कर मुध गोतिया कर तौर में डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक इस्कूल कर प्राचार्या रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड कर युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोस्ठ झारखंड कर संयोजक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी शुभम चौधरी रहयं।

ई गीता पाठ प्रतिजोगिता कार्जक्रम के सफल बनाएक में इस्कूल कर संस्कृत सिछिका संगीता समादार, शैफाली मल्होत्रा, सुषमा ठाकुर कर भरपूर सहजोग रहे। ई प्रतिजोगिता कर उद्देस छउवामन कर बीच गीता कर उचित गेयान के बढ़ाएक रहे।

श्रीमद भागवत गीता भारत कर सउब प्राचीन योग आउर गेयान कर निचोड़ आउर समन्वय हेके। गीता वास्तव चरित्र निरमान कर सउबसे बड़ आउर उत्तम सास्त्र हेके। जीवन में बढ़ेक वाला तनाव के कम करेक कर बिधि भी गीता हेके। ई अवसर में छउवामन गीता कर कई स्लोक आउर अध्यायमन के पइढ़ के उकर बिस्लेसन भी करलयं। गीता पाठ में भाग लेवेक वाला सउब बिद्यार्थीमन के पुरस्कार देइ के पुरस्कृत करल गेलक।

सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में निःसुल्क हृदय रोग जांच सिबिर 26 अप्रैल के

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल कर सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव राठी देबयं सेवा

रांची। सीसीएल कर गांधीनगर केन्द्रीय अस्पताल, रांची में 26 अप्रैल, 2024 के बिहाने 9 बजे से निःसुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय सिबिर (कार्डियक क्लिनिक) कर आयोजन करल जाय हे। ई चिकित्सीय सिबिर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, नई दिल्ली कर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजमन कर जांच कइर के चिकित्सीय सलाह देबयं।

निःसुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सिबिर कर सउब झारखंडवासी लाभ उठाय सकयंना। मरीज कर जगन यदि पुरना इलाज कर रिपोर्ट /जांच कर पेपर होवी तो उके जरुर आपन संगे लानेक हय।

सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी कर मार्गनिर्देसन में सीसीएल आपन कर्मीमन आउर हितधारकमन कर संगे-संगे समाज कर हर बर्ग ले चिकित्सा सेवा मुहैया कराएक ले कृतसंकल्पित हयं। इकर ले सीसीएल बट से समय-समय में देस कर ख्याति प्राप्त बिसेसग्य चिकित्सकमन के आमंत्रित करल जायेला। बिभिन्न बीमारीमन से संबंधित स्वास्थ्य सिबिर कर आयोजन करल जायेला, जेकर से जरूरतमंद परिवारमन के गंभीर बीमारी कर अत्याधुनिक इलाज कर सुबिधा उनकर घर कर नजिक में मिइल सके। बेसी से बेसी अदमी लाभान्वित होवे पारे।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका

सलाहकार संपादक : रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com